ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 18 जून 2024
वर्ष 5, अंक 84, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया 15
सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे सनी देओल 16

# दार्जिलिंग में मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को मारी टक्कर, 15 की मौत, 41 घायल

## हादसे में जान गंवाने वालों में 13 यात्री व दो रेल कर्मचारी, एक्सप्रेस ट्रेन के तीन कोच पटरी से उतरे

कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार सुबह एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे 15 लोगों की मौत हो गई और 60 लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि मृतकों में मालगाड़ी का चालक और यात्री ट्रेन का गार्ड शामिल है। दुर्घटना में घायल हुए लोगों को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि उत्तर बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से लगभग 30 किलोमीटर दूर रंगापानी स्टेशन के पास ही मालगाड़ी के इंजन द्वारा पीछे से टक्कर मारे जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डब्बे पटरी से उतर गए।

मंत्रालय ने कहा कि अप लाइन को ठीक करते हुए उस पर ट्रेन परिचालन शुरू कर दिया गया है। साथ ही कहा कि डाउन लाइन को भी जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा। त्रिपुरा के अगरतला से पश्चिम बंगाल के सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस डाउन लाइन पर थी और कोलकाता से लगभग 600 किलोमीटर दूर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास एक मालगाड़ी ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। सड़क संकरी होने की वजह से वह कुछ दूरी तक बाइक से भी गए। रेल मंत्री ने कहा कि कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारणों की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने शुरू कर दी है।

### मृतकों के परिजनों को देगा 10 लाख मुआवजा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने इस दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 2.5-2.5 लाख रुपये देने की घोषणा की है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो दो लाख तथा 50-50 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की है। यह राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दी जाएगी।




पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के जलपाईगुड़ी के पास हुए भीषण ट्रेन हादसे में मालगाड़ी के इंजन पर कंचनजंघा एक्सप्रेस की बोगी चढ़ गई। ● एजेंसी

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी ने ट्रेन दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त कर रेल मंत्रालय के घोर कुप्रबंधन के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना की। खरगे ने कहा दुर्घटना के दृश्य हृदय विदारक हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि मोदी सरकार के कुप्रबंधन और लापरवाही का प्रत्यक्ष परिणाम है।

### मालगाड़ी को सिग्नल पार करने की थी अनुमति

आंतरिक दस्तावेज़ों से पता चला कि मालगाड़ी को सभी लाल सिग्नलों को पार करने की अनुमति दी गई थी क्योंकि स्वचालित सिग्नलिंग विफल हो गई थी। रेलवे के एक सूत्र ने बताया कि दस्तावेज, टीए 912 नामक एक लिखित प्राधिकार, मालगाड़ी के चालक को रानीपत्रा के स्टेशन मास्टर द्वारा जारी किया गया था, जिसमें उसे सभी लाल सिग्नल पार करने के लिए अधिकृत किया गया था।

# रायबरेली सीट रखेंगे राहुल, वायनाड से चुनाव लड़ेंगी प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट छोड़ने की सोमवार को घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वायनाड सीट से पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल व अन्य नेता उपस्थित थे।

राहुल ने यह घोषणा करते हुए कहा कि उनके लिए यह निर्णय कोई आसान नहीं है। उनका रायबरेली और वायनाड दोनों निर्वाचन क्षेत्र से भावानात्मक रिश्ता है और वह वायनाड का दौरा करते रहेंगे। प्रियंका ने राहुल के इस निर्णय पर खुशी जताई है। राहुल गांधी 18वीं लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट, दोनों जगहों पर चुनाव लड़े थे और दोनों सीटों पर विजयी हुए थे। नियम के अनुसार किसी व्यक्ति को एक समय में लोकसभा में किसी एक सीट का ही प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है।



● सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में लिया गया निर्णय

### बहुत खुश हूं : प्रियंका

प्रियंका वाड्रा ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व कर सकूंगी। मुझे नहीं लगता कि वहां के लोगों को राहुल गांधी की कमी महसूस होगी क्योंकि जैसा कि उन्होंने कहा कि वह बीच-बीच में आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी मेहनत के साथ वायनाड के लोगों की सेवा करने और उन्हें खुश रखने का प्रयास करेंगी। रायबरेली से मेरा पुराना रिश्ता है वहां मैंने पिछले 20 साल से काम किया है। उन्होंने कहा कि रायबरेली और अमेठी से उनका रिश्ता टूट नहीं सकता और यह कायम रहेगा।

## एक नजर

### बांदीपोरा में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने रविवार रात जिले के अरागाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान जारी था।

### येदियुरप्पा से पॉक्सो मामले में पूछताछ

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सीआईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा से पॉक्सो कानून के तहत उनके खिलाफ दर्ज एक मामले के संबंध में सोमवार को तीन घंटे तक पूछताछ की। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 14 मार्च को दर्ज मामले के संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेता की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी थी। पुलिस के मुताबिक, 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत के आधार पर येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### झारखंड में पुलिस मुठभेड़ में चार माओवादी ढेर

**झारखंड।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सोमवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। यह मुठभेड़ टोंटो और गोइलकेरा इलाके में हुई। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता और महानिरीक्षक (अभियान) अमोल वी होमकर ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दो माओवादी को गिरफ्तार भी किया गया है।

# प्रदेश में लू का कहर, 78 की मौत

संवाददाता, बरेली

- बुंदेलखंड में 32, कानपुर में 20 लोगों ने हीट स्ट्रोक से तोड़ा दम
- उत्तर प्रदेश में सबसे गर्म रहा प्रयागराज, तापमान 47.6 डिग्री

**अमृत विचार :** लू और हीट स्ट्रोक से सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में 78 लोगों की मौत हो गई। कुछ लोगों को हालत गंभीर होने पर अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वहीं सर्वाधिक मरने वालों में कानपुर और बुंदेलखंड के आसपास के लोग शामिल हैं। प्रदेश में एक बार फिर से सोमवार को प्रयागराज सबसे गर्म जिला रहा, अधिकतम तापमान 47.6 दर्ज किया गया। यहां भी लू और गर्मी से 15 लोगों की मौत हो गई है।

कानपुर, बुंदेलखंड और आसपास के जिलों में 63 लोगों की मौत हो गई। बुंदेलखंड में 32 ने लू व हीट स्ट्रोक से दम तोड़ दिया। कानपुर में 20, कानपुर देहात में 1 और औरैया में 2, उन्नाव में 3 व फतेहपुर 5 तो हमीरपुर में 17, महोबा और उरई में 3-3, चित्रकूट में 8 व बांदा में 1 व्यक्ति की मौत हो गई।

हालांकि जिला प्रशासन लू से मौत होने से इंकार किया है। कन्नौज में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस रहा। कानपुर में अधिकतम पारा 45.8 डिग्री सेल्सियस रहा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं प्रयागराज और आसपास में गर्मी और लू से 15 लोगों की मौत हो गई। इसमें आठ प्रयागराज, पांच कौशांबी और प्रतापगढ़ के दो लोग हैं। कई लोगों इमरजेंसी वार्ड में भर्ती है। सोमवार को प्रयागराज एक बार फिर प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा। अधिकतम 47.6 व न्यूनतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| प्रयागराज | 47.6C |
| लखनऊ : | 46C, |
| अयोध्या : | 44C, |
| कन्नौज : | 46.2C, |
| कानपुर : | 45.8C, |
| फतेहपुर : | 46.2C |
| बरेली : | 44.5C |
| मुरादाबाद : | 45C, |

# थाने में भूख-प्यास से युवक की मौत थाना प्रभारी और सिपाही निलंबित

संवाददाता, एटा

- मारपीट में तीन लोगों को पकड़कर लाई थी पुलिस
- रातभर भूखा प्यासा हवालात में रखने का आरोप

**अमृत विचार :** मारपीट के मामले में पकड़कर थाने लाए गए तीन लोगों में से एक की भूख प्यास के चलते हालत बिगड़ने से मौत हो गई। एसएसपी ने थानाध्यक्ष और आरक्षी लिपिक को निलंबित कर दिया है।

क्षेत्र के गांव दलशाहपुर निवासी देवेन्द्र सिंह सैनी (34) पुत्र मुन्नालाल सैनी सिलाई और बैण्ड-बाजे का काम करता है। गांव का मुहम्मद हुसैन (22) पुत्र इस्लाम भी उसके साथ बैण्ड बाजे का काम करता है। देवेन्द्र की दुकान पर राकेश कुमार पुत्र रनवीर सिंह सिलाई करता था। देवेन्द्र के मुहम्मद हुसैन पर पांच हजार रुपए उधार थे। रविवार की रात दोनों में रुपयों को लेकर विवाद हो गया तो मुहम्मद हुसैन ने देवेन्द्र के मुंह और नाक में घूंसा मारकर चोटिल कर दिया।

किसी ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस देवेन्द्र, मुहम्मद हुसैन के साथ राकेश को भी थाने ले आई और हवालात में बंद कर दिया। इस दौरान खाने को कुछ नहीं मिला। सोमवार सुबह भी खाने को कुछ नहीं दिया गया। भूखा प्यासा राकेश चक्कर खाकर हवालात में गिर गया। उसे निधौलीकलां सीएचसी ले जाया गया जहां से डाक्टर ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया।

> लापरवाही बरतने पर प्रभारी निरीक्षक जेपी अशोक और आरक्षी लिपिक को निलंबित किया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। - **राजेश कुमार सिंह**, एसएसपी

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बाइक में लगी आग, तीन की मौत

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** टूटे पड़े बिजली के हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर भाई, बहन और भांजे की जलकर मौत हो गई है, जबकि मां और भांजी झुलसकर गंभीर घायल हो गई हैं। ये पांचों एक ही बाइक पर सवार होकर पीलीभीत जा रहे थे। पीलीभीत के थाना सेहरामऊ के ग्राम बहादुरपुर निवासी बबलू की शादी दो जुलाई को है, वह अपनी मां बिंदिया (55) के साथ बाइक से बहन मंजू (35) पत्नी सोनेलाल को विदा कराने नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लोनिपुरवा गया था। सोमवार को वह बहन मंजू, भांजी खुशी (2), भांजा अनमोल (5) को बाइक पर बैठाकर घर वापस जा रहा था। बताया जाता है कि सीतापुर ब्रांच बड़ी नहर पर ग्राम हेमपुर के पास टूटे पड़े 11 हजार की लाइन के तार पर उनकी बाइक चढ़ गई, जिसके करंट से बाइक में आग लग गई। बाइक के गिर जाने से पांचों लोग फंस गये, घटना में बबलू, मंजू देवी और अनमोल की जलकर मौत हो गई है।

# चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन ट्रिप, बिजली संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### पावर ग्रिड की लाइन ठप

- दोपहर में ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र समेत पश्चिमी उप्र के शहरी इलाकों में आपात बिजली कटौती

**अमृत विचार :** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन की 800 केवी चंपा-कुरुक्षेत्र एचवीडीसी बाई-पोल लाइन के दोपहर में बंद हो जाने से उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के राज्यों में बिजली संकट गहरा गया। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से ली जा रही करीब ढाई हजार मेगावाट बिजली बंद हो गई। इससे प्रदेश में बिजली की उपलब्धता अचानक घट गई। ग्रिड को बचाने के लिए प्रदेश में करीब डेढ़ घंटे तक ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहरी इलाकों में लगातार आपात बिजली कटौती की गई। पावर कारपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार हाईटेंशन लाइन चालू होने पर जैसे-तैसे स्थिति काबू में की गई।

कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर एक बजकर 55 मिनट पर चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन में उस वक्त खराबी आ गई जब इसमें 4200 मेगावाट बिजली प्रवाहित हो रही थी। इस लाइन में खराबी के आने के कारण पावर ग्रिड की 765 केवी आगरा-अलीगढ़ व उरई-अलीगढ़ लाइनों में भी खराबी आ गई। इससे प्रदेश को मिलने वाली करीब ढाई सौ मेगावाट बिजली आपूर्ति बंद हो गई। इसी कारण 660 मेगावाट क्षमता की ललितपुर इकाई भी ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली उपलब्धता बुरी तरह प्रभावित हुई।

बिजली लाइनों में अचानक हुई ट्रिपिंग के कारण उत्तरी रीजन में लगभग 16,500 मेगावाट का बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ। इसे राजस्थान का लगभग 4200 मेगावाट सोलर उत्पादन भी प्रभावित हुआ। एनटीपीसी की सिंगरौली स्थित 500 मेगावाट की दो इकाइयों व टांडा की 110 मेगावाट की चार इकाइयों में भी बिजली उत्पादन ठप हो गया। चंपा कुरुक्षेत्र लाइन के चालू होने पर स्थिति काबू में की गई। पर सूत्रों कहना है कि बिजली उत्पादन इकाइयों में उत्पादन प्र प्रभावित होने के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना हुआ है। प्रदेश में 30,163 मेगावाट अधिकतम बिजली मांग दर्ज की गई। इस बीच, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि राज्य के उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति दिये जाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं, जो भी व्यवधान आ रहे हैं, उन्हें तत्काल ठीक किया जा रहा है।

# किसानों के खाते में आज आएंगे 20 हजार करोड़

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वाराणसी पहुंचेंगे। इस दो दिवसीय दौरे में वह सेवापुरी विधानसभा स्थित मेंहदीगंज में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। नरेंद्र मोदी काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। साथ ही दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। मोदी वहां डीबीटी के माध्यम से लगभग 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की 30,000 महिलाओं को प्रमाण पत्र भी देंगे। भाजपा ने किसान सम्मेलन में 50 हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है।



# हर जिला रेंज और जोन स्तर पर भी शुरू हो जनता दर्शन

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद लखनऊ और गोरखपुर में जनता दर्शन कर आमजन की समस्याओं को सुन रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब इस कार्यक्रम को जिला स्तर पर भी आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को जारी एक निर्देश में योगी आदित्यनाथ ने कहा, हर जिला रेंज और जोन स्तर पर जनता दर्शन तत्काल शुरू हो। हर जिला, रेंज, जोन स्तर पर कौन सा अधिकारी, किस दिन कहां जनसुनवाई करेगा इसकी पूर्व जानकारी भी जनता को दी जाए। मुख्यमंत्री के मुताबिक, जनसुनवाई की पूर्व सूचना होने से लोग अपनी समस्या लेकर जनता दर्शन में आ सकेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अधिकारीगण जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता व समय से करें क्योंकि आमजन की संतुष्टि ही आपके काम का मानक है।



# खो नदी में नहाने गए चाचा व दो भतीजों की डूबकर मौत

संवाददाता, स्योहारा( बिजनौर)

**अमृत विचार :** खो नदी में नहाने गए चाचा व दो भतीजों की डूबकर मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से तीनों के शव खो नदी से बरामद किए हैं।

स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव जोतहिम्मा मुकरपुरी में थाना क्षेत्र के ही मधेपुरा गांव के रहने वाले जरीफुल के पुत्र 20 वर्षीय अयान और 25 वर्षीय सोनू अपने ताऊ के यहां ईद पर घर आए थे। सोमवार दोपहर अयान और सोनू अपने चाचा 30 वर्षीय आसिफ पुत्र इमामुद्दीन के साथ खो नदी में नहाने के लिए चले गए। अयान और सोनू जब नदी में नहा रहे थे तो पानी के तेज बहाव के चलते दोनों डूबने लगे। इस पर मौके पर मौजूद चाचा आसिफ उनको बचाने के लिए नदी में कूद गया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद वह भतीजों को पानी से बाहर निकालने में सफल नहीं हो सका और खुद भी नदी में डूब गया।

### चार बहनों की डूबने से मौत

**बलरामपुर।** रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालू बनकट निवासी चार सगी बहनें बकरीद का त्यौहार मनाने ननिहाल मसीहाबाद गई थी। तेज गर्मी और धूप के कारण चारों बहनें ननिहाल के बगल स्थित कुवानों नदी में स्नान करने लगीं। इसी बीच चारों बहनें नदी के गहने कुंड में चली गई और डूब कर उनकी मौत हो गई। मृत बहनों की पहचान कालू बनकट निवासी राजू की पुत्री रेशमा 13 वर्ष अफसाना 11 वर्ष गुड्डी 9 वर्ष तथा लल्ली 7 वर्ष के रूप में हुई है।

# बाढ़ को लेकर 29 अतिसंवेदनशील जिलों पर नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## उप्र. में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और लू से परेशान प्रदेशवासियों के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना है। ऐसे में राज्य सरकार मानसून को लेकर सतर्क हो गयी है। मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक कर मानूसन की सक्रियता के बाद बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को खाका तैयार करने का आदेश दिया था ताकि प्रदेशवासियों और उनके मवेशियों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके।



● आपदा से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें अतिसंवेदनशील श्रेणी में 29, संवेदनशील श्रेणी में 11 और सामान्य श्रेणी में 35 जनपद शामिल हैं। इन जिलों में विशेष निगरानी के लिए टीमों का गठन कर अलर्ट कर दिया गया है, जिसमें सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारी के साथ कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी और मौसम विभाग भी सचेत है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमों की प्रीपोजीशनिंग की जा चुकी है।

### आपदा मित्रों और वालंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण

बाढ़ से निपटने के लिए राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को भी सतर्क कर दिया गया है, जहां चौबीसों घंटे राहत हेल्पलाइन 1070 के लिए 20 सीटर कॉल सेंटर संचालित कर दिया गया है। बाढ़ समेत अन्य आपदा से निपटने के लिए 400 आपदा मित्रों की तैनाती की है। इन्हे 15 दिन की ट्रेनिंग के साथ यूनीफार्म, आईडी कार्ड, सर्टिफिकेट तथा इमरजेंसी रिस्पांडर किट उपलब्ध करायी गयी है। इसके अलावा 10500 वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया है।

**शहर में आज**



☞ शहर में निकाली जाएगी निमंत्रण यात्रा प्रात: 6:15 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

**एक नजर**

### जिला अस्पताल में प्याऊ का उद्घाटन आज

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में रामपुर नागरिक समाज की ओर से प्याऊ का उद्घाटन 18 मई को होगा। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह होंगे। रामपुर नागरिक समाज के सेवा प्रभारी सतीश भाटिया ने बताया कि शहर में अब तक काफी प्याऊ बनवा चुके हैं। प्याऊ का निर्माण भी जिला अस्पताल में हो चुका है। इसका उद्घाटन मंगलवार को जिलाधिकारी करेंगे। कहा कि जिला अस्पताल में सिर्फ दो प्याऊ हैं। स्टाफ को प्यास बुझाने के लिए दूरी तय करना पड़ती है। इसीलिए पार्क में प्याऊ का निर्माण कराया गया है।

# ई-रिक्शा से लगता है जाम, सड़कों पर रेंगते हैं वाहन

## अभियान चलाकर बिना पंजीकरण दौड़ने वाली ई-रिक्शा के खिलाफ की जाएगी सख्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ई-रिक्शा के जाम के झाम में फंसकर पूरे दिन सड़कों पर वाहन रेंगते रहते हैं। बिना पंजीकरण सड़कों पर दौड़ रही ई-रिक्शा को लेकर अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। मंगलवार से ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर बिना पंजीकरण कराए चल रही ई-रिक्शा पर कार्रवाई करेगी। उन्हें सीज किया जाएगा।

शहर में बिना पंजीकरण चल रही ई-रिक्शा ने यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रखा है। सुबह से शाम तक लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। वन-वे व्यवस्था होने के बाद भी न कोई नियम है और न रोक टोक। ऊपर से बिना रजिस्ट्रेशन चल रही करीब 5,000 ई-रिक्शा शहर की यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रही हैं। इनकी वजह से जगह-जगह जाम लग रहा है। मुख्य चौराहों पर बैठी पुलिस तमाशा देखती रहती है। रिक्शा चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। लोगों को सराफा बाजार, बर्तन बाजार, मिस्टनगंज, पुरानागंज आदि मुख्य बाजारों में गलियों से निकलकर जाना पड़ता है।



शहर के बाजार नसरुल्लाह खां में बेतरतीब ई रिक्शा। ● अमृत विचार

**कार्रवाई**

- **आज से शहर में चलाया जाएगा चेकिंग अभियान**
- **बिना पंजीकरण दौड़ रही ई-रिक्शा की जाएंगी सीज**

ई-रिक्शा की वजह से हादसे भी होते रहते हैं। इनके सड़क पर चलने के संबंध में भी कोई नियम लागू नहीं किया गया है। इनके चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस भी अनिवार्य नहीं है।

इसलिए जिसका मन होता है वही ई-रिक्शा लेकर शहर में निकल पड़ता है। कुछ दिन पूर्व कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा पर कार्रवाई के आदेश दिए थे। इसके बाद एआरटीओ और ट्रैफिक पुलिस सक्रिय हो गई है। मंगलवार से बिना पंजीकरण के चल रही ई-रिक्शा को सीज किया जाएगा।

### थाने के सामने दिन भर खड़ी रहती हैं ई-रिक्शा

थाने के सामने दिन भर ई-रिक्शा खड़ी रहती हैं। इसके चलते यहां से गुजरने वाले लोगों को दिक्कत होती है। ई-रिक्शा चालकों को पुलिस का भी भय नहीं है। रात को आठ बजे पुल के नीचे दो पुलिस कर्मी तैनात रहते हैं। इसके बाद भी पूरे दिन 10-15 रिक्शा खड़ी रहती हैं। लोगों का निकलना दुश्वार होता है। विरोध करने पर यह लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

### तय रूट पर ही दौड़ेंगी पंजीकृत ई-रिक्शा

जिन लोगों ने ई-रिक्शा का पंजीकरण करा रखा है, वह भी एआरटीओ आफिस से तय किए गए रूट पर ही अपने वाहनों को दौड़ा सकेंगे। ताकि जाम न लग सके। गलियों में चालक ई-रिक्शा को लेकर घुस जाते हैं। इससे जाम लग जाता है। एआरटीओ आफिस से जिन लोगों ने पंजीकरण करा रखा है, वह लोग भी तय रूट के हिसाब से ही ई-रिक्शा चला सकेंगे।

> अधिकारियों के आदेश पर मंगलवार से बिना पंजीकरण चल रही ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें सीज किया जाएगा।
> – विजेंद्र सिंह, टीआई

# साहसिक गतिविधियों के प्रशिक्षण में प्रतिभाग करेंगे सचिन पाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



स्काउट मास्टर सचिन पाल।

**अमृत विचार :** भारत स्काउट-गाइड उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय गोल मार्केट महानगर लखनऊ द्वारा एडवेंचर इंस्ट्रक्टर (साहसिक प्रशिक्षक) के लिए साक्षात्कार और प्रमाण पत्र के आधार पर प्रदेश से 20 लोगों का चयन हुआ है। इसमें रामपुर जनपद से सचिन पाल चयनित किए गए हैं। वह 20 से 26 जून तक साहसिक गतिविधियों के क्रियाकलापों के प्रशिक्षण में प्रतिभाग करेंगे।

प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतला खेत अल्मोड़ा उत्तराखंड में है। वहां स्काई साइक्लिंग, जिप लाइन, वैली क्रोसिंग, साइड वॉल, बर्मा ब्रिज, बीम क्लाइम्बिंग, बैलेंसिंग ऑन दा रोप, रसियन वॉल, बैलेंसिंग बीम, बैकवुडस मैन कुकिंग, कैम्प फायर, ट्रैकिंग, राइफल शूटिंग, रेपपलिंग, लैडर क्रासिंग, टायर चिमनी, टायर क्रोसिंग, लैडर क्लाइम्बिंग, कमांडो ब्रिज, मंकी ब्रिज आदि साहसिक गतिविधियों की जानकारी साहसिक प्रशिक्षक को दी जाएगी। प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित होने वाली एडवेंचर एवं नेचर स्टडी ट्रेनिंग में प्रतिभाग करने वाले स्काउट गाइड को गतिविधियां करने के में अपना सहयोग देंगे। पूर्व सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त सितारा त्यागी ने सचिन पाल को बधाई दी।

बधाई देने वालों में जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी, जिला स्काउट मास्टर भुजवीर सिंह, जिला गाइड कैप्टन निदा खुशनुद, कुशल राणा, नितिन राजपूत, रामबहादुर, गिरिराज सिंह, फखरुद्दीन, श्वेता दूहन, करिश्मा सिंघल, शम्सी, सनि पाल, शाहरोज आदि भी शामिल रहे।

# न्यूयॉर्क क्लब ने 16 रन से जीता मैच

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** मंसब अली स्पोर्टस स्टेडियम में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में न्यूयॉर्क क्लब ने अमान क्रिकेट क्लब को 16 रन से हराकर मैच जीत लिया। इसके बाद टीम ने दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया।

न्यूयॉर्क क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम के खिलाड़ियों ने 16 ओवर की समाप्ति पर छह विकेट खोकर 138 रन बनाए। न्यूयॉर्क क्लब की तरफ से सर्वाधिक रन मास्टर नफीस ने बनाए। उन्होंने सात चौके और दो छक्कों की मदद से 26 गेंदों में 48 रन बनाए। दूसरे टॉप स्कोरर अजहर रहे। उन्होंने तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 29 गेंदों में 29 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमान क्रिकेट क्लब की शुरूआत खराब रही। टीम ने पावर प्ले में बड़ी धीमी गति से रन बनाये। अमान क्लब की ओर से अनवर अली ने 29 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाये। न्यूयॉर्क क्लब के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करके टीम को मैच जिताकर दूसरे राउंड में पहुंचा दिया। न्यूयॉर्क क्लब की तरफ सब से अच्छी गेंदबाजी सलमान ने की।

उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल में 17 रन देकर दो विकेट चटकाए। मैन ऑफ दि मैच मास्टर नफीस को चुना गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।



मैन ऑफ दि मैच की ट्राफी लेते मास्टर नफीस। ● अमृत विचार

- **48 रन बनाकर मैन ऑफ दि मैच बने मास्टर नफीस**
- **अमान क्रिकेट क्लब की शुरूआत ही रही खराब**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# गेंदन लाल बने प्रदेश प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राहे रजा पर रविवार की देर रात राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना की ओर से कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी एवं विशेष अतिथि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी की उपस्थिति में संजय गुप्ता उर्फ ओमप्रकाश गुप्ता ने राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना की कार्यकारिणी का विस्तार किया।

इस दौरान गेंदन लाल सैनी को प्रदेश प्रभारी, विपिन सिंह को जिला अध्यक्ष तथा वीरेंद्र सिंह को नगर अध्यक्ष बनाया गया। बाबा रामदास को गो रक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी और जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता को बनाया। जिला महामंत्री सोनू लोधी, नगर महामंत्री विकास गुप्ता बने। संरक्षक अधिवक्ता प्रकोष्ट राजेन्द्र प्रसाद लोधी को बनाया गया। अधिवक्ता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, जिलामंत्री विपिन कश्यप और विश्वास सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। जिला सचिव गुरमनजीत सिंह और विधिक सलाहकार राजीव गुप्ता को बनाया। पूनम शर्मा को जिलाध्यक्ष महिला मातृ शक्ति प्रकोष्ठ बनाया गया।

# रामपुर क्रिकेट अकादमी ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट ज्वाला क्लब मैदान में दो क्वार्टर फाइनल मैच हुए। शाम चार बजे पहला मैच हुआ। जबकि दूसरा मुकाबला रात आठ बजे से हुआ। अंसारी वारियर्स अमरोहा की टीम ने दिन के पहले मुकाबले में आफरीदी बरेली इलेवन की टीम को हरा दिया।

ज्वाला क्लब सेवा समिति की ओर से ज्वाला क्लब मैदान में कराए जा रहे क्रिकेट टूनामेंट में अंसारी वारियर्स अमरोहा और आफरीदी बरेली इलेवन बरेली के बीच पहला मैच खेला गया। टॉस जीतकर अंसारी वारियर्स अमरोहा के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 20 ओवर में 238 रनों का स्कोर खड़ा किया। अरशू खान ने सबसे ज्यादा 34 गेंदों में 91 रन बनाए। जवाब में अफरीदी बरेली इलेवन की टीम 119 रन बनाकर ही सिमट गई। इसके बाद अंसारी वारियर्स अमरोहा टीम को 137 रनों से विजयी घोषित कर दिया गया। मैन आफ दि मैच अंसारी वारियर्स अमरोहा टीम के अरशू खान को दिया गया। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी कर 27 गेंदों में 63 रन बनाए।



मैदान पर बल्लेबाजी करता खिलाड़ी।

दूसरा मुकाबला आठ बजे से शुरू हुआ। रामपुर क्रिकेट अकादमी की टीम ने दिन के दूसरे मुकाबले में पायनियर क्रिकेट क्लब टीम को हरा दिया। पायनियर क्रिकेट क्लब और रामपुर क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पायनियर क्रिकेट क्लब के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 20 ओवर में 94 रनों का स्कोर खड़ा किया।

आदित्य सक्सेना ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। जवाब में रामपुर क्रिकेट अकादमी ने चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। इसके बाद रामपुर क्रिकेट अकादमी की टीम को चार विकेट से विजयी घोषित कर दिया गया। मैन आफ दि मैच रामपुर क्रिकेट अकादमी टीम के सिद्धार्थ जैन को दिया गया। उन्होंने शानदार गेंदबाजी कर 14 रन देकर पांच विकेट चटकाए। इस अवसर पर अमित ठाकुर, अभिनाश पटेल, विक्की सक्सेना, विनय शर्मा, संजू शर्मा, शिवम भारद्वाज, लक्की, नितिन, हर्ष, त्रिभुवन पंडित, ज्वाला आदि मौजूद रहे।



स्टेडियम में योगाभ्यास करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# 19 जून को होगी पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में योग शिविर के 17वें दिन योग प्रशिक्षिका अंतरा यादव और ज्योति शर्मा ने प्रार्थना चालन क्रियाएं बताईं।

ज्योति शर्मा ने आसन, प्राणायाम व शांतिपाठ का अभ्यास कराया। बताया की योग सप्ताह में जागरूकता के लिए 19 जून को प्रातः 10 बजे पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता होगी। 20 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार होगी।

इसमें जिले के योगाचार्य शिक्षक और छात्र प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर जिलेश कुमार, मनोज कुमार, योगेश, मनीष, सत्यम, संदीप कुमार, आकांशा, चंचल आदि मौजूद रहे।

## अवैध खनन लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ कर छोड़ा

**मसवासी, अमृत विचार:** तहसील के एक अधिकारी ने ग्राम जमना-जमुनी में अवैध खनन से भरी दो ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ लिया। बाद में उन्हें बिना कार्रवाई के ही छोड़ दिया गया।

स्वार तहसील के एक अधिकारी ने रविवार की देर रात जमुना-जमुनी में मिट्टी का अवैध खनन कर रही दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ लिया। काफी देर तक जंगल में हंगामा होता रहा। तहसील के अधिकारी ट्रैक्टर चालक को धमकाते रहे। इसके बाद उन्होंने बिना कार्रवाई के ही ट्रैक्टर-ट्रालियों को छोड़ दिया। जानकारों का कहना है कि देर रात तहसील के अधिकारी ने सांठगांठ करके ट्रैक्टर-ट्राली को छोड़ दिया। तहसीलदार आकाश संत ने मामले की जानकारी होने से इन्कार किया है।

# दुनिया में आज भी अदा की जा रही सुन्नते इब्राहीमी : मौलाना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला गुइया तालाब के निकट मकबरा जनाबे आलिया स्थित शिया जामा मस्जिद में ईद की नमाज मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने पढ़ाई। इससे पहले मौलाना ने खुतबे में कहा कि हजरत इब्राहीम अल्लाह की मंशा के मुताबिक अपने बेटे हजरत इस्माईल की कुर्बानी देने के लिए मैदान में पहुंच गए। लेकिन अल्लाह ने हजरत इस्माईल को बचाकर दुंबे को रख दिया। आज भी सुन्नते इब्राहीमी अदा की जा रही है।

इससे पहले लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। मौलाना ने खुतबे में कहा कि इंसान को अल्लाह की मंशा के मुताबिक काम करना चाहिए। वह सबसे पहले नमाज पढ़े और फिर अल्लाह के दीन पर चलते हुए लोगों की ज्यादा से ज्यादा खिदमत करे। अल्लाह अपने बंदों की खिदमत करने वालों से बहुत खुश होता है। कुर्बानी ऐसे जानवर पर करें जिनके लिए सरकार ने रजामंदी दी है। नमाज के बाद मुल्को कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई।



शिया जामा मस्जिद में खुतबा देते मौलाना अली मोहम्मद नकवी। ● अमृत विचार



स्वार ईदगाह में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

- **शिया जामा मस्जिद में हुई ईद उल अजहा की नमाज**
- **नमाज के बाद हुई मुल्क और कौम की तरक्की के लिए की दुआ**

### स्वार में कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

**स्वार, अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा के बीच ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। भारी संख्या में लोगों ने ईदगाह में नमाज अदा की। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। सोमवार को सुबह सात बजे से पूर्व ही ईदगाह नमाजियों से खचाखच भर गईं। स्वार-बाजपुर मार्ग स्थित ईदगाह में ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में शरीक हुए। ईदगाह में ठीक सात बजे शहर इमाम मोहम्मद अहमद खतीबी ने नमाज अदा कराई। जामा मस्जिद के इमाम ने तकरीर में कहा कि मुसलमान अल्लाह की रस्सी को मजबूती से पकड़े रहें। मुसलमान खैरात, जकात, इबादत आदि सवाब के कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। नगर पंचायत नरपतनगर समेत गांव रजानगर, अलीनगर उत्तरी, मिलकखानम, मिर्जापुर, नूरपुर, कुम्हरिया, पिपलिया जट, बमना आदि में नमाज अदा की गई। इस दौरान उप जिलाधिकारी अमन देओल, क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडेय, तहसीलदार अशोक संत, कोतवाली प्रभारी संदीप त्यागी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार समेत भारी पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे।

**त्योहार** शहर कोतवाली के निकट लगा ईद पर मेला, मेले में महिलाओं ने भी घरेलू सामान खरीदा

# ईद के मेले में बच्चों ने झूलों पर की खूब मस्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर कोतवाली के निकट लगे ईद के मेले में बच्चों की मौज रही। किसी ने बंदूक खरीदी तो किसी ने रेलगाड़ी। मेले में दही बड़े, चाट, पकौड़ी के अलावा गन्ने का जूस और नीबू का शर्बत भी पिया। कोतवाली के पास ईद मेला तीन तक लगाता है। इन तीन दिनों में बच्चे और महिलाएं खूब खरीददारी करते हैं। लेकिन, इस बार महंगाई की मार बच्चों के खेल खिलौनों पर भी पड़ी है। तपती दोपहरी में भी बच्चों ने कोलंबस झूले का आनंद लिया।

सोमवार दोपहर से बच्चों ने मेले में खूब मस्ती की। बच्चों के खिलौनों की दुकानों के अलावा गुब्बारों पर निशाना साधने की दुकानें भी लगी हैं। बच्चों ने खेल-खिलौनों खरीदे। महिलाओं ने घरेलू उपयोग में आने वाले सामान की खूब खरीददारी की। बच्चों ने मस्ती करते हुए आलू की टिक्की, गोल गप्पे, छोले, दही बड़े और दही फुल्कियों का भी आनंद लिया।



ईद मेले में झूले का आनंद लेते बच्चे। ● अमृत विचार

### खिलौनों पर भी बढ़ी 20 प्रतिशत तक महंगाई

ईद उल जुहा के मेले में भारी भीड़ उमड़ रही है। दुकानदार जमुना प्रसाद व मोहम्मद अहमद ने बताया कि खिलौनों पर 10 से 20 प्रतिशत तक महंगाई बढ़ी है। हालांकि 10 से 50 रुपये तक के खिलौने तो खूब बिक रहे हैं मगर ब्रांडेड खिलौनों की बिक्री नहीं हो पा रही है। झूलों पर बच्चों की भीड़ नहीं दिखाई दी। एक और दो रुपये में झूले का लुत्फ अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। राम प्रसाद बताते हैं कि महंगाई के कारण झूलों पर बच्चों के बैठाने के दाम भी बढ़ गए हैं। इसके अलावा सौंदर्य प्रसाधनों के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। इसके चलते महिलाओं का रुझान सौंदर्य प्रसाधनों की बजाए घरेलू सामान की ओर ज्यादा रहा।

## सिख समाज के लोगों ने राहगीरों को बांटा शर्बत

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर गांव सूरजपुर में सिख समुदाय के लोगों ने गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में मार्ग किनारे टेंट लगाकर राहगीरों को शर्बत और चने का वितरण किया।

सोमवार को दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर गांव सूरजपुर के पास सिख समुदाय के लोगों ने टेंट लगाया। इसके बाद पानी और चने का इंतजाम किया। सिखों के पांचवें गुरु श्री अर्जुन देव के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में बाइक सवार, ई- रिक्शा, बस, ट्रक आदि वाहनों को रोक कर शर्बत और चने का वितरण किया गया। इस मौके पर बाबा कीरत सिंह, गुलाब सिंह, अमोल दीप सिंह, हरमीत सिंह, सतनाम सिंह, गुरमीत सिंह, जसपाल सिंह,अजमेर सिंह, सुखजिंदर सिंह, जगजीत सिंह, यादविंदर सिंह, मनजोत सिंह, गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।



सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी को गुलदस्ता भेंट कर ईद की मुबारकबाद देते किसान नेता।

# प्यार मोहब्बत से रहने का पैगाम देती है ईद : सांसद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने ईद उल अजहा के मौके पर तोपखाना के प्राणपुर रोड स्थित कार्यालय में लोगों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

सांसद ने कहा कि ईद गिले-शिकवे दूर कर प्यार-मोहब्बत से रहने का पैगाम देती है। कार्यालय में आए सभी लोगों को सिवइयां खिलाईं और शर्बत पिलाया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन, सरदार अमन ढिल्लो, सरदार गुरुविंदर सिंह, गुरुनाम सिंह, तजेंद्र सिंह, चरनजीत सिंह, विजय सिंह, अकबर अली, डा. मेहंदी हसन, अरशद अली खां, मुतीउर रहमान खां, मुफ्ती आलिम, मौलाना इमरान कासमी, मौलाना यामीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

## 30 जून तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने बताया कि शासन द्वारा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार एवं एक जनपद-एक उत्पाद योजना प्रारम्भ की है। सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिले। इसी उद्देश्य से इन योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक आमंत्रित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थी को कम से कम हाईस्कूल पास तथा आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष होनी अनिवार्य है। इस योजना में 25 प्रतिशत का अनुदान राज्य सरकार देगी। आवेदकों को अपने आवेदन ऑनलाइन करने के बाद हार्डकॉपी समस्त संलग्नकों सहित कार्यालय में जमा करना होगी। इच्छुक व्यक्ति मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार एवं एक जनपद-एक उत्पाद योजना का लाभ लेने के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
NEET (UG) Top Rankers

AIR 6 KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
AIR 7 BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
AIR 8 DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
AIR 13 VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
AIR 27 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
AIR 60 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

### आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी। मौसम शुष्क रहेगा।

45.0° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:15

# निर्बाध आपूर्ति के दावे हवाई, ईद पर नौ घंटे ठप रही बिजली

## भूमिगत लाइन के पैनल में खराबी आने से करनी पड़ी कटौती, पसीना-पसीना हुए नमाजी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** त्योहार पर उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली देने के तमाम दावे खोखले साबित हुए। ईद पर शहर के कुछ मोहल्लों में नौ घंटे बिजली ठप रही। इसके अलावा दिन भर बिजली की आवाजाही बनी रही। जबकि, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने ईद से तीन दिन पहले कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर अधिकारियों को ईद पर बिजली की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे। लेकिन, ईद के दिन प्रचंड गर्मी में शहर की बिजली बे पटरी हो गई।

भूमिगत लाइन के पैनल बॉक्स में खराबी आने के कारण पहाड़ी गेट क्षेत्र में नौ घंटे बिजली ठप रही। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह आठ बजे बिजली चालू हो सकी। मस्जिदों में नमाज के दौरान नमाजी पसीना-पसीना हो गए।



रात में पैनल बॉक्स में हुए फॉल्ट को सही करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

बिजली की आंख मिचौनी से भीषण गर्मी में लोगों को एक पल का चैन भी नहीं मिल रहा है। रविवार की रात 11 बजे पहाड़ी गेट क्षेत्र में भूमिगत लाइन के पैनल बॉक्स में खराबी आ गई। बिजली कर्मचारियों ने फॉल्ट को तलाश कर पैनल बॉक्स की खराबी को सही करना शुरू कर दिया। इसके चलते सुबह आठ बजे आपूर्ति सुचारु हो सकी। पूरी रात बिजली नहीं मिलने पर लोग चैन से सो नहीं सके। इसके अलावा गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया में नमाज के दौरान सुबह करीब 8:30 बजे बिजली चली गई। इसके कारण मस्जिद के पंखे और कूलर बंद हो गए। उधर मोती मस्जिद, लाल कबर, लाल मस्जिद, कलकत्ता मोहल्ला, चीनी ग्रान, कटकुइयां की बिजली दोपहर करीब 12 बजे चली गई। इसके बाद अपराह्न करीब 3:30 बजे आई। इस बीच गर्मी में लोगों की हालत खराब हो गई।

> भूमिगत लाइन के पैनल बॉक्स में खराबी आ गई थी। सुबह होने पर पैनल बॉक्स में आई खराबी को सही कराया गया। – **संजीव कुमार रवि**, एसडीओ तृतीय।

### बिजली के उपकरणों से छेड़छाड़ पर दर्ज होगी रिपोर्ट

बिजली विभाग की ओर से लगाए गए उपकरणों के साथ खुद छेड़छाड़ न करें। इनमें खराबी आने पर संबंधित बिजली घर के कर्मचारियों या अधिकारियों से संपर्क करें। रविवार रात किसी ने भूमिगत पैनल के साथ छेड़छाड़ कर दी। पहाड़ी गेट बिजली घर के अवर अभियंता संजीव चौरसिया ने बताया कि उपकरणों से छेड़छाड़ करने वाले की पहचान कराकर जल्द ही रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

### अस्तबल, अंगूरी बाग पुराने गंज की भी आपूर्ति रही बंद

पनवड़िया बिजली घर से आ रही 33केवीए की लाइन में खराबी आने की वजह से अस्तबल, अंगूरी बाग, बंगला आजाद खान और पुराने गंज की आपूर्ति रात तीन बजे तक ठप रही। अवर अभियंता नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि रात 12 बजे पनवड़िया रोड स्थित 33 केवीए के तारों में खराबी आने की वजह से आपूर्ति बाधित रही। इसे तलाशने में समय लगा। देर रात तीन बजे आपूर्ति सुचारु कर दी गई।

### बिजली की कटौती को लेकर एसई को लिखा पत्र

शहर के मोहल्ला सराय गेट निवासी मोहम्मद रकीम खान ने एसई को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि रजा बिजली घर के फीडर मिस्टन गंज की बिजली रात 12 से 4:30 बजे तक आती-जाती रही। बिजली नहीं आने की वजह से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने पत्र में मांग की है कि गर्मी के प्रकोप को देखते हुए कटौती बंद की जाए।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत



**शाहबाद, अमृत विचार :** दो दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसके भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। 15 दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी। शनिवार की रात कोतवाली क्षेत्र के गांव महूनागर निवासी हुकुम सिंह (19) अपने बड़े भाई रामबाबू (21) के साथ शाहबाद की साप्ताहिक बाजार में खरीददारी करने आए थे। देर रात में दोनों गांव लौट रहे थे। शाहबाद-सिरौली मार्ग पर उनकी बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े डंपर में घुस गई। हादसे में दोनों भाई बुरी तरह जख्मी हो गए। दोनों की हालत गंभीर होने पर सीएचसी लाया गया। हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान सोमवार की दोपहर रामबाबू की मौत हो गई। रामबाबू की शादी पंद्रह दिन पहले बदायूं जनपद के गांव मनुनगर निवासी राजकुमारी से हुई थी।

### मनुष्य का शरीर दिव्य ऊर्जा का परिणाम : वासन्तेय

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ में श्री ललिता त्रिपुरा सुंदरी एवं गुरुदेव भारतीय के दिव्य स्थापना दिवस का प्रारंभ जेष्ठ शुक्ला दशमी गंगा दशहरा के दिन हुआ। इसमें मां ललिता एवं गुरुदेव भारतीय तथा बाल बजरंग को दिव्य सुगंधित द्रव्यों से स्नान कराया गया। पंचामृत स्नान के पश्चात दिव्य वस्त्र दिए गए। भक्तों ने कलश स्थापना कर भोग लगाया। इसके बाद 51 फल समर्पित किए और भजन कीर्तन हुआ। संध्या में मां का और दिव्य विग्रहों का अर्चन-पूजन हुआ। संपूर्ण शिव परिवार की आराधना के साथ आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। महायोगी डॉ. राधेश्याम वासन्तेय ने मां त्रिपुरा सुंदरी तथा गुरुदेव भारतीय के संपूर्ण योग जीवन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मनुष्य का शरीर दिव्य ऊर्जा का परिणाम है। मानव को सत्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।



गुरुदेव भारतीय की पूजा करते डॉ. राधेश्याम वासन्तेय। ● अमृत विचार

### बछड़े का किया अंतिम संस्कार

**सैफनी, अमृत विचार :** सड़क हादसे में जान गंवाने वाले बछड़े का गोरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष व थाना प्रभारी हरिओम सिंह ने अंतिम संस्कार कराया। जिलाध्यक्ष धर्मपाल लोधी ने बताया कि सोमवार को कासम नगला गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बछड़े की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी हरिओम सिंह ने जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर गोवंश का अंतिम संस्कार कराया। इस अवसर पर नगर पंचायत से विनोद कुमार, राजू कुमार, भारतीय गो रक्षा वाहिनी की टीम मौजूद रही।

### जमीन पर कब्जे के विरोध पर भाई को पीटा

**मसवासी, अमृत विचार :** जमीन पर कब्जा करने के विरोध पर कई लोगों ने मिलकर घर में घुसकर भाई को पीट दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी क्षेत्र के गांव मानपुर-उत्तरी निवासी मोहम्मद अकरम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके भाई आए दिन परेशान करते हैं। उसकी जमीन पर भाई कब्जा करना चाहते हैं। इसी लेकर रविवार देर शाम भाइयों ने मिलकर अकरम के घर में घुसकर मारपीट की। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने बताया कि जांच की जा रही है।

### आठ किसानों के नलकूपों से समान चोरी

**ढकिया, अमृत विचार :** चोरों ने एक ही रात में आठ किसानों के नलकूपों से स्टार्टर, पंखा, पाइप, केबल आदि समान चुरा लिया। पीड़ित किसानों ग्राम गेहनी निवासी उमेश पांडेय, विनोद पांडेय, हेदराम पांडेय, धर्मेश पांडेय, मदन मोहन पांडेय और मधुकर निवासी लेखराज, जगन्नाथ तथा नीरज ने ढकिया चौकी पुलिस को तहरीर दी है। लेकिन पुलिस ने किसानों की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इसे लेकर किसानों में पुलिस के खिलाफ रोष है।

### ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक लगेगा फेयर

**रामपुर, अमृत विचार :** उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने बताया कि जनपद के नए निर्यातकों एवं नियमित निर्यातक उद्यमियों के लिए उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर किया जाएगा। इस ट्रेड शो में स्टाल लगाने के लिए नए निर्यातकों को रजिस्ट्रेशन फीस 15,000 तथा नियमित निर्यातक को 20,000 रुपये जमा करनी होगी। नियमित निर्यातक 7000 प्रति वर्गमीटर की दर से कम से कम 12 वर्गमीटर का तैयार स्टाल 18 प्रतिशत जीएसटी के साथ बुक करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिभाग करने के इच्छुक उद्यमी 20 जून तक रजिस्ट्रेशन करा लें।

## एक नजर

### जेसीबी चालक भट्ठे से प्रेमिका को लेकर फरार

**ढकिया, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते जेसीबी चालक भट्ठे से प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। ढकिया चौकी क्षेत्र में भट्टे पर जेसीबी चला रहे युवक का ईंटें पाथने वाले एक परिवार की बेटी से प्रेम-प्रसंग हो गया। इसके चलते जेसीबी चालक प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। प्रेमिका के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस लड़की को वापस दिलाने लिए जेसीबी चालक के परिजनों पर दबाव बना रही है।

# डायवर्जन खुलते ही हाईवे पर साढ़े तीन घंटे लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा के चलते भारी वाहनों का किया गया रूट डायवर्जन रविवार की रात को खोला गया। इसके बाद करीब साढ़े तीन घंटे तक कोसी पुल पर जाम लगा रहा। इस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। तब लोगों ने राहत की सांस ली।

रविवार को गंगा दशहरा था। इसके चलते काफी संख्या में भक्तों ने हरिद्वार और ब्रजघाट जाकर गंगा में स्नान किया। इसे देखते हुए शनिवार की रात आठ बजे से भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन कर दिया गया था। वाहनों को शाहबाद, बिलारी होते हुए निकाला जा रहा था। इस दौरान बहुत से वाहन सड़कों और ढाबों पर खड़े हो गए थे। रविवार की रात जैसे ही रूट डायवर्जन खुला तो सड़क किनारे खड़े वाहन दौड़ पड़े। इसकी वजह से कोसी पुल और दुर्गनगला बाईपास के निकट जाम लग गया। सूचना पर ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाना शुरू कर दिया। करीब साढ़े तीन घंटे के बाद हाईवे पर वाहन फर्राटा भरने लगे। इसके बाद जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से लगा था जाम

रविवार की रात एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ज्वालानगर की ओर से कुछ सामान लेकर आ रही थी। सिविल लाइन क्षेत्र में रोडवेज वर्कशाप के पास ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद धीरे-धीरे पुल के दोनों ओर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह ट्रैक्टर ट्राली को खाली कराकर सीधा कराया। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्राली को वहां से हटवा कर जाम खुलवाया।

> रूट डायवर्जन खुलने के बाद हाईवे पर अचानक भारी और अन्य वाहन चलने के कारण जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने के बाद जाम खुलवाया गया और रात 11:30 बजे हाईवे खाली हो गया था। – **विजेंद्र सिंह**, टीआई

# बिजली की आंख-मिचौली से दिक्कत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में जनता का बुरा हाल है। बिजली की आंख मिचौली के कारण एसी और कूलर भी राहत नहीं दे रहे हैं। ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मर हांफ कर दम तोड़ रहे हैं। बिजली की आवाजाही से इंटरनेट सेवा भी प्रभावित हो रही है।

एक सप्ताह से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई है। हर 15 मिनट में बिजली आंख-मिचौली खेल रही है। बिजली गुल होते ही लोगों का सुकून पसीने में बदल जाता है। बच्चे गर्मी की मार से रोने लगते हैं। बिजली के बार-बार जाने से इंटरनेट सेवा पर भी असर पड़ रहा है। बिजली की आवाजाही के चलते फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। ट्यूबवेल की मोटर फुंकने का खतरा रहता है।

किसान सुबह से शाम तक बिजली की राह देखते रहते हैं। सोमवार को ईद के मौके पर भी बिजली की आवाजाही जारी रही। सुबह से शाम तक लोगों ने पसीने से भीगे बदन के साथ एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।



बिजलीघर। ● फाइल फोटो



> ईद के मौके पर भरपूर बिजली नहीं मिल सकी। लगातार ट्रिपिंग ने खूब रुलाया। भीषण गर्मी में बिना बिजली के ही लोगों को मेहमानों की मेहमानवाजी करनी पड़ी। बिजली की लुका छिपी के बीच लोगों ने नमाज अदा की। – **शबाब वारसी**



> फसलों की सिंचाई के लिए सुबह से शाम छह बजे तक आपूर्ति की जाती है। बार-बार बिजली आने-जाने से सिंचाई नहीं हो पा रही है। सुबह से शाम तक बिजली का इंतजार करते रहते हैं। – **चरनदीप सिंह**



> बार-बार ट्रिपिंग से इंटरनेट की सेवा बाधित हो जाती है। इसके कारण डाउनलोड किया जा रहा डेटा डिलीट हो जाता है। बिजली शेड्यूल के अनुसार मिलनी चाहिए। ताकि लोगों को राहत मिल सके। – **दुष्यंत गंगवार**

### भीषण गर्मी में चार घंटे ठप रही 50 गांवों की बिजली

**ढकिया, अमृत विचार :** सोमवार को दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक मधुकर बिजली घर से जुड़े ढकिया, मधुकर, खंजीपुरा, घारमपुर, टांडा फीडरों से जुड़े करीब 50 गांवों की आपूर्ति चार घंटे ठप रही। मधुकर बिजली घर पर तैनात एसएसओ राजू ने बताया कि तेज हवा चलने के कारण शाहबाद के बड़े बिजली घर से मधुकर बिजली घर की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। दोपहर में हवा काम होने पर आपूर्ति सुचारु की गई। त्योहार पर बिजली कटौती से मुस्लिम समुदाय में रोष है।

## चेयरमैन पर रिपोर्ट दर्ज कराने वाले नायब तहसीलदार का किया तबादला

**मसवासी, अमृत विचार :** चेयरमैन दिनेश गोयल सहित 80 अज्ञात पर जानलेवा हमला करने, गाली-गलौज करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने वाले स्वार के नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह का जिलाधिकारी ने बिलासपुर तबादला कर दिया है। बिलासपुर में तैनात नायब तहसीलदार सचिन कुमार को स्वार की कमान सौंपी गई है।

11 जून को खनन लदे डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक बृजकिशोर दिवाकर के दोनों पैर कट गए थे। विरोध में चेयरमैन दिनेश गोयल के नेतृत्व में तमाम लोग स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग अवरूद्ध कर पुलिस-प्रशासन पर अवैध खनन कराने का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए थे। आरोप है कि जाम खुलवाने पहुंचे नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह से पुलिस की मौजूदगी में आक्रोशित भीड़ ने मारपीट की थी। इस मामले में 13 जून को नायब तहसीलदार ने चेयरमैन सहित 80 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**सर्वेक्षण** जिले में 35 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे का हो चुका है गन्ना सर्वे

# गन्ने की खेती की ओर बढ़ा किसानों का रुझान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गन्ने की खेती की ओर किसानों का रुझान बढ़ा है। गन्ना विभाग द्वारा कराए गए सर्वे में यह खुलासा हुआ है। जिले में 35 हजार हेक्टेअर गन्ने की फसल का सर्वे हो चुका है। चीनी मिलों और विभाग की 82 टीम गन्ना सर्वे में जुटी हैं। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि अब गन्ने की पेड़ी का सर्वे शुरू कराया जाएगा।

इस साल अधिकारियों को गन्ने के रकबा पिछले साल से अधिक होने की उम्मीद है। अभी तक 35 हजार हेक्टेअर गन्ने का सर्वे हो चुका है। पिछले वर्ष यह रकबा 36 हजार 196 हेक्टेयर था। 2022 में 34 हजार हेक्टेअर में गन्ने की खेती हुई। चीनी मिलों के रवैये में सुधार और गन्ना बकाया भुगतान समय से मिलने से किसान गन्ने की खेती की ओर आकर्षित हुए हैं। इसके अलावा दो साल से लगातार कोसी और रामगंगा नदी में बाढ़ आना भी गन्ने का रकबा बढ़ने का बड़ा कारण है। किसानों का कहना है कि धान की फसल बाढ़ से पूरी तरह तबाह हो जाती है। जबकि, गन्ने की फसल में इतना नुकसान नहीं होता है। इसीलिए उन्होंने इस बार गन्ने की फसल की बोआई की है। करीब सवा दो महीने से गन्ना विभाग और चीनी मिलों की टीमें गन्ना सर्वे कर रही हैं।



खेत में लहलहाती गन्ने की फसल।

- **2023 में 36,196 हेक्टेयर था जिले में गन्ने का रकबा**
- **बाढ़ में गन्ने की फसल में कम होता है नुकसान, इसलिए बढ़ा रुझान**

### अब शुरू होगा गन्ना पेड़ी का सर्वे

गन्ना पेड़ी का सर्वे दो चार दिन में शुरू कराया जाएगा। पेड़ी के सत्यापन के लिए भी 82 टीमों को लगाया जाएगा। जिन किसानों ने पेड़ी खत्म कर दी है और जिनकी पेड़ी है उनका नाम और गन्ना रकबा अलग-अलग दर्ज कराया जाएगा।

> जिले में लगभग 35 हजार हेक्टेअर गन्ना सर्वे हो चुका है। अब पेड़ी का सत्यापन कराया जाएगा। यदि कोई परिवर्तन है तो गन्ना रकबे में दर्ज करा दिया जाएगा। –**शैलेश कुमार मौर्य**, जिला गन्ना अधिकारी

## क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद-उल-अजहा

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया।

सोमवार को क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। कस्बे की ईदगाह में कारी खुर्शीद आलम ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद कौम और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की। इससे पूर्व खुतबा में कुर्बानी के महत्व को समझाया। इसके अलावा बिजारखाता की ईदगाह में सुबह सात बजे कारी खुर्शीद आलम मिस्बाही ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा खानपुर उत्तरी अलीगंज मानपुर उत्तरी मिलक भूबरी, किशनपुर मौलागढ़, मजरा हसन, खोद शरीफ, धर्मपुर उत्तरी, घोसीपुरा, करीमपुर, बिजारखाता, आदि गांव में ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से मनाया। कुर्बानी का सिलसिला जारी है।

# कुर्बानी को लेकर दो गांवों में गरमाया माहौल

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** कुर्बानी को लेकर दो गांवों के लोगों में तनाव हो गया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सार्वजनिक स्थान पर कुर्बानी नहीं होने दी। उधर दूसरे गांव क्षेत्र में बिना अनुमति बड़े जानवर की कुर्बानी करने पर रोष फैल गया। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। सुरक्षा की दृष्टि से दोनों गांवों में पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव इमरतपुर में ईद उल अजहा पर कुर्बानी नहीं होती थी। इस बार कुछ लोग कुर्बानी करना चाहते थे। इससे गांव का माहौल गरमा गया। ग्राम प्रधान गजेंद्र लोधी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस तत्काल गांव पहुंची और कुर्बानी को रुकवा दिया। इस दौरान पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब आज तक गांव मे कुर्बानी नहीं हुई तो नई परंपरा नहीं डालने दी जाएगी। कुर्बानी को लेकर चार वर्ष पूर्व भी गांव में तनाव व्याप्त हो गया था। पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार कर किया था।

दूसरी ओर गांव पृथ्वीनगर के निकट गांव मल्लूपुरा में हर वर्ष कुर्बानी होती है। लेकिन इस बार कुछ लोगों ने गांव पृथ्वीनगर के एक खेत में बडे.जानवर की कुर्बानी कर दी। इसके मांस को मल्लूपुरा में घर-घर बांट दिया। बड़े जानवर के अवशेष को गड्ढा खोदकर उसी खेत में दबाने लगे। खेत में कुर्बानी एवं अवशेष दबाने की जानकारी पर दूसरे समुदाय में रोष फैल गया। पृथ्वीनगर के बाशिंदे क्षेत्र में कुर्बानी के जानवर के अवशेष दबाने का विरोध करने लगे। सूचना पर सीओ अतुल कुमार पांडेय और कोतवाल संदीप त्यागी ने मौके पर पहुंचकर दूसरे समुदाय के लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानें और बड़े जानवर के अवशेष को नहीं दबाने दिया। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि चार लोगों को हिरासत में लिया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पीएसी तैनात की गई है।



स्वार के ग्राम इमरतपुर में गशत करते पुलिस व पीएसी के जवान। ● अमृत विचार

## माता के भजनों पर जमकर झूमे भक्त

**सैफनी, अमृत विचार :** बालाजी मंदिर परिसर में द्वितीय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मां भगवती का जागरण हुआ।

इसमें पूरी रात भक्तों की भीड़ जुटी रही। इस दौरान कलाकारों ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, किसने सजाया तुझको मैया, बेटियां क्यों पराई हैं, मन मेरा मंदिर शिव मेरी पूजा, दर्शन दे गई रे एक छोटी सी कन्या आदि भजन गाकर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

मां सरस्वती, गणेश, शंकर-पार्वती, दुर्गा माता, राधा-कृष्ण हनुमान आदि की सुंदर झांकियां शामिल रहीं। इसके बाद तारा रानी की कथा हुई। सवेरे महा आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। आयोजकों में महंत शिवम कुमार, महेश चंद श्रीमाली, बादाम सिंह सैनी, डॉ. अंकित सैनी, विनोद फूलमाली, आकाश पुष्कर, दीपांशु फूलमाली, देवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर


लोगों से ईद मिलते रालोद के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू।

### गले मिलकर एक-दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू ने ग्राम पंचायत जुठिया में गले मिलकर लोगों को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। अपील की इस खुशी के त्योहार को सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। इस मौके पर नवेद अली, सुभान अली, महफूज हाजी मौजूद रहे।


मुख्तार अब्बास नकवी को ईद की मुबारकबाद देते जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, कपिल आर्य एवं अन्य।

### नकवी को दिल्ली जाकर दी ईद की बधाई

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, व्यापारी नेता कपिल आर्य और भाजपा नेता महासिंह राजपूत सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने नकवी को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी।

### ट्रेन हादसे पर जताया शोक

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल में हुए ट्रेन हादसे पर शोक व्यक्त किया। हादसे में मरने वालों के प्रति गहरा दुख प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। घायल के जल्द ठीक होने की प्रार्थना की। सरकार से मांग की कि ट्रेन हादसों को रोकने के लिए कड़े नियम बनाए जाएं। इसके लिए दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। ट्रेन हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को सरकार उचित मुआवजा दे।

### नमाज के बाद मुल्क की तरक्की को मांगी दुआ

**मिलक, अमृत विचार :** ईद उल अजहा की नमाज के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए हजारों हाथ एक साथ उठे और दुआ की। ईद उल अजहा के मौके पर मंडी समिति के निकट स्थित ईदगाह में सुबह 7 :15 बजे नमाज मुफ्ती नजफ अली ने अदा कराई। नमाज के बाद खुतबा हुआ। आखिर में मुफ्ती नजफ अली ने मुल्क में अमन चैन और तरक्की के लिए दुआ कराई। इसके बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने भी एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान कमेटी के सदर सलीम मलिक, पालिका अध्यक्ष के पति नरेन्द्र गंगवार, पूर्व सभासद इकरार हुसैन, हाजी सईदुल रहमान, फिरासत हुसैन, अजीम मलिक, अकील अहमद, मोहम्मद यूनूस, मोहम्मद असलम, नन्हें कादरी, कौशल सक्सेना, लालता गंगवार आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी, कोतवाली प्रभारी पुलिस के साथ तैनात रहे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद उल अजहा की नमाज शान्तिपूर्वक अदा की गई।


ईद की नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार


शहर की ईदगाह के निकट तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

# मुल्क-कौम की तरक्की की दुआ को उठे लाखों हाथ

## ईदगाह समेत तमाम मस्जिदों में अदा की गई नमाज, सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रही पुलिस व पीएसी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में ईद-उल-अजहा की नमाज के बाद मुल्क की तरक्की की दुआ के लिए बारगाहे खुदावंदी में लाखों हाथ उठे। ईदगाह समेत जिले की तमाम मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। इस दौरान जामा मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पुलिस तैनात रही। शहर की ईदगाह में हुई ईद की नमाज के खुतबे में काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि नमाज, रोजा, जकात और हज के लिए लोगों को अल्लाह ने तौफीक अता फरमाई। कहा कि इस साल 20 लाख से ज्यादा लोगों ने हज अदा किया है।


शाहबाद गेट स्थित ईदगाह पर हुई नमाज के खुतबे में काजी ए शहर ने कहा कि खुदावंदे कुद्दूस फरमाता है कि मैंने इनकी मगफरत कर दी। लिहाजा हज के अरकान सही तरीके से अदा करके आदमी जब मदीने से अपने घर को लौटता है तो वह गुनाहों से पाक हो जाता है जैसे आज ही मां के पेट से पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया के अंदर ईद उल अजहा मनाई जाती है और कुर्बानी की जाती है। काजी ए शहर ने अपील करते हुए कहा कि ऐसे जानवरों पर कुर्बानी न करें जिन्हें सरकार ने प्रतिबंधित किया हुआ है। कहा कि अल्लाह और रसूल के बताए रास्ते पर चलें। अल्लाह ने नबी ए करीम के एहतराम की बाबत कुरआन मजीद में कई जगह जिक्र किया है। ईदगाह के आसपास भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा। शहर की जामा मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। इस मौके पर मौलाना ने कहा कि ईद उल अजहा पर उन्हीं जानवरों की कुर्बानी करें जिनकी कुर्बानी के लिए सरकार ने इजाजत दी है। ऐसा कोई काम ने करें जिनसे आपसी इंतशार पैदा हो। बकरा, दुंबा, भेड़, भैंस, कटरे की कुर्बानी के साथ अपने नफ्स आर ख्वाहिशात की कुर्बानी भी करें। कहा कि ईद आपसी मोहब्बतों को बढ़ावा देती है। इसलिए नफरतों को खत्म करें। अपने घर, पड़ोसियों और रिश्तेदारों से हमदर्दी से पेश आएं। कुर्बानी करते हुए वीडियो वायरल ने करें। सड़कों पर किसी तरह की गंदगी करें। अपनी खुशी दूसरों के साथ साझा करें। नमाज के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई गई। हर दुआ पर नमाजी बारगाहे खुदावंदी में हाथ उठाए हुए आमीन कहते रहे। इस दौरान जामा मस्जिद पर प्रशासनिक अधिकारी और सर्राफा बाजार, पुरानी तहसील, चाकू बाजार, जच्चा बच्चा सेंटर पर भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा।


शहर की ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ते नमाजी। ● अमृत विचार

### लोगों से गले मिले बसपा नेता

सोमवार को ईद की नमाज के बाद बसपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जीशान खां ईदगाह में शहर काजी सैयद खुशनूद मियां से मिले। लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कहा कि सभी लोग भाईचारे से ईद का त्योहार मनाएं। एक-दूसरे के साथ खुशियां बाटें। इसके अलावा बच्चों और बड़ों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।








गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते लोग। ● अमृत विचार

### नमाज के बाद गले लगकर दी ईद की मुबारकबाद

**शाहबाद, अमृत विचार :** सोमवार को ईद-उल-अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह सात बजे ईदगाह वह अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक बाद दी। ईद-उल-अजहा की नमाज ईदगाह में शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद सलमान और हजीरे वाली मस्जिद में मुफ्ती निजाम ने नमाज अदा कराई।


लोगों को ईद की मुबारकबाद देते नगर पंचायत अध्यक्ष के पति वसीम खां।

नगर पंचायत अध्यक्ष के पति वसीम खां ने नमाज के बाद ईदगाह के बाहर नमाजियों और अधिकारियों को गले मिलकर मुबारकबाद पेश की। नमाज के दौरान कोतवाल प्रिंस शर्मा पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। इधर, मेले में बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। नमाज के दौरान ईदगाह इंतजामिया कमेटी के कोषाध्यक्ष सैयद सरफराज अली, सभासद शप्पू खां, बब्लू मियां, शाजमान आर्यन, सिफत मियां आदि रहे।

# अल्लाह की बारगाह में उठे हजारों हाथ

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नगर में लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। नमाज के बाद मुल्क में अमन, चैन और भाईचारे के लिए दुआ कराई गई। दुआ में हजारों हाथ अल्लाह की बारगाह में उठे। नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कुर्बानी कर अपने परिचितों को खाना खिलाया।

नगर में मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग स्थित बड़ी ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज के लिए सुबह 6:30 बजे हुई। शहर इमाम मौलाना उस्मान मिफ्ताई की बीमार होने के चलते ईद उल अजहा की नमाज नायब शहर इमाम मौलाना हस्सान कासमी ने अदा कराई। काशीपुर मार्ग स्थित नूरी ईदगाह में शहर इमाम मौलाना सलीम अंसारी ने नमाज अदा कराई। मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग स्थित बड़ी ईदगाह में नमाज अदा करने से पूर्व नायब शहर इमाम मौलाना हस्सान कासमी ने कहा कि कुर्बानी इस्लाम में महत्वपूर्ण इबादत है। यह हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार जिलहिज्जा महीने की 10 तारीख की सुबह सादिक से 12 तारीख को सूरज डूबने तक तीन दिन तक ईद-उल-अजहा के मौके पर कुर्बानी की जाती है। कुर्बानी का मकसद अल्लाह पाक की बारगाह में अपने आपको पेश करना और उसकी रजा को हासिल करना है। कुर्बानी करने वाले को अपने जानवर को इस्लामी तरीके से हलाल करना होता है।


दढ़ियाल स्थित नूरी ईदगाह में नमाज के बाद दुआ मांगते नमाजी। ● अमृत विचार

- **नमाज के बाद गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद**
- **कुर्बानी के बाद लोगों ने परिचितों को घर बुलाकर खिलाया खाना**

नमाज के बाद मुल्क में अमन, चैन और भाईचारे के लिए दुआ कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। लोगों ने कुर्बानी के बाद परिचितों को घर बुलाकर खाना खिलाया। दूसरी ओर क्षेत्र के रामपुर धम्मन, अकबराबाद, सूरजपुर, जमालगंज, चौखंडी, लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, भावपुरा, मुवाना, जटपुरा, सीटला, घोसीपुरा, महुआ खेड़ा आदि गांवों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान सीओ टांडा कीर्तिनिधि आनंद पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।


# अकीदत के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** क्षेत्र में सोमवार को ईद-उल-अजहा का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया। क्षेत्र की ईदगाहों में नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की और परिवार सहित प्रदेश और देश के लिए अमन व सुख-समृद्धि की दुआ की। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद त्याग और कुर्बानी का पैगाम दिया गया।

सोमवार को अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का पर्व ईद-उल-अजहा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। कस्बा स्थित ईदगाह में ईद की नमाज सुबह सात बजे हाफिज मोहम्मद अकरम सकलैनी ने अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क में सुख-समृद्धि व अमन-चैन की दुआ मांगी।

सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं क्षेत्र के अन्य गांवों में ईदगाह व मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। सुरक्षा के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर रहीं।


गले मिलकर शहर इमाम को बधाई देते नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खां।

### सैफनी में ईद की नमाज के बाद हुई दुआ

**सैफनी, अमृत विचार :** नगर सहित क्षेत्र के गांवों में ईद की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। हजारों की संख्या में लोगों ने ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज अदा की। सोमवार की सुबह भारी संख्या में नमाजी ईदगाह में नमाज अदा करने पहुंचे। ईदगाह में शहर इमाम कारी अतीकुर्रहमान ने नमाज अदा कराई। मुल्क में अमनों अमान और खुशहाली के लिए दुआएं कीं। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने लोगों को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

## सार-संक्षेप


लोगों से गले मिलते जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन एवं अन्य। ● अमृत विचार

### प्यार और भाईचारे का त्योहार है ईद : मुस्तफा

**रामपुर, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा की नमाज चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के गांव मीरापुर मीरगंज में अदा की गई। नमाज में मुफ्ती मौलाना रिजवान अहमद ने मुल्क में अमन, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ की। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने भी गांव में नमाज अदा की और दुआ में शिरकत की। जिला पंचायत सदस्य ने लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कहा कि ईद प्यार और भाईचारे का त्योहार है। इसलिए ईद को प्यार और भाईचारे के साथ मनाएं। इस मौके पर अदनान पाशा, मुदस्सिर पाशा, जुल्फिकार हुसैन पूर्व सदस्य जिला पंचायत, हाजी अरशद हुसैन, बंटी, जिया पाशा, शावेज पाशा, अब्दुल्ला फारूक, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।


ईद उल अजहा की नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

### हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद, दी मुबारकबाद

**ढकिया, अमृत विचार :** क्षेत्र में सोमवार को ईद उल अजहा परंपरागत रूप से मनाई गई। ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ हुई। कस्बे की मस्जिद में सुबह आठ बजे इमाम मोहम्मद हसन ने ईद की नमाज अदा कराई। मौलाना ने खुतबे में कहा कि अल्लाह की रजा इसी में है कि हम किसी की भावनाओं को बिना ठेस पहुंचाए त्योहार मनाएं। नमाज अदा होते ही गले मिलकर लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। फिर घरों पर कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया। क्षेत्र के नाटियाखेड़ा, भगवतीपुर, रवानी पट्टी, घारमपुर, ओसी, परस्तौर, मधुकर, चतरपुर, परोता गांवों की ईदगाह व मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से चौकी प्रभारी अशोक कुमार सिंह क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। सोमवार को सुबह से शाम तक कुर्बानी का सिलसिला चलता रहा।


लोगों से गले मिलते सपा नेता आसिम खां। ● अमृत विचार

### सपा नेता ने लोगों को दी ईद की बधाई

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा के वरिष्ठ नेता आसिम खान ने मस्जिद हाजी हैदर अली खां में ईद उल अजहा की नमाज अदा की। इसके बाद लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह एक-दूसरे की मदद करने और दिलों के फर्क को मिटाकर गले लगाने का दिन है। ईद का त्योहार प्यार, मोहब्बत, अमन, चैन और आपसी प्रेम का संदेश देता है। इस मौके पर मौलाना इस्लामुद्दीन खां, तारिक, नसीम खां, रेहान, जमीर खां, मच्छन खां, आसिफ खां, जमाल मसूद, मसरूर खां, अतहर खां, अकदस खां, मिंटू खां आदि मौजूद रहे।

# पूरे दिन चलता रहा सुन्नते इब्राहीमी का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सुन्नते इब्राहीमी यानि कुर्बानी तुलू ए आफताब (सूर्योदय) से शुरू हो गया, जो शाम तक चलता रहा। कुर्बानी का सिलसिला तीन दिन चलेगा। तीसरे दिन गुरुबे आफताब (सूर्यास्त) से पूर्व समाप्त हो जाएगा। सोमवार को भी बकरों की कीमतें आसमान छूती रहीं। इसके अलावा कटरों और भैंसों के दाम भी बढ़े हैं। बकरे की कीमत 10 से 40 हजार रुपये तक है। बकरे की कीमत उसकी खूबसूरती पर भी निर्भर करती है।

कुर्बानी अल्लाह को खुश करने के लिए की जाए। जब कुर्बानी की पहली बूंद जमीन पर गिरती है तो कुर्बानी करने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। कुर्बानी का गोश्त गरीबों और मिस्कीनों में ज्यादा से ज्यादा बांटना चाहिए। ईद उल अजहा की खुशियां दूसरों के साथ साझा करें, यह इस्लाम का कानून है और यही इस्लाम चाहता है। अखिल भारतीय शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और इमाम जमाअत शिया मस्जिद इमाम बाड़ा किला मौलाना सैयद मोहम्मद जमान बाकरी ने कहा कि कुर्बानी अल्लाह की खुशनूदी के लिए होनी चाहिए। इसमें कोई दिखावा नहीं होना चाहिए। इसका गोश्त गरीबों और जरूरतमंदों में तकसीम किया जाना चाहिए।

सड़कों पर गन्दगी न हो, सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। पशुओं के अवशेष को पॉलीथिन या कपड़े के टुकड़े में पैक करके निर्धारित स्थानों पर दफन करा दें। नफरत नहीं फैलनी चाहिए। अपनी खुशी दूसरों के साथ साझा करें।

### सरकार की मंशा के मुताबिक करें कुर्बानी

मौलाना जमान बाकरी ने कहा कि सरकार की मंशा के मुताबिक कुर्बानी करें। कहा कि बकरा, मेंढा, दुंबा, ऊंट, कटरा, भैंस आदि जानवरों की कुर्बानी करें। कुर्बानी के जानवरों के अवशेष को बोरे में पैक करके डलावघर में डालें।

**ईद-उल-अजहा** दीन को जिंदा रखने के लिए बच्चों को दिलाएं दीनी तालीम : नासिर

# मुल्क की खुशहाली के लिए हुई दुआ


संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** शहर इमाम मौलाना नासिर खां ने कहा कि ईद-उल-अजहा पर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम को ख्वाब में अपने बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम को कुर्बान करने का हुक्म दिया। लेकिन, हजरत इस्माईल को अल्लाह के फरिश्ते हजरत जिब्राईल ने छुरी के नीचे से हटाकर दुंबे को रख दिया। वही सुन्नते इब्राहीमी अदा की जा रही है।

सोमवार को माठखेड़ा रोड स्थित ईदगाह में नमाज के दौरान खुतबे में शहर इमाम ने कहा कि मुसलमानों पर नमाज, रोजा, जकात और हज फर्ज है। जो मुसलमान साहिबे निसार हैं, उन पर कुर्बानी करना भी बताया गया है। आज के समय हम वह कुर्बानी तो नहीं कर सकते जो अल्लाह तआला ने हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने की। बताया कि अल्लाह के इस इम्तेहान में हजरत इब्राहीम कामयाब हो गए। अल्लाह ने छुरी के नीचे से हजरत इस्माईल को बचा लिया।

उन्होंने कहा कि दीन को जिंदा रखने के लिए अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम भी जरूर दिलाएं। वही ईदगाह में शहर इमाम मौलाना नासिर खां ने सुबह 7:30 बजे ईद की नमाज अदा कराई। मोहल्ला कायस्थान स्थित जामा मस्जिद में कारी अफरोज आलम व खौदलपुर खेड़ा शरीफ में सुबह आठ बजे नमाज अदा कराई।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार निश्चय कुमार, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां, जफर सुखनैन, नाजिम खां आदि मौजूद रहे।


बिलासपुर की ईदगाह में खुतबा देते मौलाना। ● अमृत विचार

### पुरखों की कब्र पर की मगफिरत की दुआ

प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने ईदगाह से बाहर निकले नमाजियों को गले मिलकर ईद की बधाई दी। इसके बाद कब्रिस्तानों में पहुंचकर लोगों ने अपने पुरखों की कब्रों पर फूल चढ़ाए और चरागा किया तथा उनकी मगफिरत की दुआ की।

# टांडा में हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद

**टांडा, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा सोमवार को हर्षोल्लास के साथ परंपरागत रूप से मनाई गई। ईदगाह में इमाम-ए-शहर मुफ्ती महमूद आलम ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क की तरक्की, खुशहाली, आपसी भाईचारे और अमन-ओ-अमान के लिए दुआ कराई गई। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ।

ईदगाह में ईद की नमाज सात बजे इमाम-ए-शहर मुफ्ती महमूद आलम ने अदा कराई। उन्होंने कहा कि अल्लाह की राह में दिल खोलकर खर्च करना चाहिए। ईद उल अजहा पर जिन साहिबे हैसियत (पूंजीपति) पर कुर्बानी वाजिब है। कुर्बानी में दिखावा हरगिज न करें। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे अपमानित होना पड़े।

जामा मस्जिद में ईद की नमाज सवा सात बजे खतीब मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी ने पढ़ाई। मस्जिद थाने वाली में मुफ्ती निजामुद्दीन ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुसलमानों ने अपने पसंद के जानवर की कुर्बानी की।

एक नजर

### भंडारे के साथ श्रीराम कथा को दिया विश्राम

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुरुषोत्तम भगवान मंदिर जाटों गली अमरोहा गेट में चल रही श्री रामकथा को विश्राम दिया गया। अंतिम दिन कथा व्यास बृजेश पाठक ने भक्तों को राम कथा के सार से अवगत कराया। इसके बाद हवन और भंडारा किया गया। पूजन पुजारी आशीष शर्मा ने करवाया। व्यवस्था में राजीव अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, गौरव शर्मा, पुष्पेंद्र श्री माली, सुरेश गुप्ता, नीलम गुप्ता, नितिन रस्तोगी, सौरभ अग्रवाल, सौरव पाठक, मनीष, आशीष आदि शामिल रहे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म


भोजपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र देकर गांव निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने शिकायत करने पर गालियां देने व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने आरोपियों आसिफ, शकील, वसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में चाणक्य नाइट का आयोजन, चारु जोशी ने भी अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया

# मनोज जोशी के जीवंत अभिनय ने महानगर के दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिगर मंच पर सोमवार को बॉलीवुड कलाकार मनोज जोशी ने अपने अभिनय से महानगर के लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के मंच पर चाणक्य बने मनोज जोशी ने अपनी अदाकारी का शानदार प्रदर्शन किया। इनके संग मंच पर आईं चारू जोशी ने भी अपने अभिनय से दर्शकों को अभिभूत किया। प्रदर्शनी के मंच पर चाणक्य नाइट का जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी व प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव आकांक्षी ने किया।


जिगर मंच पर आयोजित चाणक्य नाटक का मंचन करते मनोज जोशी व अन्य कलाकार। ● अमृत विचार


चाणक्य नाटक का मंचन देखते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना।

सोमवार को जिगर मंच पर चाणक्य नाइट के आरंभ होने से पूर्व मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद ऐतिहासिक हिंदी नाटक चाणक्य का नाट्य रुपांतरण प्रस्तुत किया गया। जिसमें बॉलीवुड कलाकार मनोज जोशी व चारू जोशी ने शानदार अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक में चंद्रगुप्त मौर्य के जीवन व अखंड भारत की स्थापना का सुंदर वर्णन किया गया। नाट्य रूपांतरण में संजय भदोरिया, राजू भारद्वाज, कुलदीप गौर और दिनेश ने अपने अभिनय से समां बांध दिया। इसके अलावा चाणक्य द्वारा सम्राट अशोक को सम्राट बनाने के लिए की गई कूटनीति का संवादों के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। चाणक्य के पूरे नाटक के रूपांतरण को देखने के लिए के लिए जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी कलाकारों को पटका पहनकर सम्मानित किया।

### प्रदर्शनी सचिव ने ठेकेदार को जारी किया नोटिस

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला कृषि विकास,औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के ठेकेदार को मनमानी करना भारी पड़ गया। ठेकेदार की मनमानी से प्रदर्शनी में फैली अव्यवस्थाओं को पिछले कई दिन से नजरअंदाज कर रहीं प्रदर्शनी सचिव ने जमानत राशि जब्त करने का नोटिस जारी किया है। अव्यवस्थाओं का लेकर कृषि प्रदर्शनी की सचिव और ठेकेदार में ठन गई हैं। मनमानी करने के कारण प्रदर्शनी में फैली अव्यवस्थाओं को देखते हुए कई बार सुधार करने के लिए सचिव ने ठेकेदार को चेताया भी था। लेकिन, इसके बाद भी ठेकेदार की मनमानी जारी रही। कई बार बिजली आपूर्ति गुल होने से मंच पर चल रहे कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न हुई। इसके अलावा प्रदर्शनी में नियम विरुद्ध किए गए कार्यों को लेकर जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने ठेकेदार की जमानत राशि जब्त करने को लेकर नोटिस जारी कर दिया है। हालांकि प्रदर्शनी में अभी तक कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम होने बाकी हैं।

### प्रतियोगिता में राजस्थान के मनीष ने मारी बाजी

मुरादाबाद, अमृत विचार: बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास ने सोमवार को पर्यावरण प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए। इसमें राजस्थान के मनीष भारद्वाज प्रथम, उत्तराखंड के देहरादून के अंकित तिवारी द्वितीय और राजस्थान के सरवाड़ निवासी अक्षय अजमेरा तृतीय स्थान पर रहे।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, टिमिट के प्रो. विपिन जैन और समाज शास्त्री व भाजपा नेता डॉ. विशेष गुप्ता निर्णायक बने। परिणाम न्यास के सचिव नमन जैन ने घोषित किए। चार प्रतिभागियों में बरेली से शाहरीन शेख, मुरादाबाद से कृतिका जैन, वसुधा गुप्ता और संभल बबराला निवासी शिव प्रताप को सांत्वना पुरस्कार मिला। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है इसके बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम संयोजक संभव जैन ने विजेताओं को बधाई दी। इस प्रतियोगिता में 5987 लोगों ने भाग लिया। प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय को 5100, तृतीय को 2100 और सांत्वना पुरस्कार में 1100 रुपये की धनराशि प्रत्येक विजेता को मिली। इस मौके पर ओम प्रकाश शास्त्री, अमन जैन, नकुल प्रताप सिंह, विकास गर्ग मौजूद रहे।

# चोरी की ई-रिक्शा के साथ दो गिरफ्तार

## किसरौल का शोएब व विजयनगर के राहुल श्रीवास्तव को पुलिस ने भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना पुलिस ने चोरी के दो ई-रिक्शा बरामद किए हैं और दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार भी कर लिया है। इस मामले में पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि रविवार को चेकिंग के दौरान संदिग्ध दो व्यक्ति मिले थे। इनके पास से दो ई-रिक्शा व कुछ बैटरी मिली हैं। इनमें शोएब पुत्र इस्लाम मुहल्ला किसरौल गुंबद वाली मस्जिद नागफनी और राहुल श्रीवास्तव विजय नगर कटघर का है।

आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि ई-रिक्शा चोरी कर उसमें बैटरी निकालकर बेचते हैं। फिर उन ई-रिक्शों को काटकर कलपुर्जे बेचते हैं। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शोएब का पूर्व में भी चोरी, आबकारी व अन्य आपराधिक घटनाओं का इतिहास रहा है। इसका सहयोगी राहुल श्रीवास्तव है। पुलिस इन दोनों की आपराधिक गतिविधियों की जांच रही है। सीडीआर व अन्य माध्यम से पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस मान रही है कि पूर्व में भी इन आरोपियों के द्वारा घटनाएं की गई होंगी? जांच कर इन लोगों से कुछ और बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। इनकी पीसीआर लेकर पूछताछ करेंगे। इनके गैंग से और भी जो लोग जुड़े हैं, उनके बारे में भी जानकारी कर रहे हैं।


सिविल लाइंस पुलिस की गिरफ्त में ई रिक्शा चोरी के आरोपी। ● अमृत विचार

बरामद ई-रिक्शा में एक रिक्शा चिरंजीवी अस्पताल के पास से 13 जून को चोरी हुई थी। इसके संबंध में थाने में पीड़ित ने मामला दर्ज कराया था। दूसरा ई-रिक्शा के बारे में पुलिस जानकारी कर रही है। पहचान छिपाने के लिए अभियुक्तों ने ई-रिक्शा पर रजिस्ट्रेशन नंबर को मिटा रखा था। ऐसे में आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज हुआ है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राम प्रसाद शर्मा, दरोगा अरुण कुमार वर्मा व हिमेश कुमार व हेड कांस्टेबल अमित कुमार, विनय कुमार और कांस्टेबल अरुण कुमार व राधारमण शामिल रहे हैं।

कार्रवाई

- चिरंजीवी हॉस्पिटल के पास से चोरी की थी ई-रिक्शा, रजिस्ट्रेशन नंबर मिटा रखा था
- महाराजा अग्रसेन स्कूल तिराहे के पास से दोनों को किया गिरफ्तार अन्य की तलाश में पुलिस की दबिश

### प्रेमिका के महंगे शौक पूरा करने को करते थे चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : ई-रिक्शा चोरी करने के आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में यह भी बताया है कि वह लोग ई-रिक्शा चोरी करते थे। इसकी वजह उन लोगों ने अपनी प्रेमिका के महंगे शौक पूरा करने की बात बताई है। कहा कि प्रेमिका व अपने महंगे शौक और खर्चे पूरे करने के लिए वह लोग ई-रिक्शा चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। दोनों को महाराजा अग्रसेन स्कूल तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर, पुलिस आरोपियों के फरार अन्य साथियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते दो आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना पुलिस ने रविवार रात में गश्त के दौरान सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीसरा आरोपी मौका पाकर भाग गया। पुलिस ने यह कार्रवाई इस्लामनगर मुहल्ले में की है।

दरोगा देवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार रात वह साथी पुलिसकर्मियों के साथ चौकी क्षेत्र दस सराय में गश्त पर थे। इस्लामनगर की पुलिया के पास पहुंचने पर पता चला कि तीन लोग गली नंबर-15 बी में सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे हैं। मौके पर छापेमारी की तो दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक आरोपी भागने में सफल रहा। पकड़े एक लोगों में यामीन पुत्र शिप्तेहशन निवासी मियां कॉलोनी गली नंबर-छह जयंतीपुर थाना मझोला और मो. जरीफ पुत्र मो. शब्बीर हैं। जबकि, भागने वाले तीसरे आरोपी का नाम इन दोनों ने अताउर्रहमान उर्फ अताउल पुत्र अजीजुर्रहमान बताया है। यह इस्लामनगर गली नंबर-15बी थाना कटघर का रहने वाला है। इनके पास सट्टा वाली दो डायरी, कॉर्बन, पेन और 1740 रुपये भी बरामद हुए हैं।

# 16 जुलाई को थी शादी, ट्रेन हादसे में गई युवक की जान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

दुखद

- दो महीने बाद दिल्ली से घर लौट रहा था दीपक साहू, मातम में बदलीं खुशियां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

अमृत विचार : दिल्ली से दो महीने बाद घर लौट रहे श्रमिक की ट्रेन हादसे में मौत हो गई है। शव की पहचान दीपक साहू (23) पुत्र सुरेश साहू के रूप में हुई है। वह बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के थाना गोपालपुर के महेशरा गांव के रहने वाले थे। मृतक अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

मृतक के बड़े भाई राहुल कुमार ने बताया कि दीपक साहू की 16 जुलाई को शादी होने वाली थी। घर में खुशियों का माहौल चल रहा था। बाजार से नए परिधान एवं जेवर आदि की खरीदारी भी शुरू हो गई थी। इस तरह घर में शादी को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही थीं। अब इसके विवाह के कम दिन बचे थे, इसलिए घर वालों ने फोन पर बातचीत कर उसे वापस बुलाया था। लेकिन, दीपक साहू की असमय मौत से घर में कोहराम मच गया है और सारी खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बड़े भाई राहुल ने बताया कि रविवार को भी दीपक से फोन पर बात हुई थी तो वह बोला था कि घर के लिए निकल रहा है। इसके बाद सोमवार दोपहर को राम प्रसाद ने कॉल कर बताया कि दीपक साहू का ट्रेन एक्सीडेंट हो गया है और उसमें उसकी मौत हो गई है। राहुल ने बताया कि राम प्रसाद उनके साढ़ू हैं वह भी दिल्ली में काम करते हैं। इनके पास आरपीएफ इंस्पेक्टर ने फोन कर घटना की जानकारी दी थी। दीपक साहू के पास मिले आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों से उसके शव की पहचान हुई थी। राहुल ने बताया कि उनके मृतक भाई के शव का पोस्टमार्टम हो गया है। उसके शव को लेने के लिए साढ़ू राम प्रसाद और पिता सुरेश साहू मुरादाबाद के लिए निकले हैं। दीपक दिल्ली में डिब्बा फैक्ट्री में काम करता था। उन्होंने बताया कि आरपीएफ के लोगों ने उसके व्हाट्सएप पर मृतक भाई की फोटो भेजी है। इसमें उसके चेहरे पर चोट लगी दिख रही है।

# रामगंगा में नहाते समय तीन डूबे, दो की मौत, एक को गोताखोरों ने बचाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गर्मी अधिक होने के कारण तीनों रामगंगा नदी में नहाने के लिए निकले थे, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

अमृत विचार : गर्मी से राहत पाने के लिए दोपहर बाद रामगंगा नदी में नहाने पहुंचे युवकों में डूबे तीन युवकों में से दो की गहरे पानी में जाने से मौत हो गई है, जबकि गोताखोरों ने एक युवक को डूबने से बचा लिया है। इसकी तबीयत बिगड़ने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में तीन युवक अपने साथियों के साथ रामगंगा नदी में नहाने गए थे। दिल्ली के रोहिणी निवासी सूरज (17) सिविल लाइन के प्रेम नगर में रहता है। वह नारियल पानी बेचने का काम करता है। रमेश और शिवम कुमार प्रेम नगर में सूरज से मिलने आए थे। गर्मी अधिक होने के कारण यह लोग रामगंगा नदी में नहाने के लिए निकले थे। बताया जा रहा है कि उनके साथ में प्रेम नगर का जितिन भी नहाने के लिए गया था। सोमवार शाम करीब 5 बजे के दौरान यह लोग पोस्टमार्टम हाउस के सामने नदी पर नहाने के लिए पहुंचे थे। इसमें सूरज, रमेश और शिवम नदी के अंदर गहरे पानी में चले गए। तीनों डूबने लगे। जितिन ने शोर मचाया तो आसपास खेतों में काम कर रहे लोग भाग कर मौके पर आ गए। इन लोगों ने सबसे पहले तो शिवम को नदी से बाहर निकाल कर सुरक्षित किया। इसके बाद सूरज और रमेश की तलाश के लिए नदी में काफी देर तक मौजूद रहे। लेकिन सूरज और रमेश उन्हें खोज नहीं मिले। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाने की पुलिस रामगंगा नदी पर पहुंची थी। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने तत्काल गोताखोरों को संपर्क कर उन्हें बुलाया। फिर करीब घंटे भर की मेहनत के बाद सूरज और रमेश के शव मिले। सिविल लाइन सीओ अर्पित कपूर ने बताया कि नदी में अधिक पानी पी लेने से शिवम की हालत बिगड़ी है, उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जानकारी की जा रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# फाइनेंसर को पेड़ से बांधकर पीटने के मामले में चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सुरजन नगर के इंचार्ज रविंद्र सिंह भाटी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। यह कार्रवाई फाइनेंसर को पेड़ से बांधकर पीटने के मामले में लापरवाही बरतने पर हुई है। शनिवार को ठाकुरद्वारा तहसील में आयोजित समाधान दिवस में मामला एसएसपी के सामने आने पर थाना व चौकी पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने उसी दिन मुख्य आरोपी शेरपुर पट्टी निवासी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन पुत्र जगदीश यादव को गिरफ्तार कर लिया। जबकि, दूसरा आरोपी डिलारी थाने के गांव गुलड़िया निवासी सचिन यादव अभी तक फरार है। सचिन ने ही बीमारी का बहना बनाकर 5,000 रुपये उधार लिए थे

थानाध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने बताया कि पुलिस टीम सचिन को पकड़ने के लिए संबंधित स्थलों पर दबिश दे रही है। इस बीच प्रकरण में लापरवाही बरतने के आरोप में एसएसपी हेमराज मीना ने चौकी इंचार्ज के विरुद्ध प्रारंभिक कार्रवाई की है। प्रकरण में पुलिस चौकी की भूमिका की जांच सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार तिवारी कर रहे हैं।

### यह था मामला

उधार के रुपये वापस मांगने पर शेरपुर पट्टी गांव निवासी फाइनेंसर को आरोपियों ने बहाने से बुलाकर गमछे से उसके हाथ पेड़ से बांध दिए थे और अर्द्ध निर्वस्त्र कर लाठियों से पीटा था। आरोप है कि उसके साथ कुकर्म की भी कोशिश हुई थी। यही नहीं, आरोपियों ने इस कृत्य का वीडियो बनाकर इंटरनेट पर वायरल कर दिया था। घटना एक जून की दोपहर की है। 13 दिन बाद जब वायरल वीडियो देखा तो घर वालों को जानकारी हुई। इसके बाद परिजन पीड़ित को लेकर सुरजनपुर पुलिस चौकी पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी दी। पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने 14 जून को ही मुख्य आरोपी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन उठा भी लिया था लेकिन, शनिवार सुबह उसे छोड़ दिया।

# रोडवेज बस के परिचालक से अभद्रता करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ताहरपुर बाजार के सामने हुई थी घटना अज्ञात आरोपियों की पहचान में जुटी पुलिस
- मुरादाबाद से संभल जा रही थी रोडवेज बस यात्री ने विवाद कर बीच रास्ते में रुकवाई

अमृत विचार : किराए को लेकर रोडवेज बस में विवाद करने और यात्रियों से भी अभद्रता के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मैनाठेर थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार ने बताया कि परिचालक शिव कुमार की तहरीर पर आरोपी शानू समेत नौ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें सात-आठ अज्ञात व्यक्ति भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी शानू को पुलिस ने रात में ही गिरफ्तार कर लिया था। अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

घटना रविवार रात 8.30 बजे मैनाठेर थाना क्षेत्र में ताहरपुर बाजार के सामने की है। मुरादाबाद से संभल जा रही रोडवेज बस में किराया की बात पर एक यात्री ने विवाद कर बीच रास्ते में बस को रोक लिया था। आरोपी के फोन पर जानकारी पाकर उसके समर्थक भी आ गए थे। सभी आरोपी चालक-परिचालक से अभद्रता और गाली-गलौज करने लगे थे। हालांकि यात्रियों ने भी चालक-परिचालक का पक्ष लेकर बीच-बचाव किया था। जिस पर आरोपियों ने कई यात्रियों से भी अभद्रता की। विवाद बढ़ता देख लगभग सभी यात्री अन्य वाहन से गंतव्य स्थल पर रवाना हो गए थे। कुछ यात्रियों को परिचालक ने ही अन्य रोडवेज बस में बैठा दिया था।

फिर चालक ने बस को सीधे डींगरपुर पुलिस चौकी में ले जाकर खड़ा किया था। इस मामले में परिचालक की तहरीर पर शानू पुत्र रहीश नामजद हुआ है। यह ताहरपुर का रहने वाला है।

आयोजन

विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय योगोत्सव-2024 का आरंभ

# रोग और तनाव से मुक्ति को नियमित करें योग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दिव्य योग केन्द्र, मण्डी बांस की ओर से 21 जून को मनाए जाने वाले विश्व योग दिवस के क्रम में 17 जून से 21 जून तक पांच दिवसीय योगोत्सव-2024 का सोमवार सुबह आरंभ किया गया। योग प्रोटोकाल के अनुसार योग प्राणायाम का अभ्यास योग विशेषज्ञ डॉ. मनोज आर्य ने कराया।

योग विशेषज्ञ ने बताया कि वर्तमान परिवेश में योग न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बल्कि विश्व के बढ़ते प्रदूषण एवं मानवीय व्यवस्थाओं से उपजी समस्याओं के निवारण में भी इसकी सार्थकता है। योग करने से सदैव शरीर पूर्ण स्वस्थ, मन प्रसन्न व विचार सकारात्मक होते हैं। पूर्ण स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए ताड़ासन, सर्वांगासन, मर्कटासन, पाश्चत्यासन पवनमुक्तासन, कंधरासन, सर्पासन, कटिपिण्ड मर्दनासन, ध्रुव आसन, शीतली, शीतकारी, उज्जायी, महा संजीवन, वृहद कुम्भक आदि का अभ्यास कराया। कहा कि प्रतिदिन इनको करने से व्यक्ति पूर्ण निरोगी हो जाता है। सभी से अपने दैनिक जीवन में सुपाच्य भोजन, गाय का दूध, मौसमी फल का सेवन करने और प्रसन्न रहकर तनावमुक्त जीवन जीने का आह्वान किया। शिविर में आदर्श गुप्ता, सुमन रस्तोगी, डॉली खन्ना, पल्लवी अग्रवाल, रश्मि रस्तोगी, नीरू रस्तोगी, रविन्द्र रस्तोगी, सौरभ रस्तोगी, नीतू रस्तोगी, कल्पना शंकर, राघव रस्तोगी, मधु रस्तोगी, हर्ष कुमार, शनाया शंकर, अयाना शंकर, पीहू रस्तोगी, पूनम रस्तोगी, अंशु रस्तोगी, साधना वर्मा, नलिनी रस्तोगी, विशाल रस्तोगी आदि ने योगासन किया।


दिव्या योग केंद्र मंडी बांस में योग करते लोग। ● अमृत विचार

### गर्मी और उमस ने किया बेहाल, बढ़ी परेशानी

छजलैट, अमृत विचार : गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों की परेशानी भी बढ़ती जा रही है। सोमवार को दिन भर लोग गर्मी और उमस के चलते बेहाल रहे। शाम को भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी।

सुबह से ही तेज धूप के चलते लोग परेशान नजर आए। वहीं दोपहर होने पर गर्मी के साथ-साथ उमस ने लोगों की परेशानी और भी बढ़ा दी। दिनभर लोग गर्मी से परेशान होते रहे, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल सकी। विद्युत विभाग द्वारा बिजली की आंख-मिचौली का खेल जारी रहा उमस के चलते कूलर भी गर्मी से राहत दिलाने में नाकाम रहे। सड़कों पर भी गर्मी के चलते लोग परेशान नजर आए। शाम को भी गर्मी से राहत नहीं मिल पाई। दिन में तेज धूप के चलते अधिकतम तापमान 48 डिग्री रहा। अब लोगों को केवल बारिश से ही राहत मिलने की उम्मीद है।

# श्रीराम की शरण में होगा जीवन धन्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार में पांच दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

अमृत विचार: शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार प्रथम में पांच दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ सोमवार को हुआ। बरेली फरीदपुर से आए श्रीराम कथा वाचक मानस मर्मज्ञ पंडित बृजेश पाठक रामायणी ने कहा कि जीवन में जो निश्चिंत्ता और निर्भयता दिखाई देती है उसका मूल कारण भक्तों का विश्वास है कि वह प्रभु श्रीराम की शरण में है और प्रभु का हाथ उनके सिर पर है।

कथा वाचक ने कहा कि महाभारत में जिस समय भीष्म पितामह ने अर्जुन को मारने की प्रतिज्ञा कर ली थी उस समय सभी पांडव व्याकुल हो गए थे। अर्जुन की दशा जानने के लिए भगवान श्रीकृष्ण रात में अर्जुन के शिविर में पहुंचे। उन्होंने देखा अर्जुन तो गहरी नींद में सो रहे हैं। कृष्ण ने अर्जुन को जगा कर पूछा तुम सो रहे हो तुम्हें चिंता नहीं है। तब अर्जुन ने कहा प्रभु जिस की चिंता में आप जाग रहे हैं उसे चिंता करने की क्या आवश्यकता है।


कथा सुनाते पंडित बृजेश पाठक रामायणी।

कथावाचक ने बताया कि श्रीहनुमान जी जब माता सीता का पता लगाते लगाते हुए लंका पहुंचे, तो अशोक वाटिका में माता सीता को देख प्रभु श्रीराम की निशानी दी। अशोक वाटिका में फल खाकर व पेड़ों को तोड़ते देख रावण के सैनिक हनुमान को बंधक बनाकर रावण के सामने ले गए। रावण ने हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश दिया।

पूंछ में आग लगने के बाद हनुमान जी को तनिक भी चिंता नहीं हुई क्योंकि उन्हें विश्वास था कि प्रभु राम उनकी रक्षा कर रहे हैं और सब ने देखा पूरी लंका जलकर राख हो गई लेकिन, हनुमान जी का बाल भी बांका नहीं हुआ।

निश्चिंत और निर्भय जीवन के लिए भगवान की शरण अति आवश्यक है। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कथा की व्यवस्था में गोरखनाथ प्रसाद, ज्ञानचंद गुप्ता, निमित जायसवाल, राधेमोहन शर्मा, महेन्द्र जसूजा, सुनील शर्मा, पं. हेमंत भट्ट, पं देवेन्द्र ओझा, उमेश चन्द्र बंसल, दिनेश चंद्र टंडन आदि रहे।

## एक नजर

### प्रेमी के साथ मिलकर पति को बेरहमी से पीटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मझोला थाना क्षेत्र में युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित जिला अस्पताल में भर्ती है। घायल रोहित का आरोप है कि उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसे पीटा है। इस मामले में उसने मझोला थाने में तहरीर दी है। पेपटपुरा निवासी रोहित पुत्र कल्लू ने बताया कि उसकी शादी सात साल पहले अंजू से हुई थी। रोहित राजमिस्त्री का काम करता है। शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा। लेकिन, फिर उनके बीच मनमुटाव शुरू हो गया। रोहित ने अपनी पत्नी के संबंध आरोपी व्यक्ति से होने का आरोप लगाया है। जिसका वह विरोध कर रहा था, इसीलिए उसकी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की है। थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि शिकायत आने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करेंगे।



ईद-उल-अजहा पर ईदगाह में नमाज पढ़ते नमाजी। ● अमृत विचार



ईदगाह में नमाज पढ़ने के बाद वापस जाते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

# अल्लाह की बारगाह में झुके हजारों सिर, मांगी दुआ

## ईदगाह और महानगर की अन्य मस्जिदों में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई ईद उल अजहा की नमाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। ईदगाह और महानगर की अन्य मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। नमाज अदा करने के बाद हजरत इब्राहिम की सुन्नत अदा करते हुए जानवरों की कुर्बानी दी। कुर्बानी का यह सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा।

हजरत इब्राहिम की याद में ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन मुसलमान ईदगाह व अन्य मस्जिदों पर सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा करने के बाद बकरा व अन्य पशुओं की कुर्बानी करते हैं। यह सिलसिला तीन दिन तक चलता है। सोमवार तड़के सबसे पहले महानगर के मोहल्ला तंबाकू वालान स्थित मौलाना वाली मस्जिद में 5:35 पर नमाज अदा की गई। इसके बाद अन्य मस्जिदों में नमाज का सिलसिला जारी हुआ। महानगर की ईदगाह में सुबह 7:30 बजे नमाज का इंतजाम किया गया था। जिसको लेकर सुबह से ही भारी संख्या में लोग ईदगाह पहुंचना शुरू हो गए थे। यहां नायब शहर इमाम सय्यद मुफ्ती फहद अली ने नमाज अदा कराई। इससे पहले शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद और नायब शहर इमाम सैयद मुफ्ती फहद अली ने बयान किया। नमाज अदा करने के बाद दुआ कराई गई। जिसके बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लग ईद की बधाई दी। नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जिले के अधिकारियों ने नागरिक सुरक्षा संगठन के पदाधिकारियों को भी जगह जगह तैनात किया था। सुबह शुरू हुआ कुर्बानी का सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा।



लोगों को ईद की बधाई देते शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद, सांसद रुचि वीरा व पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन। ● अमृत विचार

### रात में शुरू हुआ दावतों का सिलसिला, मुबारकबाद दी


**मुरादाबाद, अमृत विचार** : ईद अल-अजहा पर मुसलमान बकरा और अन्य जानवरों की कुर्बानी देकर उसका मीट गरीबों और रिश्तेदारों में तस्कीम करते हैं। इसके अलावा बहुत से लोग घर पर ही मीट के अच्छे पकवान बनाकर रिश्तेदारों और अपने पड़ोसियों की दावत करते हैं। इसी कड़ी में सोमवार को ईद उल अजहा के पहले दिन महानगर के अलग-अलग इलाकों में रात में दावतों का सिलसिला आम हो गया। ज्यादातर लोगों ने अपने घर बढ़िया पकवान बनाकर रिश्तेदारों और पड़ोसियों की दावत का इंतजाम किया। यह सिलसिला काफी दिनों तक चलता है।



एक-दूसरे को बधाई देते बच्चे।



ईदगाह पर तैनात नागरिक सुरक्षा कोर के सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी।



नमाज के दौरान सुरक्षा का जायजा लेते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना। ● अमृत विचार

# ईदगाह पर सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मौके पर मौजूद रहे जिलाधिकारी एसएसपी व अन्य अधिकारी, ड्रोन कैमरे से किया निरीक्षण

**अमृत विचार** : ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। इस दौरान मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। सुबह ईदगाह पर कई हजार की संख्या में नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद-उल-अजहा की बधाई दी। नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध देखने को मिले। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर डटे रहे।

बकरीद पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस ने जबरदस्त तैयारी की थी। कई दिन पहले से ही थाना वार पीस कमेटी की बैठकें हुई थीं। मौलाना व इमाम से शांतिपूर्वक त्योहार मानने की अपील हुई थी। इन धर्मगुरुओं ने अपने समाज में लोगों से सुकून के साथ पर्व मानने का संदेश दिया था। जिसका असर भी देखने को मिला। कहीं कोई विवाद जैसी स्थिति सामने नहीं आई और न ही कहीं सड़क पर ईद-उल-अजहा की नमाज हुई। सभी ईदगाह व मस्जिद के अंदर और परिसर में नमाज अदा की। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे ईदगाह इलाके को 10 सेक्टर में बांटा गया था। 400 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से पुलिस निगरानी करती रही। जामा मस्जिद के पास जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व एसएसपी हेमराज मीना ऊंची बिल्डिंग पर खड़े होकर ड्रोन कैमरे से व्यवस्था की निगरानी करते दिखे। इस तरह सुबह से ही पुलिस अधिकारी ईदगाह स्थल के समीप मौजूद रहे और वहां आने-जाने वालों की गतिविधियां पर नजर रखी।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्होंने ईदगाह क्षेत्र को 10 सेक्टरों में बांट दिया था और प्रत्येक प्वाइंट पर जवानों को तैनात किया था। वहीं एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि ईदगाह क्षेत्र में 9 सीओ, इंस्पेक्टर और दरोगा समेत 400 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में 100 सीसीटीवी कैमरे लगाकर उन्हें सक्रिय किया गया था। सोशल मीडिया पर भी पुलिस ने नजर बनाए रखी।



पाकबड़ा में ईदगाह में खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

# अमन और भाईचारे का दिया संदेश

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज को अदा की गई। जामा मस्जिद पाकबड़ा के पेश इमाम हाफिज काजी व हाजी शम्मे आलम ने मुल्क में अमनो अमान की दुआ कराई।

शहर इमाम हाफिज शम्मे आलम ने अपने संबोधन में ईद उल अजहा की फज़ीलत को बयां किया गया। कहा कि कुर्बानी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है। इस सुन्नत को पैगंबर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद (स) की उम्मत के लिए बरकरार रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमें पूरी दुनिया को अमन का पैगाम देना है। बुराइयों, रिश्वत खोरी और झूठ से बचें। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए, बेवजह पानी की बर्बादी को रोके। अपने आसपास गंदगी का माहौल न होने दें। इस अवसर पर मदरसे के प्रिंसिपल काजी नज़रुल कादरी, अध्यक्ष मोहम्मद याकूब, हाजी तबराक हुसैन, हाजी नासिर हुसैन, शकील एडवोकेट, हाजी नईम ठेकेदार, अनवर हुसैन, सरताज आलम आदि लोग मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस के जवान और थाना पाकबड़ा इंचार्ज सत्येंद्र सिंह ने भी ईद की मुबारकबाद पेश की।

### आज भी मनाई जाएगी निर्जला एकादशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ज्येष्ठ महीने के शुक्लपक्ष में निर्जला एकादशी (भीमसेन) आती है। यह वर्ष की सबसे बड़ी एकादशी मानी जाती है। आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने बताया कि यह वर्ष की सबसे बड़ी एकादशी मानी जाती है। इस वर्ष एकादशी का प्रारंभ 17 जून सुबह 4:42 मिनट पर हुआ। जिसकी समाप्ति 18 जून मंगलवार सुबह 6:23 मिनट पर होगी। उदया तिथि का हिसाब-किताब 17 और 18 जून को है। दोनों दिन एकादशी रहेगी। लेकिन, 18 जून को एकादशी तिथि द्वादशी युक्त होगी और शास्त्रों के अनुसार यदि एकादशी द्वादशी युक्त हो तो वह महापुण्य देने वाली मानी जाती है। इसलिए भक्त इस एकादशी का पालन 18 जून को करें जिससे इसका पुण्यफल प्राप्त हो सके। व्रत के पारण का समय 19 जून सुबह 5:25 से 07:30 मिनट तक रहेगा ।

# नमाज के बाद लोगों ने की कुर्बानी

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** नगर पंचायत में शांतिपूर्वक ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने कुर्बानी की। इस दौरान नगर पंचायत की ओर से साफ-सफाई का भी विशेष इंतजाम किया गया।

नगर की ईदगाह में सुबह आठ बजे मुफ्ती हारिस रजा ने नमाज अदा कराई। वही शिया जामा मस्जिद में नौ बजे मौलाना सादिक हसन ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मौलाना ने ईद उल अजहा का खुतबा देते हुए कहा कि अल्लाह के नबी हज़रत इब्राहीम ने ख्वाब में देखा कि वो अपने बेटे को अल्लाह की राह में कुर्बान कर रहे हैं। जब ख्वाब से बेदार हुए तो ख्वाब के बारे में अपने बेटे हज़रत इस्माईल को बताया तो हज़रत इस्माईल ने कहा कि बाबा आप मुझे अल्लाह की राह में कुर्बान कर दीजिए। इंशाल्ला आप मुझे सालेह हीन में से पाएंगे। जिसके बाद हज़रत इब्राहीम अपने बेटे हज़रत इस्माईल को लेकर चले और अल्लाह की राह में बेटे को कुर्बान करने लगे। हज़रत इब्राहीम ने अपनी आंखों पर पट्टी बांध रखी थी। जैसे ही बेटे की गर्दन पर छुरी चलाई और फिर आंखों से पट्टी को हटाकर देखा तो क्या देखा कि जन्नत से दूम्बा आ गया और वो अल्लाह की राह में ज़िबाह हो गया। अल्लाह ने हज़रत इब्राहीम से कहा कि ए इब्राहीम हमने तुम्हारी कुर्बानी को कबूल कर लिया। तभी से हर मुसलमान पर कुर्बानी फर्ज़ कर दी गई। मौलाना ने इसके बाद कौम और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ कराई। जिसके बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक पेश की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।



अगवानपुर स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

### एमआईटी में विजेताओं को सम्मानित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** एमआईटी में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हॉबीज क्लब के 55, एमआईटी टेक क्लब के 25 और वेल्यू एजुकेशन के 6 छात्रों को सम्मानित किया गया। हॉबीज क्लब तथा एमआईटी टेक क्लब की ओर से आयोजित समारोह में एमआईटी सेक्रेटरी आदर्श अग्रवाल, निदेशक डॉ. रोहित गर्ग ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। हॉबीज क्लब के फाइनल ईयर के समन्वयकों को उनके चार वर्ष की मेहनत के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का संयोजन शुचिता सक्सेना, प्राची गुप्ता, शिवानी, रुचि वार्ष्णेय, स्मिता जैन और पवनेंद्र ने किया। इस मौके पर डॉ. क्षितिज सिंघल, मंजुला कंबोज, डॉ. मनीष सक्सेना, डॉ. मुनीश छाबरा, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. राजुल मिश्रा, डॉ. राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।




उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के मंडलीय अधिवेशन में शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

# राकेश बने महासंघ के मंडल अध्यक्ष

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की ओर से मनोरंजन सदन में सोमवार को मंडलीय अधिवेशन का आयोजन हुआ। इसमें राकेश कुमार को डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का मंडल अध्यक्ष चुना गया। जबकि सिद्धार्थ सिंह संगठन सचिव चुना गया।

विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष एचएन मिश्रा, राष्ट्रीय सलाकार सुधीर पंवार, राकेश कुमार त्यागी, नितेंद्र श्रीवास्तव रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वीके मौर्य और संचालन मनोज मानव ने किया। इस मौके पर राकेश कुमार को मंडल अध्यक्ष, प्रवीण कुमार को मंडल सचिव, विकास कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज कुमार को उपाध्यक्ष, सिद्धार्थ सिंह को संगठन सचिव, नरेश कुमार को वित्त सचिव, नवीन कुमार शर्मा लेखा सम्प्रेक्षक निर्विरोध चुने गए।

कायाकल्प | रात में रोशनी से जगमगा रहा बुध बाजार, नए रंग में दिख रहा फुटपाथ

# बुध बाजार में लखनऊ, दिल्ली जैसा नजारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर की हृदयस्थली बुध बाजार के सुंदरीकरण कार्य से बाजार चमक गया है। शाम को रोशनी से जगमगाता बुधबाजार का नजारा देखकर लखनऊ, दिल्ली में होने का अनुभव हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन की रेट्रोफिटिंग ऑफ ओल्ड मार्केट एरिया परियोजना के तहत 69.04 करोड़ रुपये की लागत से सुंदरीकरण के कार्य से यहां कारोबारियों के साथ ही नागरिकों को भी बेहतर अनुभव मिलेगा।

इंपीरियल तिराहे से लेकर बुध बाजार में स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से जीर्णोद्धार और सुदंरीकरण का कार्य चल रहा है। 69.04 करोड़ रुपये की लागत से रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया के अलावा 127 करोड़ रुपये लागत से स्मार्ट रोड नेटवर्क का कार्य भी अंतिम चरण में है। सड़क निर्माण के अलावा दोनों पटरियों पर रेलिंग और वेंडिंग जोन बना है। मंडलायुक्त की सलाह पर स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से दुकानों के आगे वेंडिंग जोन में शेड भी लगाया गया है। जिससे गर्मी और बरसात में दुकानदारों व लोगों को राहत मिलेगी। शाम ढलते ही बाजार रोशनी से जगमग हो रहा है। हालांकि यह कार्य पहले ही पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की सुस्ती से काम मई में पूरा नहीं हो पाया। अब 30 जून तक सभी कार्य पूरे होने के बाद बुध बाजार की रौनक पूरी तरह बदली रहेगी।



रोशनी से जगमगाता बुध बाजार। ● अमृत विचार

> कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के प्रबंधक को काम में तेजी लाने के लिए कहा गया था। काम अंतिम चरण में है। 30 जून तक सभी कार्य पूरे हो जाएंगे।
>
> **-अतुल कुमार**, अपर नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी मिशन के एसीईओ




शर्बत वितरित करतीं यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

# शर्बत वितरित कर कमाया धर्मलाभ

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महिला संस्था यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब की ओर से निर्जला एकादशी के अवसर पर दिल्ली रोड पर शर्बत वितरित किया गया। नेहा मेहरोत्रा ने बताया कि निर्जला एकादशी पर मान्यता है कि इस दिन शर्बत वितरण से भगवान विष्णु जी प्रसन्न होते है। साथ ही पूरे साल की एकादशी का फल प्राप्त होता है। इस दौरान संजना भटनागर, मिली सिक्का, वीनू आहूजा, वाशी भटनागर, शिवानी वर्मा, रजनी मित्तल, तान्या गुप्ता, लवीश, कामिनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मुल्क की खुशहाली को दुआ की, गले मिले

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर व क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया गया। ईदगाह व मस्जिदों में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क में अमन व खुशहाली की दुआ की गई। इस दौरान ईदगाह व मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। ईद की नमाज के बाद कुर्बानी दी गई। मंडी धनौरा शहर की मस्जिदों में अलग अलग मुकर्रर वक्त पर नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में सुबह साढ़े सात बजे मौलाना ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा बछरायूं, चुचैला कलां, कुआंखेड़ा, आजमपुर आदि स्थानों पर शांतिपूर्वक नमाज हुई। तीन दिन तक चलने वाला कुर्बानी का सिलसिला बुधवार तक चलेगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ी ईद उल अजहा की नमाज

**बुरावली, अमृत विचार :** ईद उल अजहा पर सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र की ईदगाहों व मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। बुरावली ईदगाह पर हाफिज सुहेल ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद हाफिज सुहेल ने बताया कि ईद उल अजहा क्यों मनाया जाता है। लोग नमाज पढ़ने के लिए ईदगाह व मस्जिदों में पहुंचे नमाज अदा करने के बाद लोग कुर्बानी में लग गए। गंगवार ईदगाह पर कारी वकील उर रहमान ने, बिलाल मस्जिद बुरावली में मौलाना अब्दुल वहाब ने, आयशा मस्जिद बुरावली में हाफिज सारिम ने, मदारीपुर में मौलाना ग्यासुद्दीन ने, पतेई खादर में कारी इब्राहिम ने, बांसका कला में मुफ्ती वकील ने ईद की नमाज अदा कराई।

### कुर्बानी का बकरा दीवार फांदकर भागा

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत वार्ड नंबर नौ निवासी शाहिद हुसैन ईद उल अजहा के लिए 10 हजार रुपये का बकरा लेकर आया था। सोमवार को वह नमाज के बाद कुर्बानी के लिए घर से कुछ दूर बकरे को कसाई के पास लेकर गए थे। इस दौरान कसाई को देखकर बकरा शाहिद हुसैन के हाथ से छूटकर पांच फीट ऊंची दीवार लांघकर कब्रिस्तान के रास्ते आम के बागों से होता हुआ जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद बकरे के मलिक द्वारा बकरे को करीब आठ घंटे तक जंगलों में तलाश किया गया। लेकिन बकरे का कोई पता नहीं चल सका।


अमरोहा में ईदगाह पर नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार


चौधरपुर में ईदगाह पर नमाज पढ़ते लोग। ● अमृत विचार


सैदनगली में नमाज के बाद दुआ मांगते लोग। ● अमृत विचार

# ईद उल अजहा पर अल्लाह की इबादत को उठे हजारों हाथ

## नमाज के बाद लोगों ने दी कुर्बानी, मुल्क की सलामती के लिए दुआ की, गले मिलकर दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में बकरीद पर ईदगाह समेत मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई। अल्लाह की बारगाह में लोगों ने हाथ उठाकर मुल्क में अमन-चैन और कौम की सलामती के लिए दुआ मांगी। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। इस दौरान ईदगाह के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला चला। संवेदनशील व मिश्रित आबादी से जुड़े इलाकों में पुलिस ने विशेष सतर्कता बरती।

ईद उल अजहा सोमवार को मनाया गया। शहर की ईदगाह पर मुफ्ती आसिम मुबशशिर ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। इससे पहले ही सुबह 6 बजे तक नमाज अदा करने के लिए लोग पहुंचने लगे थे। सात बजे नमाज अदा की गई। नमाज से पहले मुफ्ती ने कुर्बानी से जुड़ी इस्लामी तारीख भी बयान की। बताया कि ईद उल अजहा के दिन हजरत इब्राहिम अल्लाह के हुक्म पर अल्लाह के प्रति अपनी वफादारी दिखाने के लिए अपने बेटे हजरत इस्माइल को कुर्बानी करने पर राजी हुए थे, तभी से यह त्योहार कुर्बानी के तौर मनाया जाता है। कहा कि कुर्बानी से किसी अन्य व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। तभी कुर्बानी का असली मकसद पूरा होगा।

वहीं शिया जामा मस्जिद में मौलाना डॉ. एहसान अख्तर सरोश ने नमाजे ईद उल अजहा अदा कराई। मदरसा शाही चबूतरा में मुफ्ती शाहिद हुसैन अजमली ने नमाज अदा कराकर लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। नौगांवा सादात स्थित ईदगाह पर मुफ्ती अब्दुर्रहमान कासमी व यहां की शिया जामा मस्जिद पर मौलाना मसरूर अब्बास ने नमाज की इमामत की। नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड़ पर रहा। सुबह से ही भारी संख्या में ईदगाह पर पुलिस तैनात रही। सुरक्षा के लिहाज से जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, एएसपी राजीव कुमार सिंह, सीओ सिटी अरूण कुमार और ईओ डॉ. ब्रजेश सिंह ईदगाह के बाहर मौजूद रहे।

नमाज के बाद जिलेभर में कुर्बानी का सिलसिला रहा। मिश्रित आबादी वाले इलाके में पुलिस लगातार भ्रमण पर रही। कुर्बानी के बाद जानवरों के अवशेष उठाने के लिए पालिका टीमें मुस्तैदी के साथ मौजूद रहीं। नगर पालिका के ईओ डॉ. ब्रजेश सिंह खुद क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहे।


नमाज के दौरान ईदगाह में मौजूद जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, ईओ डॉ. बृजेश व सीओ अरूण कुमार। ● अमृत विचार

### अल्लाह के नजदीक बेहतर अमल कुर्बानी : मुफ्ती शमीम

**चौधरपुर, अमृत विचार :** सोमवार को ईद उल अजहा पर चौधरपुर में सुबह ही सभी ईदगाह पर पहुंचे। ईदगाह में सुबह सात बजे जामा मस्जिद के खतीबो इमाम मुफ्ती शमीम अहमद निजामी ने नमाज अदा कराई। नमाज से पहले कहा कि ईद उल अजहा में की जाने वाली कुर्बानी अल्लाह के नजदीक बेहतर अमल है। इसलिए जानवर की कुर्बानी को खुले मैदान में नहीं करना चाहिए। कहा कि जिस जानवर की कुर्बानी कर रहे हो उसका भी अदब और एतराम करो उस पर जुल्म ज़्यास्ती न की जाए।

### दूसरों को न हो परेशानी : महबूब अली

**अमरोहा, अमृत विचार :** सोमवार को बकरीद मनाई गई। सुबह मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की और गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री व सदर विधायक महबूब अली व पूर्व एमएलसी परवेज अली ने भी ईदगाह पर नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों से महबूब अली और परवेज अली ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। वहीं पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने भी नमाजियों को गले मिलकर बधाई दी। विधायक महबूब अली ने कहा कि यह त्योहार कुर्बानी और आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। कहा कि कोई ऐसा कार्य न करें जिससे दूसरों को परेशानी हो। इसके बाद ईदगाह पर मौजूद अन्य लोगों ने भी गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

### शांतिपूर्ण हुई ईद उल अजहा की नमाज

**हसनपुर, अमृत विचार :** सोमवार को ईद उल अजहा की नमाज सोहरका मार्ग स्थित ईदगाह पर शहर इमाम मुफ्ती मेहराजुद्दीन ने पौने सात बजे कराई। नमाज से पहले शहर इमाम ने ईद उल अजहा के महत्व को समझाया। वहीं नगर स्थित मस्जिदों में सुबह से ही ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद ईदगाह एवं सभी मस्जिदों में देश की उन्नति और सलामती की दुआ की। नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों गले मिल ईद की बधाई दी। ईदगाह पर नगर पालिका परिषद के कैंप में ठंडे पानी की व्यवस्था की गई थी, वहीं ईद उल अजहा की नमाज के बाद पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने गले मिलकर उन्हें ईद उल अजहा की बधाई दी।

### नमाज के बाद कुर्बानी का महत्व बताया

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर में मुस्लिम समाज ने ईद उल अजहा का त्योहार मनाया। नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला जारी हो गया। मुस्लिम समुदाय ने नमा पढ़ी और मुल्क में चैन शांति की दुआ की। ईदगाह पर मौलाना फरमान ने नमाज अदा कराई, मदीना मस्जिद में कारी आस मुहम्मद ने नमाज पढ़ाई। महल वाली शिया जामा मस्जिद में मौलाना हाजी कम्बर अली ने नमाज अदा कराई। खुतबे में मौलाना ने कुर्बानी के सिलसिले को समझाया।

### ईद उल अजहा पर शांतिपूर्वक हुई नमाज

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर में ईद-उल-अजहा धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी ईदगाहों पर बड़ी संख्या में लोगों ने ईद की नमाज अदा की और अल्लाह की बारगाह में दुआ को लाखों हाथ उठे। इसके साथ ही कौम की तरक्की और वतन में अमन चैन के लिए भी दुआएं की गई। सोमवार सुबह से ही नमाजी नए कपड़े पहनकर तैयार हो गए और हर किसी के कदम ईदगाह की तरफ बढ़ने लगे। चौपला स्थित जामा मस्जिद, चौहनपुरी वाली मस्जिद समेत अन्य ईदगाह पर पहुंचते ही लोग बैठ गए। पहले तकरीर की गई। इसके बाद ईदगाह पर मौलाना ने नमाज अदा कराई और नमाज के बाद दुआ की गई। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज अदा करने के बाद लोग कुर्बानी के प्रबंध में लग गए। कुर्बानी का हिस्सा बांटा गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन भी गस्त करते रहे।


गले मिलकर बधाई देते सदर विधायक महबूब अली। ● अमृत विचार


बधाई देते पूर्व एमएलसी परवेज अली। ● अमृत विचार


गले मिलते पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली, खुश्तर मिर्जा व परवेज आरिफ टीटू।


ईदगाह पर मौजूद पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी व अन्य। ● अमृत विचार

# भीषण गर्मी में नमाजियों राहगीरों को पिलाया शर्बत

संवाददाता, चौधरपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ईदगाह पर नमाजियों को शर्बत पिलाया गया। शरबत पीकर नमाजियों ने राहत की सांस ली। जोया ब्लाक के गांव चौधरपुर में व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगरअध्यक्ष हाजी अब्दुल हक के नेतृत्व में ईदगाह पर नमाजियों के लिए शर्बत की व्यवस्था की गई।

इसके अलावा चौधरपुर- मनोटा मार्ग पर नगर अध्यक्ष के निवास पर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। इस मौके पर हाजी अब्दुल हक शेरी, मोहम्मद अकरम सैफी, आसिफ मलिक उर्फ सिराज, अशरफ नसीरी, दिलशाद खान, इरफान सैफी, मोहम्मद कासिम, अशरफ अली, अब्दुल कादिर, मोहम्मद अलकमा, मोहम्मद हासिम रजा, अहिल रजा खान, नोमान रहे।


चौधरपुर में शर्बत का वितरण करते लोग।

### नमाज सकुशल सम्पन्न

**रहरा, अमृत विचार :** सोमवार को ईद उल अजहा की नमाज सकुशल संपन्न कराई गई। इस दौरान क्षेत्र के गांव रहरा, दढ़ियाल, चचौरा, आदमपुर, पौरारा, भावली, सिंमथला, सिरसा कलां, बासका कलां, बासका खुर्द, मदारीपुर, वुरावली, गंगवार, पतेई खादर, देहरी गुर्जर, पतेई खादर आदि गांवों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। ईद उल अजहा की नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी।

## जोन में बांटकर कराई अवशेषों की सफाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पालिका ने ईद उल अजहा पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर को चार जोन में बांटा। जोन के हिसाब से कर्मचारियों व अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि ईद उल अजहा पर नगर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर को चार जोन में बांटा। प्रत्येक जोन में सफाई कर्मचारी और अधिकारियों को सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई। कुर्बानी का सिलसिला प्रारंभ होते ही पशुओं के अवशेष उठाने के लिए नगर पालिका के वाहनों को लगाया। सफाई कर्मचारियों को दोपहर के भोजन के लिए खाने के पैकेट उपलब्ध कराए गए। नगर में पेयजल आपूर्ति को भी निरंतर सुचारु रखा गया है। जनरेटर की व्यवस्था की गई है। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए तीन दिन तक नगर में सफाई कर्मचारी नायक और अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

# सिर में चोट लगने से हुई थी ई-रिक्शा चालक की मौत

संवाददाता, गजरौला

**खुलासा**
- घर से ई रिक्शा लेकर गया था असलम, वापस नहीं लौटा
- अज्ञात युवक पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** घर से मजदूरी करने निकले ई-रिक्शा चालक की मौत सिर में चोट लगने से हुई थी। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है। मृतक के परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले में अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

शहर के मोहल्ला अल्लीपुर भूड़ निवासी असलम ई-रिक्शा चलाकर ने परिवार का पालन पोषण करता था। 14 जून की शाम वह घर से मजदूरी करने के लिए निकला था, लेकिन रात भर वह गदापुर रेलवे फाटक के पास घायलावस्था में पड़ा रहा। 15 जून की सुबह सूचना मिलने पर परिवार वाले पुलिस समेत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया था। परिवार वालों ने असलम को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने असलम की हत्या का आरोप लगाया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि असलम की मौत सिर में गहरी चोट लगने से हुई थी। मामले में गैर इरादतन हत्या की अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है।

## पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**डिडौली, अमृत विचार :** शादी से इनकार करने पर युवती को मारने की धमकी दी और छेड़छाड़ की। मामले में तीन पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बा निवासी व्यक्ति ने पुत्री की शादी की बात रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक से तीन वर्ष पूर्व हुई थी। कुछ समय बाद पिता ने युवक के आचरण देखकर रिश्ते से मना कर दिया। लेकिन युवक के पिता व मां शादी का दबाव लगातार बनाते रहे। 30 अप्रैल को युवक ने युवती से बात करने के उद्देश्य से बुलाकर जहां युवती से युवक ने छेड़छाड़ व गलत इरादे से पकड़ लिया व युवती को जान से मारने की धमकी दी। युवती ने किसी तरह अपनी जान बचाई। इसी दौरान युवती अपनी रिश्तेदारी में दिल्ली चली गई। तीन दिन पहले घर लौट कर युवती ने अपने पिता को अपने साथ हुई घटना के विषय में बताया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के माता-पिता सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# घर के आगे गंदा पानी बहाने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**विवाद**
- पानी बहाने का विरोध करने पर आरोपियों ने की मारपीट
- तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** घर के बाहर गंदा पानी बहाने को लेकर दो परिवारों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मारपीट होने लगी और आरोपियों ने पीड़ित पक्ष को घर में घुसकर लाठी-डंड़ों से पीटा। मामले में पुलिस ने एक पक्ष के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

नगर के मोहल्ला मोहम्मदी सराय निवासी जोगिंदर कुमार और कृपाल सिंह पड़ोसी है। जोगिंदर ने पड़ोसी कृपाल पर आरोप लगाया कि उसके परिवार के लोग हर रोज उसके घर के सामने गंदा पानी डाल देते हैं। जिसको लेकर वह कई बार उनको समझा भी चुका था। आठ जून को कृपाल सिंह, अमित, शंकर, बरखा, विद्या, ममता और ज्योति उसके घर के आगे गंदा पानी डाल रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। घर में घुसकर लाठी डंडों से परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। जिसमें उसकी मां कस्तूरी भी घायल हो गई। मारपीट को लेकर मोहल्ले के लोग जमा हो गए। जिसको देख सभी आरोपी हमलावर मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**सैदनगली महोत्सव** महोत्सव में लोगों ने देर रात तक लिया कव्वाली का आनंद, महिलाओं ने की खरीदारी

# महोत्सव में पालिकाकर्मियों, व्यापारियों का सम्मान

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** सैदनगली महोत्सव में रविवार रात हजारों लोग कव्वाली सुनने के लिए पहुंचे। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने व्यापारियों व पंचायत के सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया।

सैदनगली महोत्सव में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी के एक साल का कार्यकाल होने पर विकसित भारत महोत्सव में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। रविवार रात महोत्सव में पहुंचे लोगों ने कव्वाली का आनंद लिया। इस अवसर पर कव्वाली कंपटीशन भी हुआ। जिसमें कलाकार तसलीम आरिफ, आलिया इंडिय और उनकी टीम उपस्थित रही। कव्वाली कंपटीशन में देश भक्ति की कव्वालियों ने समां बांध दिया। इस दौरान मंत्री गुलाब देवी, शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, संभल के भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू, चेयरमैन धनौरा प्रवीण अग्रवाल, नौशाद अली इंजीनियर, गुरेंद्र सिंह ढिल्लो ने बारावफात कमेटी के सभी सदस्यों और नगर पंचायत सैदनगली के सभी सफाई कर्मचारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वहीं बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया। महोत्सव 22 जून तक चलेगा। भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने बताया कि इस आयोजन में कई और हस्तियां भी हिस्सा लेंगी। रोजाना नए कलाकार यहां के लोगों का मनोरंजन करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी बागपत राहुल भाटी, सभासद अमित भाटी, नीटू भाटी, जगपाल सिंह, कमल वर्मा, प्रदीप वर्मा, सभासद नईम, सभासद राशिद अली, सभासद महरबान, सभासद फजले अब्बास, सत्यम गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।


कर्मचारियों व व्यापारियों को सम्मानित करतीं मंत्री गुलाब देवी, डॉ. अनुकृति चौधरी, प्रवीण अग्रवाल, अभिनव कौशिक व अन्य।

# दो घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** बिजली विभाग द्वारा ईद उल अजहा पर बिजली आपूर्ति को सुचारु रखने के दावे खोखले साबित हुए। कलेक्ट्रेट बिजली घर से दो घंटे बिजली सप्लाई के बंद हो जाने से क्षेत्र के लोगों का गर्मी में बुरा हाल हो गया।

सोमवार दोपहर 12 बजे से लेकर 2 बजे तक कलेक्ट्रेट बिजली घर से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया गया। बिजली आपूर्ति के बंद हो जाने से सुबोध नगर, पुष्कर नगर समेत कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। एसडीओ राजकुमार मिश्रा ने बताया कि कलेक्ट्रेट बिजली घर की सप्लाई को लाइन में आई खराबी के कारण बंद किया था। जिसको बाद में जल्द शुरू कर दिया गया। सोमवार के दिन नगर समेत जिले के किसी भी गांव कस्बे में बिजली आपूर्ति को बंद नहीं रखा गया। उन्होंने बताया कि लाइन में खराबी होने के कारण ही बिजली आपूर्ति को बंद किया गया है।

### बिजली कटौती से गर्मी में मचा हाहाकार

**कैसरा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती बरकरार है। रात और दिन में कई-कई घंटे बिजली गुल रहती है। ग्राम कैसरा में रविवार रात बिजली गायब रही। जिससे पूरी रात गर्मी में लोग सो नहीं सके। भले ही भीषण गर्मी में बिजली कटौती मुक्त के निर्देश दे रखे हैं। मगर इसका पालन नहीं हो रहा है। नगर में 24 घंटे व ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे का शेड्यूल निर्धारित है, मगर बिजली विभाग बराबर बिजली कटौती कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो दिन व रात में कई-कई बार बिजली सप्लाई बंद रहती है। रविवार की रात से कैसरा में पूरी रात बिजली गायब रही। ग्रामीण क्षेत्रों में इससे भी बुरा हाल है। मुश्किल से 10-12 घंटे ही बिजली आपूर्ति दी जा रही है। कैसरा गांव के शाकिर ने बताया कि भले ही गांव में 18 घंटे बिजली का शेड्यूल है, मगर विभाग महज 10 से 12 घंटे बिजली दे रहा है। रविवार की रात बिजली की घंटे बिजली गायब रही। विभागीय अधिकारी ग्रामीणों का फोन नहीं उठा रहे हैं।

### फाल्ट होने पर बाधित हुई आपूर्ति

**अमरोहा, अमृत विचार :** बिजली विभाग द्वारा नगर में ईद उल अजहा पर बिजली आपूर्ति को पूरी तरह से सुचारु रखा गया। विभाग द्वारा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का भी इंतजाम किया गया था। अधिशासी अभियंता निखिल ने बताया सोमवार को ईद उल अजहा होने पर विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति को सुचारु रखने के विशेष इंतजाम किए गए थे। त्योहार पर पूरे दिन बिजली आपूर्ति को सुचारु रखा गया और फाल्ट होने पर ही कटौती की गई। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर के खराब होने की स्थिति के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का इंतजाम किया गया था। फाल्ट की समस्या के समाधान के लिए कंट्रोल रुम खोला गया और कर्मचारियों को तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति को पूरे दिन से चालू रखा गया।

## झारखंडी महादेव सेवक संघ ने शर्बत बांटा

**गजरौला, अमृत विचार :** झारखंडी महादेव सेवक संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को निर्जला एकादशी पर शहर में इंदिरा चौक पर शिविर लगाकर राहगीरों एवं वाहन चालकों को शर्बत बांटा। यहां संगठन अध्यक्ष अमन अग्रवाल, महंत वैभव गोयल, केशव कौशिक, विट्ठल गोयल, गौरव सिंघल, वंशिक शेखर चौहान, शुभम सिंघल, पुष्पेन्द्र सैनी, विभोर जिंदल, हरि सिंघल, वरुण अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल, अंकित अग्रवाल मयंक शर्मा, अमन शर्मा, गौरव गोयल, शलभ सिंघल, शिवम सैनी, प्रशांत शर्मा रहे।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

## एक नजर

### जन प्रतिनिधियों ने दी बकरीद की मुबारकबाद

**संभल, अमृत विचार** : सपा विधायक इकबाल महमूद, सांसद जियाउर्रहमान बर्क, चेयरमैन पति चौधरी मुशीर खां, पूर्व चेयरमेन नुसरत इलाही, सपा नेता साजिद खां, हाजी मोनिस, पूर्व विधायक अकीलुर्रहमान खां, भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी फैसल, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जिलाध्यक्ष हाजी कासिम, कांग्रेस नेता मुशीर खां तरीन, हाजी आरिफ तुर्की आदि ने लोगों को बकरीद की मुबारकबाद देते हुए अमन शांति का माहौल बनाये रखने की अपील की।

### 750 कर्मचारियों ने संभाली जिम्मेदारी

**संभल अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद के ईओ आनंद कुमार कटारिया ने बताया कि कुर्बानी के बाद मलबे और ओझ को उठवाकर वाजिदमपुर और तुर्तीपुर इल्हा में स्थित डंपिंग ग्राउंड में गड्ढे खोदवाकर दबवाया गया। इस कार्य में 60 ट्रैक्टर ट्रालियों समेत 80 वाहनों को लगाया गया। करीब 750 सफाई कर्मियों ने जिम्मेदारी संभाली।

### ईद मना रहे बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत

**संभल, अमृत विचार** : सुबह को ईद की नमाज अदा करने के बाद परिवार के साथ ईद का त्योहार मना रहे बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई। शहर के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी सादिक हुसैन 61 वर्ष सोमवार की सुबह ईद की नमाज अदा करने के बाद लोगों से ईद मिल रहे थे। दोपहर में गर्मी तेज की वजह से उन्हें घबराहट के बाद सीने में दर्द उठने लगा। परिजन निजी अस्पताल पहुंच गए। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया कि हार्ट अटैक से मौत हुई है।

### गाली गलौज करने पर दो लोग गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार** : धनारी थाना क्षेत्र में गांव भैयापुर निवासी दिनेश घरेलू बातों को लेकर अपनी मां के साथ गाली गलौज कर रहा था। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव गौरीपुरा धनारी पच्ची बालू शंकर निवासी करन सिंह बच्चों के विवाद के लेकर मुहल्ला के ही प्रेम सिंह की पत्नी भगवती के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर आमादा हो रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दिनेश व करन सिंह को गिरफ्तार कर लिया।


संभल ईदगाह में ईद की नमाज के बाद दुआ करते नमाजी। ● अमृत विचार


नमाज के बाद गले मिलते नन्हें नमाजी।


चन्दौसी की बड़ी ईदगाह पर बकरीद की नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

# नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की को मांगी दुआ

## जनपद में परंपरागत तरीके से मनाई गई बकरीद, नमाज के लिए दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संभल ईदगाह पर पहुंचे डीएम और एसपी ने लिया सुरक्षा इंतजामों का जायजा
- लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर दी बकरीद की मुबारकबाद

**अमृत विचार** : जिले में बकरीद का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। शहर, कस्बों और गांवों में ईदगाहों एवं मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद की नमाज अदा की। लोगों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। लोगों ने परंपरागत तरीके से कुर्बानी देते हुए एक-दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। संभल ईदगाह पर डीएम और एसपी ने भी सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। इस बीच सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

बकरीद शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी की थी। ईदगाहों, मस्जिदों और कब्रिस्तानों के आसपास सफाई कराने के साथ ही पेयजल के इंतजाम किए गए। सोमवार को दिन निकलते ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा करने के लिए ईदगाहों और मस्जिदों का रुख किया। संभल में आदमपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह पर हर उम्र के लोगों में नमाज अदा करने के लिए उत्साह नजर आया। यहां सुबह 8.30 बजे इमामे ईदगाह मौलाना जहीरुल इस्लाम ने बकरीद की नमाज अदा कराई। लोगों ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। कहा गया कि कुर्बानी का ध्यान रखा जाए। कहीं भी ऐसी जगह कुर्बानी न करें जिससे किसी को तकलीफ हो या एतराज हो। कोई ऐसा काम न करें जिसकी वजह से अमन शांति को ठेस पहुंचे। सुकून के साथ कुर्बानी कर अमन शांति और भाईचारा बनाए रखें। लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। जिसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान कामिल एडवोकेट, सईद अख्तर इसराइली, पीरजी सय्यद तालिब हुसैन, फरजंद अली वारसी, मोहम्मद शहजाद, अदनान साबरी खान आदि रहे। सरायतरीन की ईदगाह और मस्जिद में भी नमाज अदा की गई। सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा और दूसरे क्षेत्रों में भी बकरीद की नमाज शांतिपूर्वक हुई।


सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### सुरक्षा के रहे पुख्ता प्रबंध पहुंचे डीएम और एसपी

**संभल, अमृत विचार** : ईदगाह पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत भी ईदगाह पर पहुंचे। आला अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंध देखे। मौजूद एएसपी श्रीश चंद्र, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी से जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।


सिरसी में ईद की नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

### सिरसी में हुई बकरीद की नमाज, गले मिले लोग

**सिरसी अमृत विचार** : सिरसी में बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक एवं सौहार्द के साथ मनाया गया। ईदगाह मुहल्ला गर्वी पर इमामे जुमा मौलाना एहतेशाम ने बकरीद की नमाज अदा कराई। ईदगाह मोहल्ला शर्की सादात पर मौलाना मीसम अब्बास ने नमाज अदा कराई। वहीं ईदगाह बिलारी रोड पर मुफ्ती मुहम्मद आसिफ, मस्जिद हिलाल में मौलाना मोहम्मद अब्बास, जमाए इमाम मेहंदी मस्जिद में मौलाना मेहजार अली, मस्जिद जेहरा में मौलाना इकरार रजा, मस्जिद इमाम रजा में मौलाना शमीम रजा ने बकरीद की नमाज अदा कराई। लोगों ने भाईचारे के साथ एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। जिससे खुशियों का माहौल बना रहा। बच्चों के चेहरे भी खिले नजर आए।

### शांतिपूर्वक संपन्न हुई नमाज

**संभल/ओबरी अमृत विचार** : असमोली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थित ईदगाहों और मस्जिदों में बकरीद की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मुल्क में अमन चैन और कौम की सलामती के लिए दुआ मांगी। लोगों एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। ओबरी में स्थित ईदगाह पर बकरीद की नमाज सोमवार को सुबह सात बजे सैय्यद रिजवान मियां कादरी ने अदा कराई। मौलाना ने कुर्बानी की फजीलत बयान की। नमाज के बाद लोगों ने अपने अपने घरों में जाकर परंपरागत तरीके से जानवरों की कुर्बानी दी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच ईदगाह व मस्जिदों में अदा की गई नमाज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- बड़ी और छोटी ईदगाह समेत प्रमुख मस्जिदों में हुई नमाज
- युवाओं में दिखा उत्साह, सीकरी गेट पर लगा मेला

**अमृत विचारः** मुस्लिम समाज में ईद उल अजहा का त्योहार धूमधाम व परंपरागत तरीके से मनाया गया। लोगों ने ईदगाह व मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की और एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। बड़ी व छोटी ईदगाह पर पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासनिक अधिकारी लोगों से गले मिले।

सोमवार की सुबह साढ़े सात बजे बड़ी ईदगाह पर ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई गई। नमाज शहर इमाम मौलाना नाजिम ने अदा कराई और शहर काजी मरगूब ने खुतबा पढ़ाया। इसके बाद मुल्क व शहर में अमन चैन व भाईचारे को दुआ कराई। इसके बाद छोटी ईदगाह सहित शहर में सभी मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कराई गई। जबकि महिलाओं ने घरों पर नमाज अदा की। इसके बाद नमाज के बाद बड़ी ईदगाह पर प्रशासन व पुलिस ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी। देर शाम तक घर-घर जाकर मुबारकवाद देने का सिलसिला जारी बना रहा।

वहीं शांत व्यवस्था बनाए रखने के लिए ईदगाह पर पुलिस बल तैनात किया गया। इस अवसर पर हाजी कलीम अनवर, तनवीर कुरैसी, शकील वारसी, मास्टर रफीक, मास्टर बाबू हुसैन, अब्दुल हमीद सैफी, जफरुद्दीन, इरफान मलिक, मलिक अहमद नूर आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


हिंदू जागृति महिला मंच की नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी। ● अमृत विचार

### हिंदू जागृति महिला मंच की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**चन्दौसी, अमृत विचार** : नगर के फव्वारा चौक स्थित एक रेस्टोरेंट में हिंदू जागृति महिला मंच की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष मीनू रस्तौगी ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। सर्वप्रथम नेहा मलय, आशा गुप्ता, सरिता गुप्ता व बबीता भारद्वाज ने भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन किया। जिलाध्यक्ष मीनू रस्तौगी ने अब तक के किए गए कार्यक्रम के बारे में बताया तथा आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा भी बनाई। जिसके लिए कार्यकारिणी का होना आवश्यक बताया। सर्वसम्मति से गंगा रस्तोगी एडवोकेट को जिला उपाध्यक्ष, शोभा गर्ग को जिला प्रभारी, रूपाली गुप्ता को जिला महामंत्री, ज्योति गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष, शीतल गुप्ता को जिला प्रवक्ता तथा वंदना को जिला मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से सम्मानित किया। नगर अध्यक्ष शालिनी रस्तोगी, सीमा आर्या तथा प्राची गुप्ता ने प्रत्येक महीने में एक बैठक अवश्य आयोजित करने का सुझाव रखा। कहा कि जिसमें सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। जिसका सभी ने अनुमोदन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नेहा मलय, प्रभारी आशा गुप्ता, उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता तथा महामंत्री बबीता भारद्वाज को नगर तथा जिले की टीम की ओर से माल्यार्पण करके सम्मानित भी किया गया।

### कार से बचाने में सड़क पर पलटा ई रिक्शा, सात घायल

**संभल, अमृत विचार** : नखासा थाना क्षेत्र में कार से बचने के चक्कर में सड़क किनारे ई रिक्शा सड़क पलटने से होमगार्ड सहित सात लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कंपनी कमांडर ने होमगार्ड को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव भमौरी पट्टी निवासी होमगार्ड रनवीर सिंह यादव सोमवार की शाम असमोली थाने में डयूटी करने के बाद घर आने के लिए बस में सवार होकर संभल आ गया। नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला रायसत्ती में स्थित अमरोहा बस स्टेंड पर बस से उतरने के बाद रनवीर सिंह यादव ई रिक्शा में सवार हो गया। साथ में छह सवारियां और भी ई रिक्शा में सवार थी। चालक ई रिक्शा लेकर जैसे ही थोड़ी दूर पहुंचा। सामने से आ रही कार से बचने के चक्कर में ई रिक्शा सड़क किनारे पलट गया और रनवीर सिंह यादव सहित सभी लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर कंपनी कमांडर संजय कुमार गुप्ता ने आनन फानन में रनवीर सिंह यादव को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया। वहीं अन्य सवारियों का पास के निजी डॉक्टर से उपचार कराया गया।

### गंगा में उतराता मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**गुन्नौर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगावास के पास गंगा में अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार दोपहर बाद गंगावास के समीप गंगा में करीब 35 वर्षीय व्यक्ति का शव गंगा में उतरा रहा था। शव को देखकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

### महिलाओं ने कुष्ठ रोगियों को वितरित की सामग्री

**बहजोई, अमृत विचार** : जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला उन्नति से जुड़ी महिलाओं जायंट्स इंटरनेशनल के प्रथम विश्व अध्यक्ष पद्मश्री नाना चूड़ा समाज की पुण्यतिथि पर कुष्ठ आश्रम पर पहुंचकर कुष्ठ रोगियों को दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली की सामग्री वितरण की।जायंट्स ग्रुप का महिला उन्नति से जुड़ी पदाधिकारी ने कुष्ठ आश्रम पर जॉयंट्स इंटरनेशनल के प्रथम विश्व अध्यक्ष पद्मश्री चूड़ासमा पर सभी महिलाओं ने कुष्ठ रोगियों को राहत सामग्री के रूप में दैनिक जीवन का सामान उपलब्ध कराया। कुष्ठ रोगियों से वार्ता कर उनके जीवन के अनुभव को साझा किया। अध्यक्ष मीनू कमल वार्ष्णेय ने सभी लोगों को बेहतर जीवन जीने के टिप्स दिए। इस दौरान अध्यक्ष अनुपम अग्रवाल, सचिव नैना गुप्ता, मेघा, रेणु, डॉली वार्ष्णेय, कुसुम, कुमकुम, रजनी, ज्योति, संध्या, मनीषा बजाज, आदि महिलाओं ने सहयोग किया।


बहजोई में ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

# कौम व मुल्क की तरक्की के लिए काम करें

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** नगर व ग्रामीण अंचलों में बकरीद का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह पर पहुंचकर नमाज अदा की। कौम व मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं कीं। वहीं एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दी।

बकरीद पर बहजोई चंदौसी मार्केट से ईदगाह पर मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग ईद की नमाज अदा करने पहुंचे। जहां उन्हें बड़ी मस्जिद के इमाम हाफिज आले नबी ने ईद की नमाज अदा कराई। वहीं कौम व मुल्क की तरक्की के लिए हाथ उठाकर दुआएं कीं। हाफिज अली नबी ने कहा कि सभी को कौम मुल्क की तरक्की के लिए आगे आकर काम करना चाहिए। ईदगाह से बाहर निकलते हुए सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान रहीस अहमद कुरैशी, हाजी जब्बार, अकील अहमद, निसार अहमद, कृष्ण मुरारी शंखधार सहित आदि ने ईद की मुबारकबाद दी। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी के नेतृत्व में कोतवाल सत्येंद्र पवार सहित भारी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में तैनात दिखा।

### गुन्नौर में उत्साहपूर्वक मना बकरीद का त्योहार

**गुन्नौर, अमृत विचार** :गुन्नौर तहसील क्षेत्र में बकरीद का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। सुबह 8 बजे बड़ी ईदगाह में खानकाह आलिया कादरिया से आए मौलाना कारी मशकूर काजी ने नमाज अदा कराई। मुस्लिमों ने कुर्बानी के बाद अपने रिश्तेदारों एवं गरीबों के बीच सेवईं तकसीम कीं।

सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे जामा मस्जिद पर मुस्लिम समाज के लोगों ने पहुंचकर अल्लाह की बारगाह में सजदा किया। यहां पेशे इमाम हाफिज मुंफिक कादरी ने अमन शांति को दुआ मांगी। ईद की बधाई देने के लिए सर्व समाज के लोग व पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। लोगों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। नमाज के बाद लोगों ने घरों में पहुंच कर कुर्बानी की रस्म पूरी की। एसडीएम रमेश बाबू, बीडीओ नरेश पाल सिंह और कोतवाल संजीव बालियान भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# मारपीट कर किशोरी का दबाया गला, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**विवाद**

- घर के आगे कूड़ा डालने के विरोध पर भड़के पड़ोसी
- सीएचसी से गंभीर हालत में किशोरी को जिला अस्पताल रेफर किया

**अमृत विचार** :गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में घर के आगे कूड़ा डालने के विरोध पर किशोरी के साथ पड़ोसियों ने मारपीट की। इतना ही नहीं, किशोरी का गला दबाया तो वह बेहोश हो गई। सीएचसी से गंभीर हालत में किशोरी को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

थाना क्षेत्र के गांव बाघऊ निवासी कन्हई की बेटी हेमलता सोमवार को नाली की सफाई कर रही थी। तभी पड़ोसियों ने नाली का कूड़ा घर के दरवाजे के पास डाल दिया। हेमलता ने घर के आगे कूड़ा डालने को मना किया तो पड़ोसी भड़क गए। आरोप है कि पड़ोसियों ने हेमलता के साथ मारपीट की। जान से मारने के लिए हेमलता का गला भी दबाया। शोर मचाने पर परिजनों ने पहुंचकर हेमलता को बचाया। इस बीच वह बेहोश हो गई। परिजन हेमलता को लेकर पुलिस चौकी बबराला के बाद गुन्नौर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने हेमलता को सीएचसी भेज दिया। डॉक्टर ने उपचार करके हेमलता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पवन सिंह ने बताया कि किशोरी की हालत गंभीर है। गले में चोट के निशान हैं। इसलिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं कन्हई ने पूरे मामले की जानकारी देकर पुलिस से इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई है।

# गेहूं खरीद का लक्ष्य हासिल करने में पिछड़ा सरकारी तंत्र

कार्यालय संवाददाता, संभल

- जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष महज 29.05 प्रतिशत हो सकी खरीद

**अमृत विचार** :सरकार ने इस बार गेहूं खरीद के लिए एक महीने पहले क्रय केंद्रों का संचालन शुरू कराया लेकिन उम्मीद के मुताबिक गेहूं खरीद नहीं हो सकी। शासन से जो लक्ष्य मिला था, उसका महज 29.05 प्रतिशत गेहूं ही खरीदा जा सका। अब माना जा रहा है कि बाजार में अधिक दाम के कारण सरकारी क्रय केंद्रों पर कम गेहूं खरीदा गया।

इस बार एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्र शुरू किए गए। महीनेभर तक क्रय केंद्रों पर सन्नाटे का माहौल बना रहा। अप्रैल के महीने से गेहूं क्रय केंद्रों पर पहुंचा तो अधिकारियों ने सोचा कि इस बार अच्छी खासी खरीद कर लेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरकारी स्तर पर गेहूं का भाव 2275 रुपये प्रति कुंतल रहा तो बाजार में इससे ज्यादा दाम पर गेहूं की बिक्री हुई। क्रय केंद्रों पर सन्नाटे का माहौल बना और आढ़तियों के यहां रोजाना सैकड़ों कुंतल गेहूं की तौल होती गई। इस बीच लोकसभा चुनाव आया तो अधिकारी व्यस्त हो गए। हालांकि मोबाइल टीमों के जरिये भी किसानों से संपर्क किया गया लेकिन गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ गए। वैसे तो गेहूं खरीद 15 जून तक होनी थी लेकिन गेहूं नहीं आने के कारण कई दिनों पहले ही क्रय केंद्र भी बंद कर दिए गए। आंकड़े देखें तो संभल जिले को 9 लाख 60 हजार कुंतल गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था जबकि 2 लाख 79 हजार कुंतल गेहूं खरीदा जा सका है।

डिप्टी आरएमओ विजयता सिंह का कहना रहा कि जिले में लक्ष्य के सापेक्ष 29.05 प्रतिशत गेहूं खरीद हुई है। संभल की तरह पूरे प्रदेश की यही स्थिति सामने आई है। वैसे संभल जिले की प्रदेश में अच्छी स्थिति है।

**स्वास्थ्य** शिविर के तीसरे दिन दी गई आसनों की जानकारी

# साधकों को कराए बीपी और मोटापे में लाभकारी योगासन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति और नगर पालिका परिषद संभल के संयुक्त तत्वावधान में चले योग शिविर के तीसरे दिन लोगों को विभिन्न योगासन कराए गए। बीपी और मोटापा से जुड़ी समस्याओं में लाभकारी योगासनों की जानकारी दी गई। यह भी बताया कि लोगों को किन चीजों का सेवन करना चाहिए।

नगर के शंकर इंटर कॉलेज परिसर में चल रहे योग शिविर में राज्य कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप ऐरन, जिला मीडिया प्रभारी हरनाम सिंह, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्णा ग्रेवाल, योग शिक्षक संजय देवल, भूरे लाल, कुंतल अरोरा, सीमा गुप्ता, अजय रस्तोगी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर शुरूआत की। मुख्य योग शिक्षक कुलदीप ऐरन, कृष्णा ग्रेवाल, संजय देवल ने योग साधकों को योगाभ्यास कराया। बीपी और मोटापा से जुड़ी समस्याओं में लाभकारी योगासनों के बारे में बताया।

इन समस्याओं से जुड़े लोगों को किन-किन चीजों का सेवन करना चाहिए और किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इसकी भी जानकारी दी। साधकों सूक्ष्म व्यायाम, योगिनी जॉगिंग और प्राणायाम कराए गए। बीपी और मोटापे में लाभकारी आसन अनुलोम विलोम, कपालभाति का अभ्यास कराया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तहसील प्रभारी डॉ. प्रदीप त्यागी ने कहा कि ब्लड प्रेशर को जल्दी कम करने के लिए नमक का सेवन सीमित करें। सैंधा नमक का सेवन करते हुए संतुलित मात्रा में आहार लिया जाए। इस दौरान विष्णु सरन रस्तोगी, बाला रस्तोगी, ऋषभ श्रीवास्तव, उज्जवल सक्सेना, सुधीर भटनागर, वोकेश शर्मा आदि रहे।



शंकर कॉलेज में योग शिविर के दौरान योगाभ्यास कराते योगाचार्य। ● अमृत विचार

## एक नजर

### कार की टक्कर से किसान घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुरसानी निवासी विमल सोमवार की सुबह नौ बजे भैंसा बुग्गी में लादकर पशुओं को खिलाने के लिए खेत से चारा लेकर आ रहा था। विमल भैंसा बुग्गी लेकर जैसे ही असमोली मार्ग पर स्थित गांव में ही प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचा। असमोली की ओर से आ रही कार ने ओवरटेक करते समय बुग्गी में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे विमल घायल हो गया और बुग्गी व कार क्षतिग्रस्त हो गई।

### घूर व पेड़ में लगी आग पहुंची दमकल

**जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव अहरौला नोआबाद निवासी महीपाल, पप्पू, जयपाल, रोहताश, चंद्रकेश सहित अन्य ग्रामीणों के गांव के पास ही जुनावई मड़िकावली मार्ग पर घूर बिटौरे व भूस के बोंगे रखे हुए हैं। सोमवार की दोपहर अचानक से घूर में आग लग गई। हवा तेज होने की वजह से घूर से निकली चिंगारी ने एक नीम के पेड़ को भी अपनी चपेट में ले लिया और आग फैलती चली गई। ब्लाक प्रमुख मुकेश यादव की सूचना पर पानी से भरा वाहन लेकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और घंटों मशक्कत कर आग को बुझाया।

### टेंपो की टक्कर से किशोर गंभीर घायल

**बहजोई, अमृत विचार :** गांव परतापुर निवासी कपिल पुत्र डालचंद उम्र 14 वर्ष साइकिल पर सवार होकर गांव के ही निकट खेत पर गया हुआ था मक्का के खेत से काम कर वह अपनी साइकिल पर सवार होकर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह बहजोई संभल मार्ग स्थित गांव परतापुर के निकट पहुंचा तो संभल की ओर से आ रहे टेंपो ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल किशोर को उपचार के लिए संभल के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सक ने मेरठ रेफर कर दिया।

**स्टंट कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे युवा, गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालु भी होते हैं नाराज**

# गंगा में कहीं बाइक से स्टंट तो कहीं बल्लियों पर उछल कूद

संजीव वार्ष्णेय, बबराला

**अमृत विचार:** जहां लाखों श्रद्धालु पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचते हैं तो वहीं कुछ युवा गंगा में स्टंट कर जान जोखिम में डाल रहे हैं। गंगा में बाइक दौड़ाते व बल्लियों पर उछल कूद करते युवाओं की हरकतों से श्रद्धालु भी खफा नजर आते हैं।

जनपद संभल के राजघाट गंगा तट पर रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचते हैं। वहीं इन श्रद्धालुओं के बीच इन दिनों गंगा में स्टंटबाजी करने वाले युवा भी नजर आने लगे हैं।

गंगा में कहां, कितना गहरा पानी है इसका अंदाजा नहीं लग रहा लेकिन जान के खतरे को दरकिनार कर युवक गंगा में खतरनाक स्टंट कर रहे हैं। आए दिन गंगा में डूबने की खबरें सामने आने के बाद भी पुलिस इन स्टंटबाजों पर अंकुश नहीं लग पा रही है। गंगा में स्नान कर रहे श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच युवक बाइक को गंगा में दौड़ाते दिख जाते हैं। गंगा की लहरों में दौड़ रही बाइक से स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। बेखौफ स्टंटबाज ने गंगा घाट पर सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों की मौजूदगी को भी नजरअंदाज कर दिया।


बबराला राजघाट पर गंगा में बाइक दौड़ाता युवक।


गंगा तट पर बल्लियों पर उछल कूद करते युवक। ● अमृत विचार

### नाव में भी बिना लाइफ जैकेट करा रहे सफर

**बबराला, अमृत विचार :** गंगा में मोटर वोट और नाव चालक श्रद्धालुओं को बिना सेफ्टी जैकेट के ही नौका विहार करा रहे हैं, जिससे हादसा होने की आशंका बनी रहती है। क्षमता से ज्यादा सवारी बैठाने से लोगों की जान जोखिम में होने के बावजूद पुलिस-प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी तमाशबीन बने हैं।

### बल्लियों पर उछल कूद के भी नजारे दिखे

**बबराला, अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए आमतौर पर सुबह-शाम आसपास गांवों के दर्जनों युवा और बच्चे गंगा घाट पहुंचते हैं। गंगा में गहराई वाले स्थान चिन्हित करने के लिए लगाए गए बल्ली पर चढ़ ऊंचाई से एक बच्चे के कूदने के बाद दूसरा बच्चा भी पानी में कूद कर स्टंट करते हैं। इस तरह से दर्जनों बच्चे प्रतिदिन मौत का खेल खेल रहे हैं। यह स्टंट कभी भी किसी बड़े हादसे का सबब बन सकता है। यह नजारा अक्सर देखने को मिलता है।

# कुत्ते ने बालक समेत तीन लोगों को किया घायल, गुस्साए लोगों ने पीट कर मार डाला

## पावर हाउस की मढैय्या में बालक, महिला और एक पुरुष का सीएचसी में कराया उपचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** पॉवर हाउस की मढैय्या में कुत्ते ने बालक सहित तीन लोगों पर हमलाकर घायल कर दिया। एकत्रित लोगों ने कुत्ते को लाठी से पीट कर मार डाला। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। उपचार के बाद चिकित्सक ने घायलों को घर भेज दिया।

पॉवर हाउस की मढ़ैय्या में दुर्वंत सिंह अपने परिवार के साथ रहता है। सोमवार की सुबह साढ़े दस बजे उसका पुत्र सात वर्षीय निशांत पास ही में अपनी मां पूनम की दुकान के बाहर खड़ा था। तभी एक कुत्ता आया और बालक के बाये पैर में काट लिया। कुछ आगे जाकर इस कुत्ते ने बदायूं चुंगी पर बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया।

बाइक सवार युवक अमन राठौर पुत्र नरेश पाल सिंह निवासी असालतपुर जारई घायल हो गया। इससे पहले मोहल्ले में ही कुत्ते ने महिला गुड़िया पर हमला कर घायल कर दिया। आधे घंटे के अंतराल में कुत्ते ने तीन लोगों पर हमलाकर घायल करने की खबर से आसपास क्षेत्र में हलचल मच गई। कुछ देर बाद आसपास के लोग एकत्र हुए और लाठी-डंडे लेकर कुत्ते को खोजा और लाठियों से पीटकर मार डाला।


कुत्ते के हमले में घायल बालक को ले जाता युवक। ● अमृत विचार

- निशांत दुकान के बाहर खड़ा था, तभी कुत्ते काट लिया
- बाइक सवार युवक को भी बनाया अपना शिकार

> भीषण गर्मी व धूप से जानवर भी परेशान हैं। जिससे वह खूंखार होते जा रहे हैं। इसलिए अपने बच्चों को कुत्ते व बंदरों से बचाने की आवश्यकता है। इस समय जानवरों को पेट भर भोजन भी नहीं मिल पा रहा है। सावधानी बरतनी आवश्यक है।
> -डॉ. हरवेंदर सिंह, प्रभारी, सीएचसी

## 46 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा, लू से बढ़ी दिक्कतें

**संभल, अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने लोगों की जीना मुहाल कर दिया है। लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में रहने को विवश हैं। जिले में अधिकतम तापमान 46 डिग्री के आसपास बना रहा। सोमवार सुबह से ही गर्म हवाएं चलने लगी। हवाओं का साथ तेज धूप ने दिया जिससे लोग हलकान हुए।

बदलते मौसम में इन दिनों मरीजों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। डॉक्टरों का कहना है कि भीषण गर्मी व तेज धूप के साथ लू भी चल रही है जो घातक साबित हो सकती है। लू खास तौर पर बच्चों व बुजुर्गों के लिए मुसीबत से कम नहीं है। अभी तक बारिश नहीं होने से गन्ने की फसल भी तेज धूप के चलते प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि बारिश नहीं होने और लगातार तापमान बढ़े रहने से गन्ने की फसल झुलसने लगी है। हरा चारा भी मुर्झाने लगा है। यदि शीध्र बारिश न हुई तो इससे किसानों की परेशानी आने वाले समय में और बढ़ सकती है।

# रानी लक्ष्मीबाई की वीर गाथा को किया याद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से सोमवार को कृष्णा नगर कालोनी में सुरेश चंद्र शर्मा के आवास पर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की माता जीजाबाई की पुण्य तिथि मनाई गई। सर्वप्रथम दोनों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। रानी लक्ष्मीबाई की वीरगाथा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवंबर 1828 को वाराणसी में हुआ था। इनके बचपन का नाम मणिकर्णिका था, प्यार से सभी मनु कहते थे। मां के निधन के बाद पिता मोरोपंत तांबे बाजीराव द्वितीय के दरबार में मनु को ले जाने लगे। वहीं शास्त्रों की शिक्षा के साथ शस्त्र शिक्षा भी प्राप्त की। 1842 में आपका विवाह झांसी के मराठा शासित राजा गंगाधर राव नेवालकर के साथ हुआ, और वह झांसी की रानी बन गईं। विवाह के बाद उनका नाम रानी लक्ष्मीबाई रखा गया। रानी लक्ष्मीबाई ने अपने पुत्र दामोदर राव को राजसिंहासन पर बैठाया और ब्रिटिश शासन ने राज्य हड़प नीति के तहत दामोदर राव के खिलाफ मुकदमा कर दिया वह बाद में खारिज हो गया। रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी की रक्षा करने का संकल्प लिया। 17 जून 1858 को ग्वालियर के पास कोटा सराय मे ब्रिटिश सेना से युद्ध हुआ जिसमें रानी लक्ष्मीबाई वीरगति को प्राप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन दिनेश चंद्र गुप्ता ने किया। सच्चिदानन्द शर्मा, प्रमोद कुमार गुप्ता, अनिल कुमार शर्मा, हरी सिंह यादव, शिवशंकर मिश्रा, गंगा देवी, भास्कर मिश्रा, संजीव मिश्रा ने विचार व्यक्त किए।


रानी लक्ष्मी बाई का बलिदान दिवस मनाते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# ट्रैक्टर ट्राली में खड़े किशोर की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर जान गई

संवाददाता, संभल/कैलादेवी

**अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र में गोशाला में पहुंचाने के लिए खेत में मक्का का हरा चारा रखते समय ट्रैक्टर ट्राली में खड़े किशोर की हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही किशोर के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर छोईया निवासी हरप्रसाद का 17 वर्षीय बेटा इंद्रपाल अलग अलग गांवों की गोशाला में गोवंशीय पशुओं के लिए चारा पहुंचाने का काम करता था। गांव के नजदीक स्थित मक्का के खेत से होकर हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजर रही है। सोमवार की तड़के चार बजे इंद्रपाल गांव के ही छह सात मजदूरों के साथ गोशाला में पहुंचाने के लिए खेत में हाईटेंशन लाइन के नीचे ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर उसमें मक्का का हरा चारा रख रहा था। इस बीच इंद्रपाल जैसे ही ट्राली में रखे मक्का के चारे के ऊपर खड़ा हुआ। हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर गंभीर रुप से झुलसकर जमीन पर गिर गया। इससे साथी मजदूरों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन में इंद्रपाल को लेकर निजी अस्पताल संभल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान इंद्रपाल ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए ही इंद्रपाल का शव लेकर घर चले गए।

- खेत में ट्रैक्टर ट्राली में हरा चारा रखते समय हुआ हादसा

### झुलसे युवक की उपचार के दौरान मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महिला मित्र से विवाद के बाद 12 जून की रात युवक ने पेट्रोल छिड़क स्वयं को आग लगा ली। जिसमें युवक बुरी तरह झुलस गया था। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन युवक को दिल्ली ले गए थे। जहां दिल्ली के अस्पताल में रविवार की रात आठ बजे उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। कोतवाली क्षेत्र के घटलेश्वर गेट निवासी अविवाहित श्याम कश्यप 22 पुत्र धर्मपाल पकौड़ी का ठेला लगाता था। बुधवार की रात युवक का अपनी महिला मित्र के घर पर उससे झगड़ा हो गया था। जिससे क्षुब्ध होकर युवक ने पेट्रोल छिड़क स्वयं को आग के हवाले कर दिया था। परिजन युवक को दिल्ली उपचार के लिए गए थे। रविवार की रात आठ बजे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।


मालवीय चौक पर राहगीरों को आइसक्रीम वितरित करते दुकानदार।

# गर्मी में दुकानदारों ने राहगीरों को आइसक्रीम वितरित की

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी व तेज धूप में राहगीरों को राहत दिलाने के लिए मालवीय चौक के पास दुकानदारों ने आइसक्रीम का वितरण किया। आइसक्रीम के लिए लोगों को भीड़ जुटी रही। आइसक्रीम खाने के बाद लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।

सोमवार को भी भीषण गर्मी व धूप के चलते तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। आवश्यकता होने पर ही लोग अपने घरों से बाहर निकले। वहीं मालवीय चौक स्थित दुकानदारों ने राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए आइसक्रीम का वितरण किया। जिससे कुछ ही देर में आइसक्रीम लेने वालों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। वाहन चालकों को रोक-रोककर आइसक्रीम दी गई। । इस दौरान सामर्थ अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, मोहन लाल मेहता, सौरव मिश्रा, ओम सिंह, हरिओम गोयल, मनोज कटारा, भोला वार्ष्णेय, पीयूष आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** | ब्रजनगर कालोनी स्थित भोलेनाथ भवन में हुआ सम्मान समारोह

# वार्ष्णेय दर्शन पत्रिका ने मेधावियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** चन्दौसी से प्रकाशित वार्ष्णेय दर्शन पत्रिका की ओर से ब्रजनगर कॉलोनी स्थित भोलेनाथ भवन पत्रिका कार्यालय पर मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में बिसौली से नीरज वार्ष्णेय साईं राम, भाजपा नेता मुरली मनोहर वार्ष्णेय, व्यापारी नेता धर्मेंद्र वार्ष्णेय समेत वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी तथा डॉ. विदुषी गुप्ता को मंच पर विराजमान कराया गया। सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

प्रधानाध्यापिका अर्चना वार्ष्णेय, पत्रिका के प्रधान संपादक साहू सावेन्द्र, संपादक मधुर वार्ष्णेय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अविका वार्ष्णेय, शताक्षी वार्ष्णेय तथा शतक्ष वार्ष्णेय ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोह लिया। पूर्व पालिका अध्यक्ष रेनू कुमारी, अर्चना वार्ष्णेय, अरविंद कुमार गुप्ता, डॉ. दुर्गा टंडन ने विचार व्यक्त किए। इसके बाद हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं तथा नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावियों को इस्लामनगर के समाजसेवी तथा उद्योगपति वीरेंद्र वार्ष्णेय बॉबी तथा कविता वार्ष्णेय ने सम्मानित किया। समाजसेवी नीरज वार्ष्णेय तथा धर्मेंद्र वार्ष्णेय ने भी मेधावी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया। पत्रिका प्रतिनिधि महेंद्र पाल वार्ष्णेय तथा पुष्कर वार्ष्णेय को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र भोलेनाथ ने कार्यक्रम की सराहना की। संचालन पत्रिका के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मार्गदर्शक शैलेन्द्र वार्ष्णेय ने किया।

इस अवसर केजी गुप्ता, सुमनेश वार्ष्णेय, शंकर लाल वार्ष्णेय, सुशांत वार्ष्णेय डीएस, दीपक वार्ष्णेय डीएस, डॉ. संजय वार्ष्णेय, डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, सुशील भोलेनाथ, सर्वेश वार्ष्णेय चीनी, सर्वेश वार्ष्णेय एलआईसी, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, मुकेश वार्ष्णेय ब्रेड वाले, धीरेंद्र वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, अमित वार्ष्णेय, नम्रता वार्ष्णेय, हिना वार्ष्णेय, शालिनी वार्ष्णेय, दीप्ति वार्ष्णेय, वर्षा वार्ष्णेय, शकुंतला देवी, प्रियंका वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।


समारोह में बच्ची को सम्मानित करतीं अतिथि। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


कांवड़ सेवा समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### शिव बरात की तैयारियों को लेकर किया मंथन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री कांवड़ सेवा समिति की एक बैठक सोमवार को कैथल गेट स्थित विजय कुमार के आवास पर हुई। जिसमें श्रावण मास की महाशिवरात्रि महोत्सव दो अगस्त शुक्रवार को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया और तैयारियों को लेकर मंथन किया। वक्ताओं ने कहा कि श्रावण मास की शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर एक अगस्त को इस बार भी शाम पांच बजे से कैथल गेट से भगवान भोले नाथ की भव्य बरात निकाली जाएगी। बरात में स्वचलित झाकियों के साथ अन्य झांकियां व तांडव नृत्य का स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार लिए फ्लेक्सी, पोस्टर, स्टीकर आदि के बारे में रूप रेखा तैयार की गई और झाकियां तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि तैयारियों को लेकर आगामी समीक्षा बैठक एक जुलाई को आयोजित की जाएगी। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विजय कुमार ने की। बैठक में गिरिश चन्द्र, प्रवीन गुप्ता, कन्हैया वार्ष्णेय, सौरभ, बंटी, गिरिराज किशोर, ज्ञान प्राकाश शर्मा, संजीव कुमार, नवल कुमार, मुकेश कुमार आदि सदस्य उपस्थित रहे।


जायंट्स के संस्थापक के जन्मदिन पर पौधरोपण करती महिला शक्ति की पदाधिकारी।

### जांयट्स संस्थापक के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति की ओर से सोमवार को बिसौली गेट बिहारीजी की धर्मशाला में गंगा दशहरा एवं जायंट्स के संस्थापक नाना चुडास्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। दीप प्रज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही दस दिवसीय योग शिविर का आरंभ किया गया। अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया कि ग्रुप का लक्ष्य समाज सेवा तथा प्रकृति की रक्षा करना है। पेड़ ही जीवन है। वातावरण को शुद्ध रखने के लिए ऑक्सीजन बढ़ाने को पौधरोपण करना जरूरी है। ग्रुप के सदस्यों ने अपने-अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मृदुल अग्रवाल, अनुराधा, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, उषा वार्ष्णेय, पदमा भार्गव, रानी अग्रवाल, रेखा रस्तोगी, कविता बच्चन, मीरा गोयल, उषा, मंजू, अलका, नीलिमा, सुनीता, चंचल, नीलम, शैलेश, ममता, रेशमा आदि उपस्थित रहीं।


मंदिर में पूजन करतीं ब्राह्मण महिला सभा की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### निर्जला एकादशी पर पूर्णागिरी मंदिर में किया पूजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला सभा की ओर से सोमवार की सुबह 11 बजे से गोशाला रोड स्थित पूर्णागिरी मंदिर मिलक में निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में पूजन किया गया। सभा की संरक्षिका उर्मिला शर्मा, अध्यक्ष सरोज शर्मा, महामंत्री रंजना शर्मा सहित सभी सदस्यों ने श्री गणेश जी भगवान का पूजन करके किया। महामंत्री रंजना शर्मा ने निर्जला एकादशी पर्व के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को निर्जला एकादशी मनाई जाती है। साल में कुल 24 एकादशी आती हैं। इनमें निर्जला एकादशी को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि निर्जला एकादशी पर निर्जला उपवास रखने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और मोक्ष भी मिलता है। इस दौरान स्टाल लगा कर भीषण गर्मी में रिक्शा चालकों, राहगीरों को गर्मी से राहत देने के लिए शर्बत वितरण भी किया गया। इस अवसर पर आशा सारस्वत, उर्मिला शर्मा, शालिनी शर्मा, नीलम राय, सुनीता शर्मा, अंशु नागर, रानी शर्मा, सुमन मिश्रा, रेनू शर्मा, इंद्रेश शर्मा, मीरा दुबे, सुधा शर्मा, साधना पाठक, स्वर्णलता शर्मा आदि का योगदान रहा।


बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

### प्राकृतिक आरोग्य सदन में लोगों ने किया योगाभ्यास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में रामबाग धाम स्थित बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में योगाभ्यास कराया गया। सोमवार को भी योग गुरू संदेश कुमार ने लोगों ने विभिन्न प्रकार के योगासन आदि का अभ्यास कराने के साथ ही योग से दूर होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया। आरोग्य सदन के स्वामी फूलप्रकाश वार्ष्णेय व भुवनेश वार्ष्णेय ने बताया कि बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में रोजाना प्रात काल में सुबह साढ़े पांच से सात बजे तक और सांय काल में पांच बजे से छह बजे तक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### रंगदारी मांगने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने प्राइवेट बस व टेंपो चालकों से रंगदारी मांगने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के उप निरीक्षक संदीप कुमार शर्मा ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 16 जून को वह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। फव्वारा चौक पर पहुंचे तो मुखबिर ने बताया कि फव्वारा चौक से दिल्ली व अन्य जगहों को प्राइवेट डग्गामार बस जाती हैं। कुछ लोग प्राईवेट बस मालिकों को डरा धमका कर अवैध वसूली करते हैं तथा डग्गामार बसों का संचालन कराते हैं। इसी प्रकार मालगोदाम रोड व डबल फाटक तथा बदायूं चुंगी पर भी बस व टेंपों मालिकों जबरन अवैध वसूली कर रंगदारी लेते व मांगते हैं। मौके पर जाकर देखा तो सब सही पाया गया। इस मामले में कोतवाली में उप निरीक्षक संदीप कुमार शर्मा की तहरीर के आधार पर कपिल निवासी सुभाष रोड, सतवीर ठाकुर निवासी औरछी चौराहा, नीरज वाल्मीकि निवासी मोहल्ला चुन्नी, पप्पू निवासी लाल मस्जिद, सतीश मुंशी पता अज्ञात के खिलाफ रंगदारी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयमः।
अहिंसा गुरुसेवा च निःश्रेयसकरं परम्॥

विद्याभ्यास, तपस्या, ज्ञान और इंद्रियों के संयम के माध्यम से विद्या प्राप्त की जा सकती है। अहिंसा और गुरु की सेवा ही सर्वोत्तम कार्य है।

## संपादकीय

# रेलवे सुरक्षा का मुद्दा

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिले में सोमवार को न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के समीप हुई ट्रेन दुर्घटना के बाद भारतीय रेलवे सुरक्षा का मुद्दा जांच के दायरे में आ गया है। इस दुर्घटना ने भारतीय रेलवे प्रणाली के भीतर सुरक्षा उपायों में खामियों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। रेल हादसे में एक मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना के कारण एक्सप्रेस ट्रेन के पिछले के चार डिब्बे और कंटेनर ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गए। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए और घायल हुए। शुरुआती संकेत से पता चलता है कि यह सिग्नल की अनदेखी का मामला है। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन सकती है। रेलवे कर्मचारियों में पर्याप्त प्रशिक्षण और संचार कौशल का भी अभाव पाया जाता है, जो उनके प्रदर्शन और समन्वय क्षमता को प्रभावित करता है। मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए रेलवे कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों, उपकरणों, प्रणालियों, सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं के संबंध में नियमित एवं व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। इस घटना ने यह सुनिश्चित करने के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित किया है कि भारतीय रेलवे उन सभी के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद हो जो इसका उपयोग करते हैं। ट्रेन को आपस में टकराने से बचाने के लिए भारत ने स्वदेशी कवच सिस्टम बनाया है। कवच भारतीय उद्योग के सहयोग से अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है।

यह कार्यात्मक कवच प्रणालियों से लैस दो इंजनों के बीच टकराव को रोकता है। एक बार सिस्टम सक्रिय हो जाने के बाद पांच किलोमीटर की सीमा के भीतर सभी ट्रेनें आसन्न पटरियों पर ट्रेनों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए रुकेंगी। कवच प्रणाली से रेल पटरियों पर ट्रेनों की टक्कर जैसी दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। योजना के अनुसार कवच प्रणाली को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रति दिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर करते हैं। हादसे में यात्रियों व रेलकर्मी की मौत ने ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा तंत्रों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। भारतीय रेलवे में सभी स्तरों पर सुरक्षा के महत्व पर जोर देकर सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही रेलवे संचालन के हर पहलू में सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी की भावना पैदा करें।

# अनियमितताओं की वेदी पर युवाओं का भविष्य



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पूरे देश में रिकार्ड अनियमितताएं देखने को मिलती हैं। वर्ष 2013 में एसएससी पेपर लीक प्रकरण के कारण परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। वर्ष 2014 में, मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक की सूचना मिली थी।

युवा राष्ट्र के मेरुदंड हैं। बीते वर्ष यही युवा वर्ग उत्तराखंड में पेपर लीक प्रकरणों के विरुद्ध मुखर हुआ था, कुछ माह पूर्व यही युवा वर्ग लखनऊ में उत्तर प्रदेश सब इंस्पेक्टर परीक्षा धांधली के विरोध में अपने अधिकारों के लिए मुखर हो रहा था। ज्यादा समय नहीं बीता है जब यही युवा बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लीक प्रश्नपत्र के लिए भी मुखरित हुआ था। व्यापम घोटाले के सामने आने पर भी यही युवा मुखरित हुआ था और आज फिर से भारत में प्रतिवर्ष सबसे ज्यादा उम्मीदवार जिस परीक्षा में बैठते है उस नीट (यूजी) के संदर्भ में भी यही परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं, लेकिन इन सबके बीच एक सकारात्मक बात यह है कि वर्तमान भारत के युवाओं ने प्रतिरोध के रास्तों को बखूबी समझा है और आज का युवा सड़कों में हल्लाबोल और विरोध प्रदर्शन से अधिक अदालती कार्यवाही के माध्यम से न्याय की तरफ आगे बढ़ता दिख रहा है।

देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष लगभग 4750 सेंटर्स में 23 लाख बच्चे मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए इस परीक्षा में उपस्थित हुए। इस परीक्षा का परिणाम वैसे तो 14 जून को प्रस्तावित था लेकिन जब पूरा देश चुनावों के रुझानों को देखने में व्यस्त था उसी समय इस परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणामों में अनियमितताएं देखी गई। विभिन्न उच्च न्यायालयों में अनेक रिट इस संदर्भ में दायर ही चुकी हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित अनियमितताएं देखी जा रही हैं।

नीट के प्रश्न पत्र में 180 प्रश्न होते हैं, जिसमें एक प्रश्न के लिए प्रत्येक सही उत्तर का भार 4 अंक होता है, इसलिए कुल अंक 720 होते हैं। गलत उत्तरों के लिए 4 अंक काट लिए जाते हैं। नीट परीक्षा के परिणाम आने के बाद यह देखने को मिला कि कुछ बच्चों को 720 में से 718 और 719 नंबर मिले हैं जो कि किसी भी तरह संभव नहीं है और इन्हीं पर सवाल उठने के बाद एनटीए ने ग्रेस मार्क्स देने की बात मानी थी। बिना किसी

देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष लगभग 4750 सेंटर्स में 23 लाख बच्चे मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए इस परीक्षा में उपस्थित हुए।

पूर्व सूचना के ग्रेस मार्क्स देने की यह परंपरा अपने आप में ऐतिहासिक थी। अभी तक प्राप्त सूचना अनुसार नीट परीक्षा में बैठने वाले 1563 छात्रों को इस बार ग्रेस मार्क्स मिले हैं। एनटीए पर जब सवाल उठे तो उसने यह माना कि इस बार उसने छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए हैं क्योंकि कई जगह एग्जाम देरी से शुरू हुआ था। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो एनटीए ने यह मान लिया कि ग्रेस मार्क्स देना गलत था। पहले यह विवाद केवल ग्रेस मार्क्स प्रदान करने तक सीमित था लेकिन बिहार और गुजरात पुलिस ने एक ऐसे घोटाले का खुलासा किया जिसके कारण आज पेपर लीक की संभावनाओं को भी बल मिला है।

तीसरा महत्वपूर्ण बिंदु सेंटर हाईजैकिंग का है। इस वर्ष कुल 67 बच्चों के 720 में से 720 अंक आए हैं। आज तक के मेडिकल परीक्षा के इतिहास में यह पहला ऐसा क्षण है। हरियाणा के बहादुरगढ़ में स्थित हरदयाल पब्लिक स्कूल में 6 बच्चों को 720 में से 720 अंक प्राप्त हुए हैं। ये ऐसे बच्चे हैं जिनको परीक्षा व्यवस्थाओं में कमी के चलते ग्रेस मार्क्स दिए गए। एक ही सेंटर और उसमें भी एक ही कक्षा से इस तरह का परिणाम अप्रत्याशित है वहीं गुजरात के गोधरा के जलाराम स्कूल में नीट का एग्जामिनेशन सेंटर में 30 छात्रों को गलत तरीके से एग्जाम दिलवाने के आरोप सिद्ध होते जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस सेंटर में गुजरात के लोकल स्टूडेंट्स के अलावा महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से भी स्टूडेंट्स आए थे। अपने प्रदेश को छोड़कर गुजरात के गोधरा के इस सेंटर में जाकर परीक्षा देने की बात भी संदेह पैदा करने वाली है। ऐसा नहीं है कि भारत में इस तरह की घटनाएं पहली बार सामने आ रही हैं। अक्टूबर 2014 में, पेपर लीक की रिपोर्ट सामने आने के बाद महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट (एचएससी) परीक्षा का भौतिकी का पेपर रद करना पड़ा। बोर्ड ने परीक्षा को बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किया। अप्रैल 2016 में, कर्नाटक माध्यमिक शिक्षा परीक्षा बोर्ड (केएसईईबी) ने पेपर लीक की रिपोर्ट सामने आने के बाद विज्ञान का पेपर रद कर दिया।

मार्च 2017 में, बड़े पैमाने पर नकल और पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड ने कला, विज्ञान और वाणिज्य स्ट्रीम के लिए इंटरमीडिएट परीक्षा रद कर दी। वर्ष 2018 में, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की अर्थशास्त्र परीक्षा के दौरान एक पेपर लीक की सूचना मिली थी, जिससे देश भर में 15 लाख से अधिक छात्र प्रभावित हुए थे। वर्ष 2019 में, सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र लीक होने के कारण नागालैंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (एनबीएसई) को अंग्रेजी और वैकल्पिक अंग्रेजी के लिए कक्षा 12 की परीक्षा बीच में ही रद करनी पड़ी थी।

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पूरे देश में रिकार्ड अनियमितताएं देखने को मिलती हैं। वर्ष 2013 में एसएससी पेपर लीक प्रकरण के कारण परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। वर्ष 2014 में, मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक की सूचना मिली थी। वर्ष 2015 में, दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड परीक्षा के दौरान पेपर लीक की सूचना मिली थी, जिसके कारण परीक्षा रद कर दी गई और परीक्षा को पुनर्निर्धारित किया गया। वर्ष 2015 में, असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) पेपर लीक प्रकरण सामने आया था। वर्ष 2016 में, नागालैंड सिविल सेवा परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक हुआ, जिसके कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ और दोबारा परीक्षा की मांग की गई। फरवरी 2018 में, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों से हिल गया था, विवाद के कारण अंततः परीक्षा रद कर दी गई और पुनर्निर्धारित की गई। सितंबर 2018 में, पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद तेलंगाना राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्ड ने कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा रद कर दी।

दिसंबर 2018 में ही पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा रद कर दी। मार्च 2018 में, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने पेपर लीक और ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की रिपोर्ट के बाद संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) की टियर-1 परीक्षा रद कर दी थी।

उत्तराखंड में तो एक पूरी श्रृंखला पेपर लीक प्रकरणों से संबंधित हमारे सामने आई। ऐसे अनेक उद्धरण शोध करने पर हमको अभी और मिल सकते हैं जिन्होंने युवाओं की मानसिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर कुठराघात किया है।

ऐसा नहीं है कि अतीत की प्रश्नपत्र लीक होने वाली घटनाओं से सीख नहीं ली गई है। फिर भी आज वह समय आ गया है कि इस विषय पर जन पटल पर परिचर्चा हो कि परीक्षा केंद्रों को किन आधारों पर संबद्ध किया जाता है? किन आधारों पर ऐसे परीक्षाकेंद्र संबद्ध हो जाते हैं जहां अलग कमरे में बैठा के पेपर लीक कराया जाता है? किन आधारों पर एक राज्य में प्रतिबंधित एजेंसी को दूसरे राज्य में परीक्षा आयोजित करने की अनुमति मिल जाती है? किन आधारों पर ऐसे परीक्षा केंद्रों को संबद्ध किया जाता है जहां बाहर से परीक्षा देने आए छात्रों के बैग रखने और चिलचिलाती गर्मी में पंखे तक की व्यवस्था नहीं होती?

किन आधारों पर ऐसे केंद्रों को परीक्षा केंद्र बनाया जाता है जहां स्नातक डिग्री के आधार पर परीक्षा दे रहा छात्र कक्षा 5 में पढ़ने वाले बच्चे के टेबल-कुर्सी में बैठकर परीक्षा देता है? 2 घंटे की परीक्षा में जहां दशमलव का भी महत्व होता है वहां इन भौतिक कमियों को आज के समय में तो हम दरकिनार कर ही नहीं सकते। इन प्रश्नों के उत्तर खोजने के क्रम में उत्तरदायी लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो और सीबीआई जांच द्वारा ऐसे कृत्यों के सच को सामने लाया जाए।

## प्रसंगवश

# लड़ाई या परस्पर व्यक्तियों का द्वंद्व



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

आजकल बड़ी चर्चा है कि आरएसएस भाजपा से नाराज है। हालांकि इस नाराजगी का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करना होगा कि यह एक संगठन के भीतर आनुषंगिक संगठनों की लड़ाई है या यह व्यक्तियों का परस्पर का द्वंद्व है। दरअसल, नवउदारवादी शक्तियां बड़ी ही होशियार होती हैं। वे आपस में ही प्रतिपक्ष बन जाती हैं और खूब शोरगुल मचाती हैं और इस प्रक्रिया में वास्तविक प्रतिपक्ष को, उसके सवालों को नेपथ्य में धकेल देती हैं। लोगबाग समझते हैं कि देखो, मोदी के अहंकार को कोस रहे हैं। फलां जी, भाजपा को सुधरने की नसीहत दे रहे हैं, अजित पवार जैसे भ्रष्टाचार के आरोपियों और शिंदे जैसे अवसरवादियों से पींगे बढ़ाने पर भी सर जी बेहद नाराज हैं। और हां, भाजपा के वाशिंग मशीन बनने पर भी नाराजगी जताई है उन्होंने। लो जी, जो सवाल दूसरे लोग उठाते वे घर में ही उठने लगे तो जनता का ध्यान घर के आपसी विवाद पर ही अधिक जाने लगा। परिचर्चा करने वाले पत्रकार बंधुओं को भी मसालों की नई छौंक मिली। यह सवाल अपनी जगह रह गया कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को खुद में शामिल कर उन्हें एजेंसियों से राहत दिलवा देना, बहुधा क्लीन चिट दिलवा देना इस देश की न्याय व्यवस्था और जनता से कितना क्रूर मजाक है। पक्ष और प्रतिपक्ष में क्या तलाशना, घर में ही नायक, प्रतिनायक, खलनायक आदि की पहचान कर लो और माफ कर दो उस घर को।

कौन नहीं जानता कि आरएसएस, जो कभी सांस्कृतिक सवालों को लेकर आगे बढ़ा था, समय के साथ कॉरपोरेट नेशनलिज्म का पहरुआ बन गया?

जेपी नड्डा ने चुनाव के पहले जो कहा वह भी इसी मनोविज्ञान से प्रेरित है जिसका स्पष्ट लब्बोलुबाब यही था कि मोदी शाह की जोड़ी सक्षम है, हर चुनौती को झेलने के लिए। तब किसी की बोली नहीं फूटी। जब चुनौतियों के सामने यह जोड़ी कुछ निस्तेज नजर आने लगी तो एकबारगी कई स्वर फूटने लगे। राजनीति बड़ी ही उलझी हुई चीज है। वह भी तब, जब यह कारपोरेट शक्तियों की दासी बन जाए और उन शक्तियों के भी आपसी हित भीतर ही भीतर टकराने लग जाएं।

# सरकार के सामने मुख्य चुनौतियां



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

आज भी देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को यदि प्रति माह राशन देना पड़ रहा है तो यह देश की आत्मनिर्भरता एवं कुशलता का द्योतक नहीं है।

जनसंख्या विस्फोट से देश के सामने विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत समस्याओं से मुक्ति पाना वर्तमान की सरकारों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। जनसंख्या विस्फोट के कारण देश में मानवीय गतिविधियों के बढ़ने से पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण, तापमान वृद्धि, बेरोजगारी, मंहगाई आदि समस्यायें प्रतिदिन- प्रतिवर्ष बढ़ते जा रही हैं। जनसंख्या के परिणाम स्वरूप प्राकृतिक संसाधनों के अभाव के साथ कृत्रिम संसाधनों की ओर बढ़ने से देश में विभिन्न समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लगातार प्राकृतिक/खनिज/ भूमि संपदाओं के दोहन से, कृषि योग्य भूमि के कटान से, सीमेंट-डामर आदि के प्रयोग से भौतिक सुविधाओं के निमित्त पेड़-पौधों के कर्तन से लगातार तापमान वृद्धि हो रही है, सशक्त कानून न होने से घर-कार्यालय-गाड़ियों में एयरकंडीशन के बढ़ते प्रयोग से तथा वनों में लगने वाली आग के कारण 50 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंच चुका है, सैकड़ों लोग गर्मी की चपेट में आने से अकाल मृत्यु को प्राप्त कर चुके हैं जो चिंताजनक विषय बन चुका है।

तापमान वृद्धि को रोकने के लिए, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण पर सशक्त कानून बनाना, सड़क मार्ग बनाने में कटने वाले पेड़ों के स्थान पर उतने ही पेड़ों का सड़क किनारे पालन पोषण करने के लिए टेंडर जारी करते वक्त ही ठेकेदार या संबंधित विभाग की जिम्मेदारी निश्चित करने के लिए सरकार की गारंटी के अधीन लाना ही होगा।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में अटल आयुष्मान योजना का उचित क्रियान्वयन न होने से निर्धन-असहाय व्यक्ति अपमानित और शोषित होने की खबरें मिलती रहती हैं जिसके लिए भी संबंधित विभाग को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है।

देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा एवं समस्या है जिसको हर युवा वर्ग अनुभव करते आया है इसको देखते हुए एवं समान वितरण को बढ़ाने के लिए नव गठित सरकार को विशेष उपाय करने होंगे। आज देश में बढ़ रही आर्थिक असमानता भी भविष्य के लिए एक समस्या के रूप में सामने है।

आज भी देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को यदि प्रति माह राशन देना पड़ रहा है तो यह देश की आत्मनिर्भरता एवं कुशलता का द्योतक नहीं है। निःशुल्क राशन से वह आत्मनिर्भर के स्थान पर पूर्णतः सरकार पर निर्भर हो गया और जिस कारण बंजर पड़ गए खेतों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में बहुत बड़ा नुक़सान होना और व्यापक राजस्व घाटा होना सर्वविदित है। गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के निमित्त कुछ प्रतिमाह धनराशि देना उचित माना जा सकता है।


बिगड़ती हुई अर्थव्यवस्था में राजनेताओं एवं देश के उच्च पदों में पदासीन जनों के विभिन्न भोग विलासितापूर्ण खर्चों को सीमित करना भी सरकार की एक सकारात्मक पहल के साथ अभिनव पहल होनी चाहिए।

किसानों की उत्पादित वस्तुओं के उचित मूल्य प्राप्ति के लिए मजबूत कानून बनाना। सब्जी, फल, अनाज आदि का एमएसपी निर्धारित करना भी नवगठित सरकार की सर्वोच्च भूमिका में होना चाहिए। राजनेताओं को एवं उनके पारिवारिक सदस्यों को मिलने वाली सुविधायें और जितनी बार विधायक-सांसद बने उतनी बार की पेंशन योजना भी इस देश के लिए अभिशाप है इसमें भी मोदी सरकार को कानून बनाना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों के बुढ़ापे को देखते हुए पुरानी पेंशन के विषय में भी विचार करना चाहिए।

सरकारी कामों में तथा सांसद-विधायक निधियों के अप्रत्यक्ष भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए कड़े कानूनों की आवश्यकता है केवल पांच वर्ष में ही एक जनप्रतिनिधि की आय-संपत्ति पचास- सौ गुना बढ़ जाना इस भ्रष्ट तंत्र का परिचायक है। संबंधित जनप्रतिनिधि की अगले पांच वर्षों में सकल आय का परीक्षण होने का कानून भी बनना ही चाहिए। देश में समान शिक्षा विषय स्वतंत्रता के पश्चात् ही चलते आया लेकिन आजतक किसी भी सरकार ने इस सम्बन्ध में प्रयास नहीं किए। 2020 की नई शिक्षा नीति के प्रावधानों से कुछ आशा की किरणें जग रही थी लेकिन अभी तक केन्द्र/ राज्य सरकारों ने इस विषय में जागरूकता कम ही दिखाई है। देश की जनता को एकमत होकर इन मुद्दों पर जागरूक होना चाहिए।

## सोशल फोरम

# देश का राजनीतिक परिदृश्य



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस समय देश का राजनीतिक परिदृश्य जनता के लिए और जनतंत्र के लिए जितना मुफ़ीद है, मेरे होश संभालने के बाद से उतना कभी नहीं रहा। सभी की ढोल में पोल उजागर हो गई। सभी को सभी के दांव अयां हो गए। बेपेंदी के लोटे, बदनीयत मुद्दे, बेबुनियाद आरोप भूलुंठित हो गए। सभी का फूला हुआ आत्मविश्वास पिचक गया। सभी को लग गया, न बड़बोलापन काम आएगा, न कुल ख़ानदान, न आज़ादी की लड़ाई का श्रेय, न धर्म और जाति का ध्रुवीकरण। अब हर क़दम फूंक-फूंक कर रखना पड़ेगा।

लोगों को विरोधियों की ताक़त पर इतना भरोसा और अपनी ताक़त पर इतना संदेह कभी नहीं रहा। अपना-अपना दूषित लक्ष्य पूरा होने का भरोसा किसी को नहीं रहा। भारतीय जनता इतनी होशियार और अबूझ हो सकती है, इसका अंदाज़ा किसी को नहीं रहा। थोड़ा सच और ढेर सारा झूठ मिलाकर, गंभीर से गंभीर आरोप गढ़ने की क़ाबिलियत चारों खाने चित हो गई। सब्र और ज़िम्मेदारी-पूर्ण आलोचना के, जो भारतीय जनतंत्र की शब्दावली से उड़नछू हो गई थी, लौटकर आने की उम्मीद इतनी प्रबल कभी नहीं रही। शीशे की तरह साफ़ हो गया कि विपक्ष के लिए एकजुट होने या ख़त्म हो जाने के बीच कोई तीसरा विकल्प नहीं रह गया।

महान प्राचीन भारत का भव्य और दिव्य और झलमल करता गौरव हमेशा के लिए कांतिविहीन हो गया। सदियों के अन्याय के प्रतिकार का पवित्र सोमरस गड्ढे का पानी साबित हुआ। प्रशासनिक असफलताओं को घोलकर अदृश्य कर देने वाली राजनीतिक पूंजी और गुप्त चुनाव बांड से अर्जित आर्थिक पूंजी की वही दुर्गति हुई जो नोटबंदी के बाद पुराने नोटों की हुई थी।

सबसे बड़ी बात, लोगों को विकल्प का आभास हो गया। विकल्प के अभाव में आदमी कुछ भी कर सकता है। विकल्पहीनता मनुष्य को ही नहीं, जनतंत्र को भी आत्महत्या के कगार तक पहुंचा देती है। आशा, बल्कि विश्वास है कि विकल्पहीनता की इस शवयात्रा के बाद अब नए अंकुर उगेंगे, नए फूल खिलेंगे।

-फेसबुक वॉल से

# हाई-एल्टिट्यूड पर मौत से बचें



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

आज पूरे हिमालयी क्षेत्र में जहां भी पीजीआईएमएस या एम्स के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं उनके डॉक्टर्स को फिजियोलॉजी की पढ़ाई के दौरान हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी में डॉ.पेंटल के खोज कार्य से वाकिफियत कराई जाती है।

तजुर्बाविहीन और नौसिखिये लोग जो एक्सप्लोरर, टूरिस्ट्स और दंभ करने वाले युवा में से कोई भी होते हैं जब हाई एल्टिट्यूड पर बिना तैयारी और मेडिकल एडवाइस के जाते हैं तो ज्यादातर मुसीबत में ही पड़ते देखे गए हैं। तीन से पांच हज़ार मीटर की ऊंचाई पर कोई ख़ास दिक्कत नहीं होती लेकिन जैसे ही 5 हज़ार मीटर से ऊंची जगह पर जाते हैं तब सर दर्द, उल्टी और आधा-शीर्ष में दर्द और दिमाग में धमाके शुरू हो जाते हैं। सबसे बेहतर तो होता है नीचे के एल्टिट्यूड पर व्यक्ति को ले आना। हाई एल्टिट्यूड पर ऑक्सीजन की कमी से हाय्पोपॉक्सिया और एक्यूट माउंटेन सिकनेस होती है। हाइपरटेंशन, डायबिटिक, हृद-वाहिकीय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को हाई एल्टिट्यूड पर कभी नहीं जाना चाहिए। हाई एल्टिट्यूड पर जर्नी कैसे की जानी चाहिए, यह समझना महत्वपूर्ण है।

एक ट्रेंड व्यक्ति के लिए ख़ास मुश्किल नहीं होती, लेकिन जब मैदान से उठकर हवाई जहाज या हेलीकाप्टर से सीधा ही चंद घंटे में हाई एल्टिट्यूड पर आते हैं और तुरत बाहर निकलकर घूमना शुरू करते हैं और चढ़ायी भी करते हैं, पैदल ही हैं और बहुत तेज़ी से 15, 20 और 30 किलोमीटर तक 1000-2000 फुट ऊंचाई पर जाने के लिए चढ़ते रहते हैं, जोश में हिम्मत दिखाने के चक्कर में पड़ते हैं तो वास्तव में ही ऐसे शेखीखोर लोग अपनी जान गवां बैठते हैं। नीचे के एल्टिट्यूड पर तो इबुप्रोफेन की 10 एमजी की टेबलेट ही डॉक्टर रेकमेंड करते हैं, लेकिन 4500 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर अनुकूलन की प्रक्रिया (एक्लाइमेटाईजेशन) से गुज़रे बिना ही अगर कोई पैदल घूमना या चढ़ाई करना शुरू कर दे तो भी जान को बहुत ख़तरा होता है। अगर जिद करके कोई चढ़ाई करना चाहे तो अधिसंख्या में ऐसे लोगों की मौत हो सकती है जो अनुकूलन की प्रक्रिया का उल्लंघन करते हैं। दिल्ली या चंडीगढ़ से फ्लाइट लेकर अगर कोई लेह उतरे तो उसे 72 घंटा के लिए रेस्ट पर डाल दिया जाता है ताकि एक्लाईमेटाईजेशन की प्रक्रिया पूरी हो जाए। इसका फिजियोलॉजिकल मैकेनिज्म बहुत पेचीदा है जो कि ऑक्सीजन सप्लाई और हार्ट की कार्य प्रणाली से सीधा जुड़ा हुआ है। इसमें हार्ट-लंग और आर्टेरियल रिसेप्टर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है और दवा आदि से इनकी निष्क्रियता को चालू करने या बेढंगी चाल पर नियंत्रण में करने पर बहुत खोजबीन हुई है। 50 वर्ष में हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी विषय पर भारत में ही बहुत शोधकार्य हुआ है। इस शोध क्षेत्र में अधिकांश कार्य का श्रेय प्रोफेसर औतार सिंह पेंटल और इनकी सहयोगी डॉ. असीमा आनंद की जोड़ी को है। इनके शोधकार्य की लिस्ट दिल्ली स्थित डिफेंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजियोलॉजी एंड अलाइड साइंसेज के पिछले बीस साल के काम से भी अधिक है। उक्त शोधकार्य के आधार पर डीआरडीओ ने ऊंचे हिमालय में भारती डिफेन्स फोर्सेज के जवानों और अफसरों के अलावा एन्टार्क्टिक क्षेत्र में स्थापित रिसर्च स्टेशन 'इंदिरा पॉइंट' पर रहने वाले साइंसदानों और तकनीशियन्स के लिए जिस तरह के निवास, वस्त्र, खाद्य सामग्री और अन्य सहायक टेक्नोलॉजीज का विकास और निर्माण किया है वह विश्व स्तर की हैं। यह सब कोल्ड रीजन रिसर्च कहलाता है। इस बाबत रिसर्च के जरिए से प्रोफेसर पेंटल ने ही फेफड़ों में जक्स्टापोज़्ड रिसेप्टर्स (जे-रिसेप्टर्स) को सर्वप्रथम खोज कर इनकी भूमिका को तय किया था। भारत के विख्यात न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट प्रो. औतार सिंह पेंटल ने मुझे सन 1991 के आसपास बताया था कि इस मामले में मैदान के लोगों में जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने बताया था कि हाई एल्टिट्यूड ब्रेन को हार्ट और लंग से खतरे के सिग्नल्स मंद पड़ने की वजह क्या हैं। एट्रीयल-बी और वेंट्रीक्युलर प्रेशर रिसेप्टर्स की भूमिका को डॉ. पेंटल ने ही तय किया और यह पता लगाया कि हाई-एल्टिट्यूड पर मैदान से जाने वाले लोगों को ऐसा क्यों होता है।

आज पूरे हिमालयी क्षेत्र में जहां भी पीजीआईएमएस या एम्स के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं उनके डॉक्टर्स को फिजियोलॉजी की पढ़ाई के दौरान हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी में डॉ.पेंटल के खोज कार्य से वाकिफियत कराई जाती है। यह सिलेबस का अब हिस्सा है। डॉ. पेंटल ने व्यक्तिगत तौर से इस बाबत बताया था कि गर्दन के दोनों और कैरोटिड आर्टरी की कांस्ट्रिकशन होने से संदेश मस्तिष्क तक नहीं पहुंचता और व्यक्ति की 'सडन डेथ' या कार्डियक अरेस्ट हो जाता है। इसलिए हाई-एल्टिट्यूड पर जाने से पहले जोखिम न लें और तीर्थयात्रा के अधिक चक्कर में न पड़ें। खुद को स्वस्थ समझने वाले व्यक्ति भी सरकारी अस्पताल से फिजियोलॉजी डिपार्टमेंट से अपने शरीर की विभिन्न क्रियाओं की जांच करवाकर, सर्टिफिकेट लेकर ही हाई-एल्टिट्यूड की यात्रा करें। डॉ. पेंटल के मुताबिक पैदल चढ़ाई बिलकुल ही धीमी गति से जैसे कि 3 घंटा में एक किलोमीटर ही करें और बीच में रेस्ट करते हुए चढ़ें। खुद चिकित्सा न करें क्योंकि एक ख़ास ऊंचाई के बाद सर दर्द या आधा सर में दर्द से छुटकारा पाने के लिए बिना डॉक्टरी सलाह के ली गई इबुप्रोफेन या दर्दनिवारक दवा भी घातक हो सकती है। निफेडीपिन तो कभी बिना डॉक्टरी सलाह के लेनी ही नहीं होती क्योंकि एक तो यह शेड्यूल्ड ड्रग है और दूसरा, इसे कार्डियोवैस्कुलर ट्रीटमेंट के लिए सुयोग्य डॉक्टर या सर्जन ही प्रेस्क्रायिब करते हैं।

# बूंद-बूंद को तरसेंगी भावी पीढ़ियां



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हमारे देश में असंख्य लोग पेयजल संकट से जूझते हैं। वर्तमान में उत्तर भारत में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, और बिहार तथा दक्षिण भारत में तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पानी की किल्लत है। पूर्वी भारत में झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं।

हाल ही में आई एक अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में जल संकट का गंभीर ख़तरा है। वर्ष 2050 तक देश के 50 प्रतिशत से जिलों में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि लोग बूंद-बूंद पानी को तरसेंगे। उस समय तक देश में पानी की मांग में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई है। दशकों से इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए गए हैं। अनेक सरकारी और गैरसरकारी प्रयास भी किए गए हैं, किन्तु कोई भी स्थायी व टिकाऊ समाधान नही हो सका है।

जल जीवन मिशन में जमीनी स्तर आने आने वाली पीढ़ी को जलसंकट से बचाने के लिए एक व्यापक जनांदोलन चलाए जाने की आवश्यकता है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूरी क्षमताओं के साथ कोशिश करनी होगी। एक दूसरे पर दोषारोपण किए बिना जन-जन को इन प्रयासों में जुटना होगा। घरेलू स्तर पर पानी के उचित व संयमित उपयोग एवं उद्योगों में पानी का चक्रीय उपयोग जल संरक्षण में सहायक सहायक हो सकता है। इस्तेमाल किए गए पानी को शौचालयों में, बगीचों में अथवा फर्श आदि धोने में उपयोग किया जाए। जल संग्रहण करने के लिए जलाशयों आदि को संरक्षित किया जाए। यदि समय रहते जल संरक्षण के समुचित प्रयास न किए गए तो हम तो जैसे-तैसे अपना काम चला लेंगे लेकिन हमारी भावी पीढ़ियों का क्या होगा? यह कल्पना करना भी भयावह है। वास्तव में हमारी भावी पीढियां बूंद-बूंद पानी को तरसेंगी।

## युवक ने युवती और खुद को गोली मारी, दोनों की मौत

**मेरठ,एजेंसी :** जिले के पंचगांव पट्टी अमर सिंह गांव में रविवार की रात एक युवक ने एक युवती के घर में घुसकर उसे गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक युवक का नाम मनीष (25 है जबकि युवती का नाम विधि (21) है जो युवक के पड़ोस में रहती थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश बहादुर ने बताया कि रात करीब दो बजे थाना भावनपुर पुलिस को सूचना मिली कि पंचगांव पट्टी में एक युवक ने युवती के घर में घुसकर उसे गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। भावनपुर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि युवक के घरवालों ने हाल ही में उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी, जबकि वह शादी करना नहीं चाहता था। संभवतः इसलिए उसने युवती की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली।

# अकांउटेंट ने प्रेशर कुकर से पत्नी का चेहरा कूंचकर ले ली जान

### पत्नी की हत्या करने के बाद खुद आत्महत्या करने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मेदांता अस्पताल में स्टाफ नर्स थी नितिन की पत्नी आयुषी

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत अवध विहार योजना में सोमवार को एक अकांउटेंट ने प्रेशर कुकर से पत्नी आयुषी (28) का चेहरा कूंच उसे मौत के घाट उतार दिया। पत्नी के हत्या करने के बाद उसे घर में फंदा लगाकर खुदकुशी करने का भी प्रयास किया। हालांकि, किसी तरह पड़ोसियों इस बात की भनक लगी तो उन्होंने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी पति को हिरासत में लिया है। वहीं, मृतका के परिजन हत्यारोपी पति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। मूलरूप से सीतापुर जनपद के महोली थानाक्षेत्र निवासी नितिन एक रियल एस्टेट कंपनी में अकांउटेंट है। पत्नी आयुषी के साथ वह अवध विहार योजना में किराए के मकान में रहता था। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि आयुषी मेदांता अस्पताल में बतौर स्टाफ नर्स थी। सोमवार दोपहर दंपती के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद नितिन ने गुस्से में आकर प्रेशर कुकर से पत्नी के सिर पर तबाड़तोड़ वार दिया। जिससे आयुषी की मौके पर ही मौत हो गई। आयुषी की चीख-सुनकर पड़ोसी उसके घर पर पहुंचे। जहां पड़ोसियों ने महिला को फर्श पर लहूलुहान अवस्था में पाया तो वहीं नितिन को घर में फंदा लगाते रोक लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि एक वर्ष पूर्व नितिन ने आयुषी से शादी की थी। प्रथम दृष्टया में परिवारिक विवाद चलते अकाउंटेट नितिन ने पत्नी आयुषी की हत्या करने के बाद खुदकुशी करने की कोशिश की है। हत्यारोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण भी स्पष्ट होगा। सूत्रों की मानें तो पत्नी के प्रेम-सम्बन्धों के शक में पति ने वारदात को अंजाम दिया है।

## फर्रुखाबाद में चार लोगों की गंगा में डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद, एजेंसी :** जिले के कादरी गेट क्षेत्र में पांचाल घाट गंगा पर सोमवार को सात लोग गंगा में डूब गये जिनमें से चार की मौत हो गयी जबकि तीन को बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि फिरोजाबाद जिले के हरवीर कुशवाहा (40) अपने भाई लक्की (24) और साथी अंकित ठाकुर (22) तथा पड़ोसी ईशू (19), पीयूष कुशवाहा (12), प्रियांशु (9) के साथ दोपहर फर्रुखाबाद जिले के कादरी गेट थाना क्षेत्र में स्थित पांचाल घाट गंगा पर स्नान करने पहुंचे। सभी ने पैन्टून पुल के समीप स्नान करना शुरू किया। इस दौरान पैर फिसलने से हरवीर,लक्की और अंकित डूब गए जबकि ईश व पीयूष तथा प्रियांशु को डूबने से बचा लिया गया। इसी क्रम में रविवार को फिरोजाबाद जिले के उत्तर क्षेत्र के मोहल्ला कैलाश नगर की निवासी लक्ष्मी (18) पांचाल घाट पर स्नान करने के दौरान डूब गई थी।

# सो गए पुलिसकर्मी, तीन आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- गाजीपुर बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन से पुलिस टीम ले जा रही थी मुंबई
- बिल्डिंग निर्माण का कार्य करते हैं तीनों फरार आरोपी


पुलिस की हिरासत से फरार होने वाले जालसाजी के आरोपी।

**अमृत विचार :** इकदिल थाना क्षेत्र के चांदनपुर गांव के पास गाजीपुर बांद्रा एक्सप्रेस रेलगाड़ी से ट्रांजिट रिमांड पर ले जाए जा रहे जालसाजी के तीन आरोपी पुलिस कर्मियों के सो जाने के बाद हिरासत से फरार हो गए। कैदियों के फरार होने से हड़कंप मच गया।

जालसाजी के आरोपियों प्रतापगढ़ के थाना पूतनपुर क्षेत्र के रामपुर निवासी मो. अनीस, प्रतापगढ़ के ही कुंडा थाना क्षेत्र के रजनपुर निवासी मो. रेहान फारूकी, मंसूराबाद के सिंगरौर निवासी कलीम अहमद के खिलाफ नागासुपार थाना, महाराष्ट्र में धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर प्रतापगढ़ से महाराष्ट्र गाजीपुर-बांद्रा ट्रेन से ले जा रही थी।

राजकीय रेलवे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तीनो आरोपी मुंबई में बिल्डिंग निर्माण का कार्य करते हैं। किसी व्यक्ति से 20 लाख रुपये की रकम लेकर के वहां से चंपत हो गए। इसके बाद तीनों के खिलाफ धारा 420 समेत कई अन्य धाराओं में मुकदमा लिखा गया था। आरोपियों के फरार होने के बाद राजकीय रेलवे पुलिस के पुलिस उपाधीक्षक उदय प्रताप सिंह इटावा पहुंचे। सीओ की अगुवाई में अभियान चलाया गया लेकिन आरोपियों का पता नहीं चल सका।

सीओ उदय प्रताप सिंह ने बताया कि गाजीपुर बांद्रा रेलगाड़ी में पीछे से तीसरे डिब्बे में तीनों आरोपियो को कड़ी सुरक्षा में चार पुलिस कर्मी ले जा रहे थे। सुबह करीब सवा 6 बजे पुलिसकर्मी रेलगाड़ी में सो गए इसके बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस इटावा के थाना प्रभारी शैलेश निगम ने बताया कि धारा 224 के तहत तीनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग राजकीय रेलवे पुलिस इटावा थाने में दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 21 लाख से अधिक लोग ले चुके योग की शपथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्व रिकार्ड बनाने के लिए 5वें दिन ही पार कर लिया 17 लाख का लक्ष्य



**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से पहले योग की ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने में जुटे राजभवन ने अभियान के पांचवें दिन ही लक्ष्य पार कर लिया।

ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने के संबंध में 12 जून से प्रक्रिया शुरू करके 17 लाख शपथ पत्र का लक्ष्य रखा गया था। छात्र-छात्राएं एवं प्रदेश वासी ऑनलाइन शपथ लेकर विश्व रिकार्ड बनाने में अपना सहयोग दे रहे हैं। 16 जून की शाम तक ऑनलाइन शपथ के पोर्टल पर 17 लाख 75 हजार से अधिक शपथ पत्र हासिल किए जा चुके थे। 17 जून को 21 लाख से अधिक शपथ आनलाइन भरी जा चुकी थीं। पोर्टल 18 जून की रात्रि 12 बजे तक खुला रहेगा।

सीएसजेएम विश्वविद्यालय योग की ऑनलाइन शपथ में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। इस अभियान में प्रदेश के 34 विश्वविद्यालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन योग संबंधी शपथ के लिए लिंक https://rajbhawanyogapledge.in/ पर जाकर ऑनलाइन शपथ सबमिट करके कैंपस और संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान और पुरातन छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी विश्व रिकार्ड का हिस्सा बन सकते हैं।

### भाजपा 21 को मंडल स्तर पर मनाएगी योग दिवस

**लखनऊ, अमृत विचार :** 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भाजपा द्वारा मंडल स्तर पर मनाया जाएगा। 22 जून को लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन समारोह सिटी मोंटेसरी स्कूल गोमती नगर विस्तार में आयोजित किया जा रहा है जिसमें लोकसभा चुनाव में लगे बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। तय की गई योजना के अनुसार 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी निर्वाण दिवस को बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि, पौधारोपण और अन्य कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। कई लोगों को अलग-अलग कार्यक्रम अभियानों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## यौन शोषण और मारपीट से आहत युवक ने खुदकुशी की, तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर, एजेंसी :** जिले में कथित तौर पर यौन शोषण और मारपीट से आहत 23 वर्षीय एक युवक द्वारा खुदकुशी किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी फरार है।

उन्होंने शिकायत के हवाले से बताया कि महाराजगंज जिले के रहने वाले एक युवक को चिलुवाताल थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में चार व्यक्तियों द्वारा बंधक बनाया गया और उसका अप्राकृतिक यौन शोषण किया गया। इस घटना का वीडियो बनाकर आरोपियों ने युवक से रुपये मांगे और वीडियो वायरल करने की धमकी दी जिससे आहत होकर युवक ने शुक्रवार की देर रात खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि युवक अपने बड़े भाई के साथ शाहपुर क्षेत्र में एक किराए के मकान में रहता था और स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि एक महीने पहले सोशल मीडिया के जरिए युवक की जान-पहचान कारण नाम के व्यक्ति से हुई थी और वे फोन पर बातचीत करने लगे। करण ने युवक को चिलुवाताल में अपने घर बुलाया और गुरुवार को आदित्य उसे क्षेत्र के होटल में ले गया जहां उसने पहले से मौजूद अपने तीन साथियों के साथ मिलकर युवक का यौन शोषण किया। शुक्रवार को करण के अलावा देवेश राजनंद, अंगद कुमार और मोहन प्रजापति के खिलाफ चिलुवा थाना में प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## आग का गोला बनी कार, एक की मौत ,कई घायल

**गोंडा, अमृत विचार :** इटियाथोक खरगूपुर मार्ग पर बेंदुली गांव के निकट सोमवार की शाम आमने सामने की टक्कर के बाद एक कार आग का गोला बन गयी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कार सवार लोगों की पहचान नहीं हो सकी है।

सोमवार शाम करीब 6 बजे इटियाथोक-खरगुपुर मार्ग पर बेंदुली गांव के पास तेज गति से जा रही दो कारों की आमने सामने हुई जोरदार टक्कर हो गयी। इस भिड़ंत के बाद एक कार में आग लग गयी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को एबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा।

## परीक्षा में धांधली से युवा, अभिभावक दोनों का टूटता है मनोबल : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सरकार इस संकट को एक मनोवैज्ञानिक नजर से देखे

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि परीक्षा व्यवस्था में धांधली एक मानसिक त्रासदी भी है जिससे न केवल परीक्षा देने वाले युवा बल्कि उनके माता-पिता ग्रसित हो रहे हैं। सपा प्रमुख के अनुसार, पेपर लीक होना, सेंटर से लेकर सॉल्वर तक धांधली, परीक्षा एजेंसी का शक़ के घेरे में आना, रिज़ल्ट में ग्रेस मॉर्क्स की हेराफेरी, एक ही सेंटर से कई कैंडिडेट का सेलेक्ट होना और 100 प्रतिशत आना घपला-घोटाला है।


अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी एक बयान में सवाल उठाया कि, इस बात की गारंटी कौन लेगा कि अगली बार परीक्षा में ऐसा घपला-घोटाला नहीं होगा। जब सरकार वही है और उसकी व्यवस्था भी वही है तो ये सब धांधलियां कहीं फिर से सरकार संरक्षित परीक्षा माफ़ियाओं के लिए पैसा कमाने का ज़रिया न बन जाएं। उन्होंने कहा कि युवा मानस नाज़ुक होता है, ऐसे में उनको संभालना माता-पिता के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती होता है। ऐसी घटनाओं से हताश-निराश होकर, जब माता-पिता ख़ुद व्यवस्था पर भरोसा खो देते हैं और उन्हें अपने बच्चों का भविष्य अंधकारमय दिखने लगता है तो भला वो क्या अपने बच्चों का सहारा बनेंगे।

## धर्म दर्शन

# सृजनकर्ता की आत्माभिव्यक्ति है सृष्टि

पद्य को भी जब गान विद्या से जोड़ा गया तो भावना का प्रवाह अधिक पूर्णता से खुला। इस प्रकार जब वेद के पद्यबद्ध मंत्रों को गान विद्या से अनुपूरित किया गया तो सामवेद बन गया। मानवीय क्षमता के अंतर्गत ज्ञान और भावना का सर्वोत्कृष्ट संयोग होने से इसे सर्वश्रेष्ठ प्रयोग कहना सर्वथा सार्थक है।

सृष्टि सृजनकर्ता की आत्माभिव्यक्ति ही तो है। परमात्मा द्वारा रची गई सृष्टि भी भावमय ही है। मन की कल्पनाओं, बुद्धि के विचारों और कर्म की हलचलों के ताने-बाने भावनाओं के आधार पर ही बनते-बदलते रहते हैं। जिस तरह की भाव तरंगें हम विश्व चेतना में छोड़ते हैं, उसी के अनुरूप भाव तरंगे किसी न किसी माध्यम से हम तक वापस पहुंचती रहती हैं। इस प्रकार के मनोवैज्ञानिक प्रयोग लॉरेंस डी वैलेस सहित अनेक विद्वानों द्वारा किए जा चुके हैं। भावों को उभारने और संप्रेषित करने में गायन का महत्व हमेशा से रहा है और आज भी है।


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

वेद ने भी इसीलिए उसका उपयोग विशेषज्ञता के साथ किया है। अभिव्यक्ति के तीन माध्यमों गद्य,पद्य और गायन में गायन को भाव-विद्या में सबसे अग्रणी देखकर उसे विशेष महत्व दिया गया। यजुर्वेद में जो पदबद्ध मंत्र ऋग्वेद व अथर्ववेद से लिए गए हैं,वे पद्य के समान नहीं बोले जाते,बल्कि गद्य के समान बोले जाते हैं। वे ही मंत्र यजुर्वेद के अलावा अन्य तीन वेदों में पद्य के रूप में बोले जाते हैं। सामवेद में पद्य के साथ गायन संबद्ध है। गायन से पीड़ित हृदय को शांति और संतोष मिलता है। इससे मनुष्य की सृजन शक्ति का विकास और आत्मिक प्रफुल्लता बढ़ती है। गायन की अमूल्य निधि देकर परमात्मा ने मनुष्य की पीड़ा को कम किया है,मानवीय गुणों में प्रेम और प्रसन्नता को बढ़ाया है।

संगीत के दृश्य-अदृश्य प्रभावों के अनुसंधान में रत ऋषियों को ऐसी चमत्कारी सिद्धियां और अध्यात्म का इतना विशाल क्षेत्र उपलब्ध हुआ जिसका वर्णन करने के लिए एक पृथक वेद सामवेद की रचना करनी पड़ी। सामवेद में भगवान की संगीत शक्ति के ऐसे रहस्य प्रतिपादित और पिरोए हुए हैं जिनका अवगाहन कर मनुष्य अपनी आत्मिक शक्तियों को तुच्छ से महान, सूक्ष्म से विराट बना सकता है- विश्वात्मा से मिल सकता है। संगीत आत्मा की उन्नति का सबसे अच्छा साधन है।

इसलिए हमेशा वाद्य-यंत्र के साथ गायन किया जाता है। गायन में शरीर, मन व आत्मा तीनों को बलवान बनाने वाले तत्व पूर्ण मात्रा मे विद्यमान हैं। यही कारण है कि ऋषियों ने सामवेद में विशिष्ट मंत्रों का संकलन कर गायन की पद्धति विकसित की। आधुनिक विद्वान भी इस तथ्य को स्वीकार करने लगे हैं कि समस्त स्वर, ताल, लय, छंद, गति, मंत्र,स्वर-चिकित्सा,राग,नृत्य, मुद्रा भाव आदि सामवेद से ही निकले हैं। वैदिक काल में इस विज्ञान के ज्ञाता ऋषियों ने मंत्र गायन, भाव मुद्राओं और रसानुभूति के आधार पर अपने अंतराल में दबी हुई शक्तियों को जगाया और संपर्क में आने वाले प्राणिमात्र की व्यथा वेदना का भी हरण किया।

# विष्णु की मानस पुत्री सरयू

एक कथा के अनुसार वैवस्वत मनु ने बाण प्रहार कर जल धारा का मार्ग प्रशस्त किया था। इस कथानक में सरयू की उत्पत्ति का श्रेय पराक्रमी वैवस्वत महाराज को दिया गया है, जैसे पतित पावनी गंगा को धरती पर लाने का श्रेय, इसी वंश के महाराज भगीरथ को दिया जाता है। अन्यत्र भगवान श्रीहरि विष्णु की मानस पुत्री सरयू को मानसरोवर से लाने का श्रेय ब्रह्मर्षि वसिष्ठ जी को दिया गया है।

यह कम आश्चर्यजनक नहीं है कि भगवान विष्णु की मानस पुत्री तथा श्रीहरि विष्णु के दशावतारों (मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध, और कल्कि) में सातवें श्रीराम की मोक्षदायिनी 'रामप्रिया' सरयू के पवित्र जल को मंदिरों मे क्यों नहीं चढ़ाया जाता है? वर्तमान शासन का यह निर्णय सराहनीय है कि अयोध्या के श्रीरामलला के मंदिर में भक्त जन एक साथ श्रीहरि के दशावतारों की छवि का भी दर्शन कर सकेंगे। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सरयू में जलसमाधि से घोर अप्रसन्न, आशुतोष भगवान शिव शंकर ने सरयू को शाप दिया था कि उसका जल किसी भी मंदिर में नहीं चढ़ाया जाएगा एवं न हीं किसी मांगलिक कार्य में ही प्रयुक्त किया जाएगा। सरयू के द्वारा प्रभु राम की इच्छा के विपरीत, उनको अपने भीतर जल समाधि को रोकने की असमर्थता व्यक्त करने पर आशुतोष (शीघ्र ही संतुष्ट हो जाने वाले) भगवान शिव ने अपने शाप की पूर्ण समाप्ति के स्थान पर उसे संशोधित कर दिया। तद्नुसार सरयूमाता की बार-बार विनती से प्रसन्न भगवान शिव ने अपने शाप की पूर्ण समाप्ति के स्थान पर यह संशोधन कर दिया कि, तुम्हारे जल का उपयोग पूजन सहित मांगलिक कार्यों में भले ही न किया जाए,लेकिन तुम्हारे पवित्र जल में स्नान पर लोगों के सभी पाप समूल नष्ट हो जाएंगे।


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

कुछ मनीषियों का मानना है कि चूंकि सरयू पार वाम भाग में महाराज दशरथ द्वारा भ्रमवश, अपने अंधे माता-पिता के अनन्य भक्त वैश्यवंशीय श्रवण कुमार की हत्या हो गई थी और पुत्र हीन अंधे माता-पिता के शाप से राजा दशरथ को भी पुत्र वियोग में मरना पड़ा था। इस कांड मे कल-कल निनादिनी सरयू के शोर से उत्पन्न भ्रम के कारण पानी भरते घड़े की ध्वनि को हिंसक पशु के भ्रम में निर्दोष श्रवण कुमार की हत्या हो गई थी। ऐसी स्थिति में सरयू की पवित्रता सिद्ध करने के उद्देश्य से भी अपने भाइयों सहित सरयू में जल-समाधि ली थी।


## वर्ग पहेली-104

**बाएं से दाएं**

1. 1. ईरान देश की भाषा 2. भारोपीय परिवार की एक भाषा जिसकी लिपि अरबी से मिलती-जुलती है।
3. (इस्लाम धर्म) शैतान या दुष्ट आत्माओं को भगाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक शब्द
5. 1. विजय, जीत 2. कामयाबी, सफलता 3. चुनाव
8. ढोल अथवा नगाड़े की आवाज़।
9. 1. किसी कार्य विशेष के लिए अलग किया हुआ 2. विशिष्ट; ख़ास 3. प्रमुख, प्रधान।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह जो घोड़े पर मुख्य सवार के पीछे बैठता है 2. ग़ज़लों आदि में प्रत्येक काफ़िए के बाद आने वाला शब्द 3. पीछे की ओर रहने वाली सेना।
4. 1. कोलाहल, बावेला, कोहराम 2. बहुत सारे लोगों द्वारा एक साथ किया जाने वाला रुदन, रोना-पीटना, विलाप, मातम 3. किसी विपत्ति के समय होने वाली भागदौड़, हलचल।
6. 1. जो मूढ़ या मूर्ख हो 2. नासमझ 3. मूढ़बुद्धि, अज्ञानी।
7. 1. घोड़े के नियंत्रण के लिए उसके मुंह में लगाई जाने वाली वह पट्टी जिसके दोनों ओर रस्से या चमड़े के तस्मे बंधे रहते हैं, रास, बाग 2. बागडोर, कमान 3. अंकुश, बहिला



### वर्ग पहेली -103 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 फ़ू | ■ | ■ | 2 मं | च | ■ |
| 3 मू | ल | भू | 4 त | ■ | ■ | 5 आँ |
| ■ | बा | ■ | ह | ■ | 6 सी | ख |
| ■ | ग | ■ | री | ■ | ■ | मि |
| 7 ली | ■ | 8 क | री | ना | ■ | चौ |
| 9 ड | का | र | ■ | ■ | ■ | ली |
| र | ■ | 10 वा | म | पं | थी | ■ |

## सुडोकू -17

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | 9 | | |
| | 8 | | | | 6 | | | |
| 1 | | 9 | | | 2 | | | 4 |
| | 7 | | 8 | 5 | | | 4 | 9 |
| 5 | | 3 | | | | 2 | | 8 |
| 6 | 9 | | | 4 | 1 | | 3 | |
| 4 | | | 9 | | | 8 | | 1 |
| | | | 3 | | | | 6 | |
| | | 5 | | 7 | | | | 2 |

### सुडोकू - 16 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी-06 .24 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 15 .56 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** – आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। जॉब में उन्नति होगी। वैवाहिक जीवन सुख से भरपूर होगा। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आप धन लाभ ले सकते हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा।

**वृष** – आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कानूनी मामलों का निराकरण होने के योग बन रहे हैं। आज आप उधार वापस लौटा पाने की स्थिति में रहेंगे।

**मिथुन** – आज आपको मित्रों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा के लिए विदेशी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। प्रतिद्वन्दी आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे। सन्तान की गतिविधियों पर नजर रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

**कर्क** – आज परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव हो सकता है। धैर्यवान होकर कार्य करें। माता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में धन की कमी को लेकर समस्या हो सकती है।

**सिंह** – आज कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यशैली में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। आपके प्रति सम्मान भाव बढ़ेगा।

**कन्या** – आज अधिकारियों के साथ बहसबाजी से दूर रहें। कुछ लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों को लेकर ज्यादा आशावादी न रहें।

**तुला** – आज का दिन आपके लिए विशेष शुभ रहेगा। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। गुप्त शत्रुओं को लेकर सावधान रहें।

**वृश्चिक** – आज आपको प्रतिज्ञा अथवा वचन देने से बचना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। व्यवसाय में अनुबंध को लेकर सावधानी रखें। पुराना रोग वापस लौट कर आ सकता है। शुगर के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

**धनु** – आज कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना है। जॉब में प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा। पेट में गैस की शिकायत हो सकती है। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखें।

**मकर** – आज जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी उन्नति से आप काफी सन्तुष्ट रहेंगे। संतान आपके प्रति आज्ञाकारी रहेगी। अध्यापन क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा।

**कुंभ** – आज सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से साथ संबंध मधुर होंगे। कई दिनों से रुके हुए कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। मूल्यवान वस्तुओं को संभालकर रखें। घर के बुजुर्ग सदस्यों के साथ आपकी चर्चा होगी।

**मीन** – आज आपको कुछ लोग धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर एकतरफा विश्वास किसी पर न करें। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन पढ़ाई से भटक सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
संसार – सुबह : 08 .40
ऊंचाई – रात : 09 .12

**&pictures**
ग्रेट ग्रैंड मस्ती – सुबह : 11 .10
फैमिली एक डील – रात : 08 .00

**Sony Pix**
वंडर वुमन – सुबह : 11 .02
पैनिक रूम – रात : 07 .04

**Zee Cinema**
सूर्यवंशी – सुबह : 11 .58
गदर 2 – रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
कसम – सुबह : 09 .13
राकी और रानी की प्रेम कहानी – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी– तुमने कभी मुझे सोना, हीरा, मोती गिफ्ट नहीं दिया
पति ने एक मुट्ठी मिट्टी उठाकर हाथ में दे दी।
पत्नी– यह क्या है?
पति– मेरे देश की धरती सोना उगले... उगले हीरे मोती... मेरे देश की धरती।
पत्नी गुस्से से पति को घूरने लगी।

रमेश– तुम्हें मेरे अंदर सबसे अच्छी बात क्या लगती है?
पिंकी– लोग समय के साथ बदल जाते हैं लेकिन तुम नहीं बदले,
रमेश– वह कैसे?
लड़की– जब मैं तुमसे मिली थी तब भी बेरोजगार थे और आज भी बेरोजगार हो।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104-106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत: 90 से 105 चना देसी: 60से 70 चना कावली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से 140 राजमा चित्ता: 125 से 130 लोबिया लाल: 90 से 110 लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### रिजर्व बैंक ने पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस किया रद

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस रद कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि पूर्वांचल सहकारी बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं। आरबीआई ने बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के पंजीयक को बैंक को बंद करने और एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने को कहा गया है।

### पांच मुख्य महाप्रबंधकों के नाम की सिफारिश

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने सोमवार को विभिन्न बैंकों में कार्यकारी निदेशकों (ईडी) के पद के लिए पांच मुख्य महाप्रबंधकों के नाम की सिफारिश की। एफएसआईबी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करता है। एफएसआईबी ने नामों की सिफारिश करने के लिए 13-17 जून के बीच 57 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था।

### नेक्सजेन एक्जीबिशन ने सर्वेक्षण रिपोर्ट में लक्ष्य हासिल करने के लिए दी सलाह

# भारत को 5 अरब डॉलर का रक्षा निर्यात करने के लिए एफडीआई सुव्यवस्थित करना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को सुव्यवस्थित करने के साथ शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर देश चालू वित्त वर्ष के अंत तक 5 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल कर सकता है। एशिया की प्रमुख आंतरिक सुरक्षा एवं रक्षा प्रदर्शनी 'अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो' के आयोजक नेक्सजेन एक्जीबिशन ने एक व्यापक सर्वेक्षण के ये निष्कर्ष जारी किए हैं।

इसका मकसद रक्षा क्षेत्र में एफडीआई से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और रक्षा शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करना है। एक बयान के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य भारत को वित्त वर्ष 2024-25 तक पांच अरब डॉलर रक्षा निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की तरफ प्रेरित करना है। भारत के 15 शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण में 130 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय हथियार, गोला-बारूद व सुरक्षा उपकरण निर्माताओं, निर्यातकों और स्टार्टअप कंपनियों ने हिस्सा लिया। सर्वेक्षण में सुव्यवस्थित एफडीआई, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य भविष्योन्मुख प्रौद्योगिकियों के साथ उन्नत प्रौद्योगिकी के एकीकरण और उद्योग के लिए पेशेवरों का एक बड़ा समूह खड़ा करने के लिए एक मजबूत कौशल विकास परिवेश पर जोर दिया गया। बयान के मुताबिक, भारत का आंतरिक सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र शोध एवं विकास तथा विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है। रक्षा खरीद श्रेणियों में वृद्धि घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। फिलहाल भारत 75 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जो वैश्विक रक्षा बाजार में इसकी बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है।

नेक्सजेन एक्जीबिशन के निदेशक आधार बंसल ने कहा-खरीद श्रेणियों में वृद्धि और गुणवत्ता एवं नवाचार पर बल ने भारत को वैश्विक मंच पर एक विश्वसनीय रक्षा उपकरण आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है।

### भारत के पास यूरोपीय संघ के उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का विकल्प

**नई दिल्ली।** भारत के पास यूरोपीय संघ (ईयू) से एक निश्चित मूल्य के आयातित सामान पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) मानदंडों के तहत जवाबी सीमा शुल्क लगाने का विकल्प है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों पक्ष कुछ इस्पात उत्पादों पर यूरोपीय संघ के रक्षोपाय (सेफगार्ड) उपायों को लेकर आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहे हैं। यूरोपीय संघ ने कुछ इस्पात उत्पादों के आयात पर रक्षोपाय शुल्क को 2026 तक दो साल के लिए बढ़ा दिया है। यह पहले इस महीने समाप्त होने वाला था। यह ऐसे उपायों का दूसरा विस्तार है, जिसे पहली बार 2018 में लगाया गया था। यह टैरिफ दर कोटा (टीआरक्यू) का रूप है। भारत इस उपाय से प्रभावित देशों में शामिल है, क्योंकि यूरोपीय संघ को इस्पात निर्यात में इसकी पर्याप्त रुचि है।

# यूएई से 2023-24 में सोना, चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जीटीआरआई के अनुसार एफटीए में शुल्क संशोधन की जरूरत



भारत का अपने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सोने और चांदी का आयात 2023-24 में 210 प्रतिशत बढ़कर 10.7 अरब डॉलर हो गया है। इस उछाल को कम करने के लिए समझौते के तहत रियायती सीमा शुल्क दरों में संभावित रूप से संशोधन करने की आवश्यकता है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, सोने और चांदी के आयात में यह तीव्र वृद्धि मुख्य रूप से भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत भारत द्वारा यूएई को दी गई आयात शुल्क रियायतों से मुमकीन हो पाई है। जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत असीमित मात्रा में चांदी के आयात पर सात प्रतिशत शुल्क या सीमा शुल्क रियायतें और 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है। सीईपीए पर फरवरी 2022 में हस्ताक्षर किए गए और मई 2022 में इसे लागू किया गया। इसके अतिरिक्त भारत गिफ्ट सिटी में इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के जरिए निजी कंपनियों को यूएई से आयात करने की अनुमति देकर सोने और चांदी के आयात की सुविधा देता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

# एसबीआई को चालू वित्त वर्ष में 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीदः खारा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में कही बात

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि मौजूदा आर्थिक वृद्धि दर को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीद है। खारा ने एक साक्षात्कार में कहा-आम तौर पर हम इसे जीडीपी वृद्धि दर और मुद्रास्फीति तथा उसके ऊपर दो से तीन प्रतिशत के योग के आधार पर देखते हैं। इससे हमें करीब 14 प्रतिशत या उसके आसपास का आंकड़ा मिलता है।

उन्होंने कहा-अतः 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि, ऋण देने के लिए उपलब्ध अवसरों पर निर्भर करती है। यह हमारी जोखिम क्षमता को पूरा करती है। हमें इस गति से वृद्धि करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा कि जहां तक जमाराशि का सवाल है, पिछले साल इसमें 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा-हमारे पास अतिरि क्त एसएलआर के मामले में कुछ गुंजाइश है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे ऋण-से-जमा अनुपात को सहारा देने के लिए जमा दरें बढ़ाने का हम पर कोई दबाव नहीं है।

### घोटाले में इस्तेमाल 392 मोबाइल फोन ब्लॉक करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** बिजली केवाईसी (अपने ग्राहक को जानिए) अद्यतन करने में हुई धांधली के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए 392 मोबाइल फोन को आईएमईआई के आधार पर देशभर में ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग ने बिजली केवाईसी अद्यतन करने से संबंधित घोटाले में मोबाइल नंबरों से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियों की रिपोर्ट के जवाब में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन फोन को ब्लॉक करने की प्रक्रिया शुरू की है।

# भीषण गर्मी से डीजल-पेट्रोल की घट गई मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मासिक आंकड़ों के आधार पर इसमें आ रही गिरावट




देश के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी के कारण यात्रा में कमी आने से जून में डीजल की मांग में गिरावट आई है। ईंधन की बिक्री, जो परंपरागत रूप से चुनाव के दौरान बढ़ जाती है, इस वर्ष प्रवृत्ति के विपरीत रही है तथा मासिक आधार पर इसमें गिरावट आ रही है। यह गिरावट अब आम चुनाव के समाप्त होने के बाद भी जारी है। डीजल की बिक्री एक से 15 जून के दौरान पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 39.5 लाख टन रह गई है। पेट्रोल की बिक्री एक से 15 मई के दौरान 14.7 लाख टन खपत की तुलना में मासिक आधार पर 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन की मांग में अप्रैल में 2.3 प्रतिशत और मार्च में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। मई में इसमें 1.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चुनाव प्रचार के अलावा, गर्मी की फसल कटाई के मौसम तथा चिलचिलाती गर्मी के कारण कारों में एयर कंडीशनिंग की मांग बढ़ जाती है, जिससे ईंधन की खपत बढ़नी चाहिए थी। हालांकि इस साल यह रुझान उलट गया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मार्च के मध्य में दो रुपये प्रति लीटर की कमी की गई, जिससे दरों में संशोधन का करीब दो साल लंबा अंतराल समाप्त हो गया, जिससे बिक्री में भी तेजी आनी चाहिए थी। पेट्रोल की बिक्री एक से 15 मई के दौरान 14.7 लाख टन खपत की तुलना में मासिक आधार पर 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा उपजिले में हिजबुल मुजाहिदीन के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादी की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सेना की 30 आरआर और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार की रात संयुक्त अभियान चलाया। हंदवाड़ा के पुलिस अधीक्षक दाऊद अयूब ने बताया कि अभियान के दौरान आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चीनी पिस्तौल, हथगोला और पिस्तौल की दो मैगजीन बरामद की गई। गिरफ्तार आतंकवादी की पहचान जाकिर मीर के रूप में की गई है।

### तस्करी के आरोपी ने छठी मंजिल से छलांग लगाई, मौत

**नागपुर।** सोने की तस्करी के आरोप में पकड़े गये एक आरोपी ने नागपुर के सीजीओ कांप्लेक्स में स्थित खुफिया राजस्व महानिदेशालय (डीआरआई) के कार्यालय की छठी मंजिल से छलांग लगा जान दे दी। नागपुर के गिट्टीखदान पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार की देर रात डीआरआई के कार्यालय में हुयी। अधिकारी ने बताया- दुबई से सोने की तस्करी कर उसे उत्तर प्रदेश में बेचने के आरोप में दीपक मछिंद्र देसाई (27) को 14 जून को सांगली से गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले वाराणसी से लखनऊ जा रही एक कार में दो करोड़ रुपये का सोना बरामद होने पर उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया था।

### ट्रेलर के पलटने से चार लोगों की मौत

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर सिरोही राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बेकरियां थाना क्षेत्र में सोमवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर राहगीरों को चपेट में लेता हुआ पलट गया जिससे दो महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि बेकरिया थाना क्षेत्र में मालवा का चौरा में अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे चल रहे राहगीरों को चपेट ले लिया और पलट गया। हादसे में तिलोई गांव निवासी मसरु गरासिया, हकरी बाई, सौवनी बाई तथा ट्रेलर चालक बलविंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

# पाठ्यपुस्तकों में भारत और इंडिया का परस्पर प्रयोग, हम इस बहस में नहीं हैं: सकलानी

### एनसीईआरटी प्रमुख बोले-इस पर हमारा रुख वही है जो हमारा संविधान कहता है

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा है कि एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में भारत और इंडिया का परस्पर प्रयोग किया जाएगा, जैसा कि देश के संविधान में है। ये टिप्पणियां सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम पर काम कर रही एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा यह सिफारिश किए जाने के मद्देनजर महत्वपूर्ण हैं कि सभी कक्षाओं की स्कूली पाठ्यपुस्तकों में इंडिया के स्थान पर भारत शब्द होना चाहिए।

एक साक्षात्कार में बातचीत में एनसीईआरटी प्रमुख ने कहा कि किताबों में दोनों शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा और परिषद को भारत या इंडिया से कोई परहेज नहीं है। उन्होंने कहा, यह परस्पर उपयोग के योग्य हैं....इस पर हमारा रुख वही है जो हमारा संविधान कहता है और हम उस पर कायम हैं। हम भारत का इस्तेमाल कर सकते हैं, हम इंडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, इसमें समस्या क्या है? हम इस बहस में नहीं हैं। जहां भी हमें ठीक लगे हम इंडिया का इस्तेमाल करेंगे, जहां भी हमें ठीक लगेगा हम भारत का इस्तेमाल करेंगे।

### आरएसएस की सहयोगी के तौर पर काम कर रही एनसीईआरटी : जयराम रमेश



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों में संशोधन को लेकर विवाद के बीच, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को आरोप लगाया कि यह संस्था 2014 से आरएसएस की सहयोगी के रूप में काम कर रही है और संविधान पर हमला कर रही है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट-2024 परीक्षा में कृपांक (ग्रेस मार्क) विवाद के लिए एनसीईआरटी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल एनटीए की अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने की कोशिश है। कांग्रेस नेता ने कहा-हालांकि यह सच है कि एनसीईआरटी अब पेशेवर संस्था नहीं रही।

### भाजपा ने की आगामी विस चुनावों के लिए प्रभारियों व सह-प्रभारियों की घोषणा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू एवं कश्मीर के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को चुनाव प्रभारियों और सह-प्रभारियों की घोषणा कर दी। पार्टी के बयान के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र, धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा, शिवराज सिंह चौहान को झारखंड और जी किशन रेड्डी को जम्मू एवं कश्मीर का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को यादव के साथ महाराष्ट्र का सह-प्रभारी, विप्लव कुमार देव को हरियाणा और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को झारखंड का सह-प्रभारी बनाया गया है। जम्मू एवं कश्मीर में किसी को भी सह-प्रभारी नियुक्त नहीं किया गया है। इन सभी राज्यों में एक साल के भीतर विधानसभा चुनाव होने हैं।

# ईवीएम की पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करें या उन्हें हटा दें : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस नेता ने निर्वाचन आयोग से की मांग



ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से मशीनों और प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने या उन्हें हटाने को कहा। यह मांग ऐसे समय में आई है जब एक दिन पहले कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक "ब्लैक बॉक्स" है और किसी को भी इसकी जांच करने की अनुमति नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं।

गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-जब लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा कर लिया जाता है, तो एकमात्र सुरक्षा उपाय जनता के लिए पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया में ही निहित होता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि ईवीएम फिलहाल एक ब्लैक बॉक्स है। चुनाव आयोग को या तो मशीनों और प्रक्रियाओं की पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए या उन्हें हटा देना चाहिए।

# अमित शाह ने हिंसा में शामिल लोगों पर कानूनी कार्रवाई के दिए निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- गृह मंत्री ने सुरक्षा हालात की समीक्षा को लेकर की बैठक



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को मणिपुर में सुरक्षा हालात की समीक्षा को लेकर बैठक की, जहां एक वर्ष से अधिक समय से जातीय हिंसा का माहौल है। शाह ने मणिपुर में हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ अधिकारियों को कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं अधिकारियों ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारों तथा अन्य सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी इस संबंध में एक उच्च-स्तरीय बैठक में शामिल हुए।

मणिपुर की राज्यपाल अनुसूइया उइके ने रविवार को यहां शाह से मुलाकात की थी और समझा जाता है कि दोनों ने राज्य के मौजूदा हालात पर चर्चा की। बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में राज्य के पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद 3 मई, 2023 को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी। तब से जारी हिंसा में कुकी और मेइती समुदायों तथा सुरक्षा बलों के 220 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने 10 जून को मणिपुर में एक साल के बाद भी शांति नहीं कायम होने पर चिंता जताई थी। मोहन भागवत ने नागपुर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा था कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है।

### लोगों ने आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करने वाले ट्रकों को रोका

**इंफाल।** मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में तातबंग के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर सोमवार को इंफाल में आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करने जा रहे 100 से अधिक ट्रकों को लोगों ने रोक दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने जिरिबाम जिले में हुई हिंसा के विरोध में इंफाल-सिलचर राजमार्ग को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का आह्वान किया है। पुलिस ने कहा, इस बंद के समर्थकों में ज्यादातर महिलाएं हैं जिन्होंने जिरिबाम से इंफाल घाटी की ओर जा रहे ट्रकों को रोक दिया।

# पुलिस ने कन्नड हास्य अभिनेता चिक्कन्ना को भेजा नोटिस

**बेंगलुरु, एजेंसी**

**रेणुकास्वामी हत्या मामला**

रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रहे पुलिस दल ने सोमवार को कन्नड अभिनेता चिक्कन्ना को पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस दिया।

पुलिस रेणुकास्वामी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी दर्शन थूगुदीप और उसकी मित्र पवित्रा गौड़ा समेत 19 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि मुख्य रूप से हास्य भूमिकाओं में नजर आने वाले 37 वर्षीय चिक्कन्ना से पूछताछ करने का निर्णय लिया गया क्योंकि कथित तौर पर वह आठ जून की रात को दर्शन के साथ थे, जब अपराध को अंजाम दिया गया था।

वहीं एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी सिर्फ पूछताछ की बात है। हम जानना चाहते हैं कि क्या वह (चिक्कन्ना) मामले के बारे में जानते थे और उनके पास क्या जानकारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दर्शन के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर गौड़ा को सोशल मीडिया पर कुछ अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे 47 वर्षीय अभिनेता नाराज हो गए थे। मामले की अभी जांच जारी है।

# त्र्यंबकेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं से मारपीट के आरोप में मामला दर्ज

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दो श्रद्धालुओं के साथ कथित तौर पर मारपीट करने को लेकर वहां तैनात तीन सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना रविवार की सुबह त्र्यंबकेश्वर मंदिर में हुई, जहां इस बार लंबे सप्ताहांत के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पुलिस ने बताया कि 60 वर्षीय एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एक सुरक्षा गार्ड ने उसके बेटे को धक्का दिया तथा उसके साथ दुर्व्यवहार किया, जब वह मंदिर में भगवान के दर्शन कर रहा था। महिला ने आरोप लगाया कि बाद में कुछ गार्ड मंदिर के बाहर आए और उसके तथा उसके बेटे के साथ दुर्व्यवहार किया।

### केरल कांग्रेस ने विवादास्पद पोस्ट को लेकर ईसाइयों से माफी मांगी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल कांग्रेस ने सोमवार को ईसाई समुदाय से माफी मांगी। इससे एक दिन पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पोप फ्रांसिस के साथ उनकी हालिया मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर कटाक्ष किया था, जिससे राज्य में राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया था। कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से उक्त पोस्ट को भी हटा लिया है। कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई ने अपने एक्स हैंडल पर एक ताजा पोस्ट में कहा कि यदि ईसाई धर्मावलंबियों को कोई भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक पीड़ा हुई है तो वह उनसे बिना शर्त माफी मांगती है।

# दिल्ली में जल संकट भाजपा द्वारा प्रायोजित : संजय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आप के राज्यसभा सदस्य ने राजधानी के निवासियों के खिलाफ साजिश रचने का लगाया आरोप



आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में जल संकट भाजपा द्वारा जानबूझकर उत्पन्न किया गया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने भाजपा पर राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। इन आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

सिंह ने कहा-हमारा मानना है कि प्यासे को पानी पिलाने से ज्यादा पुण्य का काम नहीं होता और पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, पिछले कई दिनों से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल संकट है। जब मैं कह रहा हूं कि यह भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल संकट है, तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि भाजपा के लोग चाहते हैं कि दिल्ली के लोगों को पानी न मिले और इसके लिए भाजपा के लोग हरसंभव कोशिश कर रहे हैं कि कैसे भी करके दिल्ली में जल संकट हो। आप नेता ने कहा कि दिल्ली को हरियाणा से पानी मिलता है और जब भाजपा शासित राज्य आवश्यक पानी नहीं देता है तो पानी की कमी हो जाती है। उन्होंने कहा-दिल्ली में पानी कम हो रहा है, क्योंकि हमें हरियाणा से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है और इसके परिणामस्वरूप दिल्ली में जल संकट पैदा हो गया है। सिंह ने कहा कि दिल्ली को, उसका उचित हिस्सा देने के लिए हरियाणा सरकार से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उसे उसका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, "हम हरियाणा के लोगों के लिए पानी का हिस्सा नहीं मांग रहे हैं, हम दिल्ली के हिस्से का पानी मांग रहे हैं, आप वह भी नहीं देना चाहते।

### दिल्ली की मंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार से यमुना नदी में पानी छोड़ने की अपील की

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने सोमवार को वजीराबाद बैराज का दौरा किया और हरियाणा सरकार से यमुना नदी में पानी छोड़ने की अपील की। आतिशी ने कहा कि वजीराबाद बैराज को हरियाणा से पानी मिलता है, जो चंद्रावल, ओखला और वजीराबाद के जल उपचार संयंत्रों में जाता है। उन्होंने कहा, "अगर पानी नहीं मिलेगा, तो जल उपचार संयंत्र कैसे काम करेंगे। हम हरियाणा सरकार से अपील करते हैं कि दिल्ली के लोग चिंतित हैं और उन्हें यमुना नदी में पानी छोड़ना चाहिए।"

# पन्नू की हत्या की साजिश का आरोपी भारतीय नागरिक अमेरिका प्रत्यर्पित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य से प्रत्यर्पित कर दिया गया। रविवार को खबरों में यह बात सामने आई। गुप्ता (52) को सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोपों में अमेरिका की सरकार के अनुरोध पर पिछले साल चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था।

द वाशिंगटन पोस्ट ने सबसे पहले गुप्ता के प्रत्यर्पण की खबर जारी की। वह फिलहाल ब्रूकलिन में संघीय मेट्रोपॉलिटन हिरासत केंद्र में बंद है और वहां उसे बंदी के तौर पर रखा गया है। अखबार की खबर के अनुसार, गुप्ता, जिसे चेक गणराज्य में हिरासत में लिया गया था, को सप्ताहांत में न्यूयॉर्क लाया गया। मामले के जानकार लोगों ने नाम जाहिर नहीं होने के अनुरोध पर यह जानकारी दी है। संघीय अभियोजकों का आरोप है कि गुप्ता ने पन्नू की हत्या के लिए एक व्यक्ति को सुपारी दी थी और 15,000 डॉलर अग्रिम राशि का भुगतान किया था। उनका आरोप है कि भारत सरकार का एक अधिकारी इसमें शामिल था।

### द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ विस्तृत चर्चा की और इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से महत्वाकांक्षी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत-अमेरिका पहल (आईसीईटी) के क्रियान्वयन, द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया। सुलिवन 17 से 18 जून तक दिल्ली की यात्रा पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) सुलिवन के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें अमेरिका के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों देशों के एनएसए ने प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी विचार-विमर्श किया।

## पुतिन उ. कोरिया की यात्रा के दौरान किम से करेंगे मुलाकात

**सियोल।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंचेंगे। यह 24 वर्षों में पुतिन की उत्तर कोरिया की पहली यात्रा होगी। यह घोषणा दोनों देशों ने की। उम्मीद है कि पुतिन उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता सैन्य सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होगी।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि पुतिन किम के निमंत्रण पर मंगलवार और बुधवार को राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस बारे में तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी। रूस ने भी इस यात्रा की पुष्टि की।

# इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिजली गुल, यात्री सेवा प्रभावित

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार अपराह्न को थोड़ी देर के लिए बिजली गुल होने से चेक-इन और बोर्डिंग संचालन सेवा प्रभावित हो गयी। हवाई अड्डे पर बिजली गुल होने पर कई यात्रियों ने निराशा व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया एक्स का सहारा लिया और जमकर इससे संबंधित पोस्ट डाली।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने एक बयान में कहा, सोमवार अपराह्न करीब दो बजे दिल्ली हवाई अड्डे के मुख्य रिसीविंग सब-स्टेशन (एमआरएसएस) के ग्रिड में



इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिजली गुल होने पर परेशान यात्री।

वोल्टेज अचानक से तेजी से बढ़ गया, जो कथित तौर पर 765 केवी लाइन की ट्रिपिंग के कारण हुआ था। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) ग्रिड से हुए इस वोल्टेज असंतुलन से कुछ समय के लिए सभी आईजीआई टर्मिनलों की सेवाएं प्रभावित हुईं, जिससे सामान को यात्रियों के पास पहुंचाने संबंधी और ई-गेट सेवा भी प्रभावित हुई।

## मतभेदों का उचित समाधान निकालेंगे चीन-ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने सोमवार को कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ दोनों देशों के बीच मतभेदों का उचित तरीके से समाधान निकालने पर सहमति जताई है।

ली कियांग, अल्बनीज और दोनों देशों के वरिष्ठ मंत्रियों ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में मुलाकात की और व्यापार बाधाओं, अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच संघर्ष तथा ऑस्ट्रेलिया में महत्वपूर्ण खनिजों में निवेश करने की चीन की इच्छा सहित कई जटिल मुद्दों पर चर्चा की। ली शनिवार को एडिलेड और रविवार को राष्ट्रीय राजधानी कैनबरा पहुंचे।

## एक नजर

### पाकिस्तान की कार्रवाई में पांच आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार को बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर कबायली जिले में अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर प्रभावी ढंग से कब्ज़ा कर लिया और पांच आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किये गये।

### इक्वाडोर में भूस्खलन से आठ लोगों की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर के राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने सोमवार को बताया कि रविवार को भूस्खलन के कारण रिसॉर्ट शहर बानोस डी अगुआ सांता में सड़क मार्ग बंद हो गया और यहां स्थित घरों को नुकसान पहुंचा। इक्वाडोर के परिवहन एवं लोक निर्माण मंत्री रॉबर्टो लुके ने एक्स पर लिखा, हम राहत प्रयासों में मदद के लिए समन्वय कर रहे हैं और अधिक मशीनरी तैनात कर रहे हैं।

### अर्जेंटीना में डेंगू के पांच लाख से अधिक मामले


**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में इस साल अब तक डेंगू के 508,000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3 .29 गुना अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष के पहले 23 सप्ताहों में डेंगू के 508,867 मामले सामने आए, जो 2023 के 31वें सप्ताह में डेंगू की लहर के बाद से दर्ज किए गए कुल 526,030 मामलों का 96 .7 प्रतिशत है। मध्य क्षेत्र में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, जो कुल मामलों का 61 .6 प्रतिशत है, इसके बाद उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में 23 .1 प्रतिशत और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 13 .1 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अमेरिकी देश के 24 जिलों में से 19 में डेंगू फैल रहा है।

### यात्री विमान में लगी आग सुरक्षित उतारा गया

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में सोमवार को एक यात्री विमान के इंजन में आग लगने के बाद हवाई जहाज को एक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के लिए उड़ान भरने वाले वर्जिन ऑस्ट्रेलिया बोइंग 737-800 जेट विमान को आग लगने के कारण मार्ग बदलना पड़ा और हवाई जहाज को न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल शहर में उतारा गया।

# कवच प्रणाली युक्त नहीं था न्यू जलपाईगुड़ी मार्ग

## रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि मिशन मोड पर किया जा रहा है कवच का क्रियान्वयन



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त ट्रेन की बोगियां।

नयी दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर जहां सोमवार को सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी वहां कवच या ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली उपयोग में नहीं थी। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा, अभी यह वहां नहीं है।

मालगाड़ी के चालक की ओर से संभावित मानवीय भूल की ओर इशारा करते हुए सिन्हा ने कहा कि न्यू जलपाईगुड़ी के निकट टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट और कंचनजंघा एक्सप्रेस के गार्ड की भी मौत हो गई है।

सिन्हा ने कहा कि कवच का क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह 1,500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर पहले से ही क्रियाशील है, जबकि इस वर्ष के अंत तक इसमें 3,000 किलोमीटर और जोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के रेलवे नेटवर्क में कवच परियोजना का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सुरक्षा प्रणाली का उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिए।

वहीं त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने मारे गये त्रिपुरा के यात्री के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। साहा ने कहा कि दुर्घटना से प्रभावित त्रिपुरा के यात्रियों के इलाज पर आने वाला खर्च राज्य सरकार उठायेगी।

### इन ट्रेनों का बदला रूट



दुर्घटना स्थल पर जाते केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।

ट्रेन संख्या 19602 न्यू जलपाईगुड़ी उदयपुर सिटी साप्ताहिक एक्सप्रेस, 20503 डिब्रूगढ़-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12423 डिब्रूगढ़-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 01666 अगरतला-रानी कमलापति विशेष ट्रेन, 12377 सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार पदातिक एक्सप्रेस, 06105 नागरकोइल जंक्शन, डिब्रूगढ़ स्पेशल, 20506 नयी दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, 12424 नयी दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, 22301 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस, 12346 गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस, 12505 कामाख्या-आनंद विहार नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस, 12510 गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस, 22302 न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, 15620 कामाख्या-गया एक्सप्रेस, 15962 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस, 15636 गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस, 15930 न्यू तिनसुकिया-ताम्बरम एक्सप्रेस, 13148 बामनहाट-सियालदह उत्तर बंगा एक्सप्रेस, 22504 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी एक्सप्रेस, 13142 न्यू अलीपुरद्वार-सियालदाह तीस्ता तोरसा, 12344 हल्दीबाड़ी- सियालदाह दार्जिलिंग मेल, 12378 न्यू अलीपुरद्वार सियालदाह पदातिक एक्सप्रेस, 15651 गुवाहाटी-जम्मू तवी लोहित एक्सप्रेस और 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल परिवर्तित मार्ग से चलेंगी।

## भीषण रेल हादसों से दहला साल 2024

पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में सोमवार को मालगाड़ी ने सियालदाह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। भीषण हादसे में अब तक 15 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 60 से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कंचनजंघा एक्सप्रेस की कई बोगियां पटरी से उतर गईं। साल 2024 में हुए भीषण रेल दुर्घटनाओं के बारे में आपको अवगत कराते हैं।

- 18 जनवरी 2024 को झारखंड के गम्हरिया रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पार कर रहे चार लोग उत्कल एक्सप्रेस की चपेट आ गए थे। सभी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। नई दिल्ली-पुरी उत्कल एक्सप्रेस टाटानगर स्टेशन जा रही थी। गम्हरिया रेलवे स्टेशन के पास घने कोहरे के कारण रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान चार लोग तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए थे।
- 17 फरवरी 2024 को दिल्ली में जखीरा फ्लाईओवर के पास मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस मालगाड़ी में लोहे की शीट के रोल लोड थे। सराय रोहिल्ला रेलवे के पास एक मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। हादसे के बाद रेलवे की टीमों ने मरम्मत कार्य शुरू कर ट्रेनों का आवागमन सुगम किया। जानमाल का नुकसान नहीं हुआ था।
- 28 फरवरी 2024 को झारखंड के जामताड़ा और विद्यासागर स्टेशन के बीच कई लोगों पर ट्रेन चढ़ गई थी। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई थी। डाउन लाइन में बेंगलुरु-यशवंतपुर एक्सप्रेस गुजर रही थी। इस बीच लाइन के किनारे डाली गई गिट्टी का डस्ट उड़ रहा था, डस्ट को देखकर चालक को अंदेशा हुआ कि ट्रेन में आग लग गई है और धुंआ निकल रहा है। ड्राइवर ने ट्रेन रोकी और कई यात्री ट्रेन से उतर गए, इसी बीच अप में जा रही ईएमयू ट्रेन की चपेट में कई यात्री आ गए थे।
- 2 जून 2024 को पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद के माधोपुर के पास दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस टक्कर में दो ट्रेन ड्राइवर घायल हो गए थे। घायलों को श्री फतेहगढ़ साहिब सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब से राजिंदर अस्पताल पटियाला रेफर कर दिया गया था।

## जहाजों की टक्कर के लिए फिलीपींस जिम्मेदार : चीन

- फिलीपींस की सेना ने चीन के तटरक्षक के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया

ताइपे, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में विवादित स्प्रैटली द्वीप समूह के निकट सोमवार को एक चीनी जहाज और फिलीपींस के एक आपूर्ति जहाज के बीच टक्कर हो गई। चीन ने इस घटना के लिए फिलिपींस को जिम्मेदार ठहराया है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि फिलीपींस का एक आपूर्ति जहाज स्प्रैटली द्वीप समूह में जलमग्न चट्टान सेकंड थॉमस शोल के निकट जलक्षेत्र में घुस आया। स्प्रैटली द्वीप समूह पर, कई देश अपने-अपने क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करते हैं। फिलीपींस की सेना ने चीन के तटरक्षक के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया है।

चीनी तटरक्षक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीचैट पर एक बयान में कहा कि फिलीपींस का एक आपूर्ति जहाज चीन द्वारा बार-बार दी गयी चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए गैर-पेशेवर तरीके से एक चीनी जहाज के पास खतरनाक तरीके से पहुंच गया, जिसके परिणामस्वरूप टक्कर हो गयी। बयान के मुताबिक इस दुर्घटना के लिए पूरी तरह से फिलीपींस जिम्मेदार है। फिलीपींस सेना ने मनीला में कहा कि सेना मनुष्यों की वैध आवाजाही और आयंगिन शोल पर पुनःआपूर्ति मिशन को लेकर किसी तरह की परिचालन जानकारी पर चर्चा नहीं करेगी।

## नेतन्याहू ने प्रभावशाली वार कैबिनेट को भंग किया : इजराइली अधिकारी

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उस प्रभावशाली वार कैबिनेट (युद्ध मंत्रिमंडल) को भंग कर दिया है, जिसे गाजा में युद्ध का संचालन करने का काम सौंपा गया था।



अधिकारियों के मुताबिक, विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज़ के सरकार से बाहर चले जाने के बाद इस वार कैबिनेट को भंग कर दिया गया। बेनी गैंट्ज हमास के खिलाफ युद्ध के शुरुआती दिनों में इजराइल की गठबंधन सरकार में शामिल हुए थे। गैंट्ज ने मांग की थी कि नेतन्याहू की सरकार में अति-दक्षिणपंथी सांसदों को दरकिनार करने के लिए एक छोटा मंत्रिमंडल बनाया जाए। गेंट्ज, नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट इसके सदस्य थे और उन्होंने पूरे युद्ध के दौरान मिलकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इजराइली अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि उन्हें मीडिया के साथ इस बदलाव पर चर्चा करने का अधिकार नहीं है।

### गाजा में इजरायल के हवाई हमले में नौ की मौत

**गाजा, एजेंसी।** ईद-उल-अज़हा के एक दिन पहले मध्य गाजा में अल-बुरीज शरणार्थी शिविर पर इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले में कम से कम नौ फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने रविवार को नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि हवाई हमले में दो आवासीय घरों को निशाना बनाया गया, जिसमें छह बच्चों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रविवार तक गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 37,337 हो गई है, जबकि 85,299 लोग घायल हुए हैं। उधर, इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एद्राई ने रविवार को कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी में लड़ाई जारी है, जिसमें गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा भी शामिल है।

## राष्ट्र विरोधी गतिविधि बंद करे पीटीआई : सरकार

- कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा पाकिस्तानी सरकार की ऐसे लोगों पर नजर

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से राष्ट्र विरोधी गतिविधियां एवं दुष्प्रचार को बंद करने की अपील करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि वह मित्र देशों के साथ संबंधों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी अभियान चलाने में शामिल लोगों पर शिकंजा कसेगी।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) विदेशों में जिस तरह पाकिस्तान विरोधी गतिविधि चला रही है, पूर्व में वैसी कोई मिसाल नहीं मिलती। उन्होंने कहा, पाकिस्तान एक स्वतंत्र देश है और किसी दूसरे देश से वह निर्देश नहीं लेता। हम सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहते हैं। हालांकि, 2022 के अविश्वास प्रस्ताव के बाद से विदेशों में पाकिस्तान के खिलाफ बदनामीकारक अभियान शुरू हो गया है, जिसने पाकिस्तान विरोधी दुष्प्रचार को बढ़ावा दिया है। मलिक ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने दूसरे देशों में पाकिस्तान विरोधी अभियान को बढ़ावा देने के लिए लामबंदी करने वालों और जनसंपर्क कंपनियों को काम पर रखा है।

## बॉलीवुड हलचल

### 15 नवंबर को प्रदर्शित होगी शुजित सरकार की फिल्म

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार शुजित सरकार की आने वाली फिल्म 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शुजित सरकार की आने वाली फिल्म एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते की कहानी है। इस फिल्म में महानायक अमिताभ बच्चन के सुपुत्र अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका है। शुजित सरकार ने कहा, पिता-बेटी के रिश्ते वाकई खास होते हैं। उनमें अपनी अजीबोगरीब चीजें और चुनौतियां होती हैं। साथ ही, मुझे लगता है कि यह सबसे कम चर्चित या प्रस्तुत किए जाने वाले रिश्तों में से एक है, जिसमें खूबसूरत कहानियों की बहुत गुंजाइश है। पीकू एक ऐसी कहानी थी जिससे मैं तुरंत जुड़ गया, और मैं इसे बहुत कुछ पेश कर सका। इसी तरह, मेरी अगली फिल्म भी एक पिता और बेटी के बीच के मधुर बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है और आपको उनकी भावनात्मक यात्रा के साथ यात्रा कराती है और हम 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दुनिया भर के दर्शकों के सामने यह दिल को छू लेने वाली कहानी लाने के लिए तैयार हैं।

### सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे सन्नी देओल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल अपनी आने वाली फिल्म सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे। सन्नी देओल ने हाल ही में बॉर्डर 2 अनाउंस की है। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। सन्नी देओल की अब एक और फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। सन्नी की इस फिल्म का नाम है सूर्या है ,जो वर्ष 2018 में रिलीज हुई मलयालम फिल्म जोसेफ का रीमेक है। सन्नी देओल ने वर्ष 2022 में फिल्म सूर्या का काम शुरू किया था, लेकिन काम खत्म नहीं हो पाया था . लेकिन अब इस फिल्म का काम एक बार फिर से शुरू होने वाला है। कहा जा रहा है कि सन्नी देओल फिर से फिल्म सूर्या की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इसी साल नवंबर तक फिल्म सूर्या की शूटिंग खत्म हो जाएगी।



### शबाना आजमी को पसंद आयी फिल्म चंदू चैंपियन

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री शबाना आजमी को कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन बेहद पसंद आयी है। कबीर खान के निर्देशन में बनी कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। इस फिल्म को लोगों से मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। शबाना आजमी ने अपने पति जावेद अख्तर के साथ फिल्म चंदू चैंपियन देखी। शबाना आजमी ने कार्तिक और कबीर खान के काम की तारीफ की। शबाना आजमी ने कहा कि चंदू चैंपियन बेहतरीन फिल्म है।मैं तो रो-रो के पागल हो गई और कार्तिक का काम बहुत अच्छा था। कबीर ने बहुत अच्छा काम किया। मैंने बहुत दिनों के बाद कबीर की फिल्म देखी। कहानी ने हमें सेकंड हाफ में भी बांधे रखा।फिल्म देखते हुए मैं रोना बंद नहीं कर पाई। चंदू चैंपियन प्रेरणादायक कहानी है।

**खगोल विज्ञान** उत्तरी गोलार्ध में शनिवार से लंबा होने लगेगा रात का समय


# 21 जून का दिन होगा वर्ष का सबसे बड़ा दिन

- जून संक्रांति पर उत्तरी गोलार्ध में 23.5 डिग्री के कोण पर झुका होता है सूर्य
- इसके बाद दिसंबर तक दिन की अवधि छोटी होती चली जाएगी और रातें लंबी होती चली जाएंगी

अमृत विचार, नैनीताल

दिन व रात का अपना सफर एक सामान्य प्रक्रिया होने के बावजूद हमारे जीवन में गहरी छाप है। 21 जून को वर्ष का सबसे बड़ा दिन होगा। इसके बाद रात का अंधियारा बढ़ना शुरू हो जाएगा। यह प्रक्रिया निरंतर दिसंबर तक जारी रहेगी।

21 जून को जून संक्रांति कहा जाता है। इस दिनसूर्य उत्तरी गोलार्ध में अपने सबसे उत्तरी बिंदु पर पहुँच जाता है। यह बिंदु आकाशीय कर्क रेखा पर है, जो आकाश के समानांतर होता है और भूमध्य रेखा से 23.5 डिग्री उत्तर में मौजूद होता है। या कहें कि जून संक्रांति पर सूर्य उत्तरी गोलार्ध में 23.5 डिग्री के कोण पर झुका होता है। कर्क रेखा में दोपहर के समय सूर्य सीधे सिर के ऊपर होता है। इसी दौरान दक्षिणी गोलार्ध में स्थिति उत्तरी गोलार्ध के विपरीत होती हैं। यानी दिन छोटा व रात लंबी होती है। पृथ्वी पर कोई भी संक्रांति पृथ्वी के अपनी धुरी पर झुके होने और सूर्य के चारों ओर अपनी कक्षीय गति के कारण होती है। पृथ्वी के अपनी धुरी पर 23.5 डिग्री झुकी होने के कारण न केवल दिन रात के समय में अंतर आता है, बल्कि मौसम परिवर्तन की सबसे बड़ी वजह भी यही है। सर्दी और गर्मी का एहसास इसी वजह से होता है। जून संक्रांति 20 से 22 जून के बीच पड़ती है। इस वर्ष 21 जून को है। इसके बाद दिसंबर तक दिन की अवधि छोटी होती चली जाएगी और रातें लंबी होती चली जाएंगी।




पृथ्वी पर दिन व रात का चित्र।

### इन दिनों सर्वाधिक दूर होता है सूर्य

**नैनीताल :** भले ही इन दिनों तपा देने वाली भीषण गर्मी पड़ रही हो, लेकिन हकीकत में सूर्य उत्तरी गोलार्ध में हमसे सबसे दूर होता है। इसकी तुलना में सर्दियों में हमारे सर्वाधिक करीब होता है और तब थरथराने वाली ठंड का सामना करना पड़ रहा होता है। पृथ्वी के अपने अक्ष में झुकाव के कारण यह परिवर्तन आता है, जबकि दक्षिणी गोलार्ध में स्थिति उत्तरी गोलार्ध के विपरीत होती है।